फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 76 संख्या: 196 प्रभात जयपुर, मंगलवार 17 फरवरी, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



Discovering Snow-Mobiling In Kazakhstan

If you're travelling with kids, be sure to treat them to the truffle French fries, they're an irresistible indulgence that both adults and children will love

Lights Faded The Truth Walked In

Egyptian Doctors Were Ahead of Their Time

# मणिशंकर अय्यर कांग्रेस पार्टी में हैं, या नहीं?

## अय्यर पुरजोर ढंग से दावा कर रहे हैं कि वो कांग्रेस के सदस्य हैं, पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा कहते हैं कि मणिशंकर अय्यर कांग्रेस के सदस्य नहीं हैं और सार्वजनिक रूप से वो जो भी कहते हैं, वो उनके व्यक्तिगत विचार ही हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। मणिशंकर अय्यर कांग्रेस पार्टी में हैं या नहीं? मणिशंकर अय्यर का कहना है कि वे कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं, जबकि पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा का कहना है कि अय्यर कांग्रेस पार्टी में नहीं हैं और वे अपनी व्यक्तिगत हैसियत से बोलते हैं।

मणिशंकर अय्यर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की सराहना की है और कहा कि वे राज्य में सत्ता में वापस आएंगे, न कि कांग्रेस पार्टी।

अपने विशेष अंदाज में मणिशंकर ने कहा कि कांग्रेस के नेता वामपंथियों की बजाय, एक-दूसरे से ज्यादा नफरत करते हैं, जबकि वामपंथियों के खिलाफ उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव लड़ना है।

इस बयान ने केरल और दिल्ली दोनों ही जगह कांग्रेस नेताओं को नाराज़ कर दिया है, क्योंकि पार्टी को पूरा यकीन

- प्रत्युत्तर में मणिशंकर ने टिप्पणी की कि अगर कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा जैसे लोग हैं तो पार्टी इसी स्थिति में बनी रहेगी, जिस स्थिति में आज है।
- मणिशंकर अय्यर ने केरल के मार्क्सवादी पार्टी के नेता व राज्य के मुख्यमंत्री विजयन की प्रशंसा करते हुए यह भी कहा कि विजयन पुनः मु.मंत्री बनकर लौटेंगे, क्योंकि केरल के कांग्रेस पार्टी के नेता, एक-दूसरे के जितने खिलाफ हैं उतने मार्क्सवादी पार्टी के खिलाफ नहीं हैं।
- मणिशंकर अय्यर की इस टिप्पणी से कांग्रेस पार्टी बहुत क्षुब्ध है, क्योंकि प्रदेश के नेता व दिल्ली का हाईकमान तो यह मानकर चल रहा है कि केरल में अगले चुनाव में पार्टी अवश्य जीत कर आएगी और सरकार बनाएगी।

है कि वह केरल में जीत हासिल करेगी और वहां से वामपंथियों को उखाड़ फेंकेगी।

मणिशंकर अय्यर मुंहफट और बडबोले नेता हैं और बोलने से कोई कोताही नहीं बरतते। वे कई बार कांग्रेस से बाहर गए और फिर लौटे, और उनके आसपास विवाद हमेशा बने रहते हैं।

वे राजीव गांधी के करीबी थे, लेकिन राहुल या प्रियंका गांधी से उनकी कोई खास नहीं बनती। राहुल की मंडली और शशि थरूर जैसे सांसदों की वे कड़ी आलोचना करते हैं, जिन्हें वे "एंटी-पाकिस्तान" कहते हैं, और उनका कहना है कि शशि थरूर विदेश मंत्री बनना चाहते हैं।

मणिशंकर का कहना है कि अगर कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा जैसे लोग होंगे, तो पार्टी का यही हाल रहेगा।

उन्होंने एक एआईसीसी सत्र के दौरान नरेन्द्र मोदी को चायवाला कहा था, और यह बयान एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया, जिसने भाजपा और मोदी के पक्ष में काम किया और कांग्रेस को 2014 के आम चुनावों में बुरी तरह नुकसान पहुँचाया, जब मोदी सत्ता में आए और कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया।

मणिशंकर अय्यर एक "दिशाहीन मिसाइल" की तरह हैं और यह देखना होगा कि क्या पार्टी एक बार फिर उनके खिलाफ कार्रवाई करती है।

# जेईई मेन्स सत्र-1 का परिणाम घोषित

नई दिल्ली, 16 फरवरी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन 2026 सत्र-1 (पेपर-1 बी.ई./बी.टेक.) का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया। इस वर्ष कुल 12 अभ्यर्थियों ने 100 परसेंटाइल (परफेक्ट एनटीए स्कोर) प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किया है।

एनटीए द्वारा जारी विज्ञिप्त के अनुसार, 100 परसेंटाइल प्राप्त करने वालों में श्रेयस मिश्रा (दिल्ली एनसीटी), नरेंद्रबाबू गारी माहिथ (आंध्र प्रदेश), शुभम कुमार (बिहार), कबीर छिल्लर (राजस्थान), चिरंजीब कर

- 12 अभ्यर्थियों को मिले 100 पर्सेंटाइल, इनमें सबसे ज्यादा 3 राजस्थान के।

(राजस्थान), भावेश पात्रा (ओडिशा), अनय जैन (हरियाणा), अर्णव गौतम (राजस्थान), पासला मोहित (आंध्र प्रदेश), माधव विरादिया (महाराष्ट्र), पुरोहित निमय (गुजरात) और विवान शरद माहिश्वरी (तेलंगाना) शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि 100 परसेंटाइल लगभग शीर्ष अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) की गारंटी माना जाता है और इससे अभ्यर्थियों के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी)

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# योगी आदित्यनाथ, भाजपा के "मणिशंकर अय्यर" हैं?

## योगी ने दिल्ली की सरकार, दिल्ली की नगर परिषद व केन्द्रीय सरकार को कठघरे में खड़ा किया, प्रदूषण के मुद्दे पर

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नई दिल्ली को "गैस चेंबर" बताए जाने से राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है और इससे सत्तारूढ़ पार्टी को भी असहज स्थिति का सामना करना पड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी हाल के दिनों में विपक्ष के निशाने पर रहे हैं। विपक्ष ने जेफ्री एप्स्टीन से जुड़े दस्तावेजों में उनके नाम का जिक्र होने पर सवाल उठाए हैं। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी आरोप लगा रहे हैं कि भारत सरकार अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में अमेरिकी दबाव के आगे झुक गई।

केन्द्र सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम - तीनों ही भाजपा सत्ता में है। उत्तर प्रदेश सरकार भी भाजपा की ही है। ऐसे में दिल्ली के प्रदूषण पर योगी आदित्यनाथ की

- योगी ने गोरखपुर में कहा कि दिल्ली एक गैस चैम्बर बना हुआ है। प्रदूषण के कारण आँखें जलती हैं, सांस लेने में तकलीफ होती है तथा बच्चों, बुजुर्गों व अस्वस्थ प्राणियों को अधिकृत रूप से सलाह दी जा रही है कि घर पर ही बने रहें, घर से बाहर न निकलें, प्रदूषण के कारण।
- योगी काफी कुछ सच कह रहे हैं, चाहे उनके शब्द, ज्यादा कर्णप्रिय नहीं हैं, भाजपा को। क्योंकि, गोरखपुर में गत रविवार को ए.क्यू.आई 97 था, जबकि दिल्ली की संभ्रात कॉलोनी आनंद विहार में 239 था।
- चर्चा यह है कि भाजपा गुजरात का विकास मॉडल खूब प्रचारित कर रही, पर, योगी प्रतिस्पर्धा में यूपी को प्रदूषण रहित स्वस्थ वातावरण वाले मॉडल के रूप में खड़ा कर रहे हैं। मोदी के बाद, सत्ता की दौड़ में अपने आपको अग्रणी रखने के लिए।

टिप्पणी को भाजपा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव जैसा माना जा रहा है। गोरखपुर में बोलते हुए योगी ने कहा बताया है, "दिल्ली जाना गैस चेंबर में जाने जैसा है। वहां हमें घुटन महसूस

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'शशि थरूर की नज़र विदेश मंत्री के पद पर है'

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अय्यर ने एक न्यूज़ चैनल को दिए इंटरव्यु में यह दावा भी किया कि कांग्रेस केरल में चुनाव नहीं जीतेगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने एक बार फिर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को शर्मिंदा कर दिया है। एनडीटीवी के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं पर विवादास्पद बयान दिए, जिनमें शशि थरूर, जयराम रमेश और पवन खेड़ा शामिल हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस केरल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी, क्योंकि कांग्रेस के नेताओं को "जितनी नफरत कम्यूनिस्टों से है, उससे कहीं ज्यादा नफरत वे एक दूसरे से करते हैं।"

अय्यर का यह सनसनीखेज बयान, उनके द्वारा केरल के मुख्यमंत्री और माकपा नेता पिनाराई विजयन की हाल ही में की सराहना के बीच आया है, जिसमें उन्होंने यह भविष्यवाणी की थी कि वामपंथी नेता आगामी चुनावों के बाद भी मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे।

- अय्यर ने कहा कि केरल में वाम मोर्चा फिर से सत्ता में आएगी और पिनाराई विजयन फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे।
- कांग्रेस ने अय्यर के बयानों से दूरी बनाते हुए कहा कि अय्यर निजी हैसियत से बात करते हैं, पार्टी का इससे कोई लेना देना नहीं है।

कांग्रेस ने अय्यर के बयान से खुद को अलग कर लिया है, और पार्टी के नेता पवन खेड़ा ने कहा कि अय्यर का कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है और वे व्यक्तिगत रूप से बोल रहे हैं।

एनडीटीवी से बात करते हुए, अय्यर ने पवन खेड़ा को "कठपुतली" बताया और कहा कि वे पार्टी के प्रवक्ता नहीं हैं। उन्होंने कहा, "वे पिछले दो सालों से मुझ पर आरोप लगा रहे हैं। अगर कांग्रेस पार्टी को पवन खेड़ा के अलावा कोई और प्रवक्ता नहीं मिल रहा है, तो उसका यही हाल रहेगा, जो इस समय है।"

# 'एक्स' में तकनीकी फॉल्ट

नई दिल्ली,16 फरवरी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स-(पहले ट्विटर) सोमवार शाम से अचानक से डाउन हो गया। भारत समेत कई देशों में यूजर्स ने शिकायत की कि वे न तो पोस्ट

- दुनिया भर के लाखों यूज़र्स परेशान।

देख पा रहे हैं और न ही नए अपडेट शेयर कर पा रहे हैं। भारत समेत दुनियाभर के लाखों यूजर एक्स के डाउन होने से परेशान हैं। डाउनडिटेक्टर डॉटकॉम के अनुसार, शाम 6 बजकर 53 मिनट पर 52 फीसदी ऐप यूजर्स को इस तकनीकी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था, जबकि फीड और टाइमलाइन अपलोडिंग में 21 फीसदी यूजर्स को परेशानी हो रही थी। इसके अलावा लगभग 17 फीसदी यूजर्स ने एक्स की वेबसाइट पर टेक्निकल दिक्कत की बात रिपोर्ट की है।

# अब पुन: "उद्योग" की कानूनी परिभाषा निर्धारित होगी

## सुप्रीम कोर्ट इसके लिए नौ-सदस्यीय कॉन्स्टिट्यूशन बैंच गठित करेगा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड, 2020 और उससे पहले के कानून के तहत, इंडस्ट्री की परिभाषा तय करने के लिए नौ जजों की संविधान पीठ बनाएगा।

संविधान पीठ 1975 में दिए गए सात जजों की पीठ के फैसले, बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड (बी.डब्ल्यु.एस.एस.बी.) बनाम आर. राजप्पा की सही व्याख्या पर फैसला करेगी।

निर्णय लिया जाएगा कि क्या सरकारी विभागों या सरकारी संस्थाओं द्वारा चलाई जा रही सामाजिक कल्याण योजनाओं को औद्योगिक गतिविधि माना जा सकता है? तथा राज्य की कौन-सी गतिविधियां इस कानून के दायरे में आएंगी और क्या ऐसी गतिविधियां इंडस्ट्री की परिभाषा से

- 1975 में सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय बैंच ने "इण्डस्ट्री" (उद्योग) की परिभाषा स्थापित की थी, पर, अब महसूस किया जा रहा है कि शायद 1975 में निर्धारित परिभाषा की सार्थकता का पुनः अवलोकन जरूरी हो गया है।
- उदाहरण के लिए, सरकार की "सोशल वेलफेयर" गतिविधियां व योजनाएं उद्योग की परिभाषा में आती हैं क्या?
- क्लबों, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थाओं के कर्मचारियों को भी यूनियन बनाने व प्रबधकों से सार्वजनिक "बारगेनिंग" करने का पूर्ण अधिकार है और कानूनी सुरक्षा प्राप्त करना जायज है, "इण्डस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट" (औद्योगिक विवाद अधिनियम) के अन्तर्गत आदि, आदि।

बाहर मानी जाएंगी?

बीडब्ल्यूएसएसबी मामले में, कोर्ट ने यह तय करने के लिए तीन शर्तों वाला टैस्ट बनाया था कि कोई एन्टरप्राइज़ "इंडस्ट्री" की परिभाषा में आता है या नहीं और एन्टरप्राइज़ इस तरह उस पर लेबर कानून लागू होंगे या नहीं। फैसले में कहा गया था कि अगर कोई संस्था नियमित रूप से काम करती है, उसमें नियोक्ता और कर्मचारी के बीच संगठित सहयोग होता है और वह लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वस्तुओं या सेवाओं का उत्पादन या वितरण करती है, तो उसे इंडस्ट्री माना जाएगा।

इस फैसले के बाद क्लब, अस्पताल और शैक्षिणक संस्थानों जैसे कई क्षेत्रों के कर्मचारियों को भी श्रम कानूनों का लाभ मिलने लगा था, जिसमें यूनियन बनाने और सामूहिक बातचीत करने का अधिकार शामिल है।

# जस्टिस संधु ने काला हिरण शिकार मामले में सुनवाई से इंकार किया

जोधपुर, 16 फरवरी (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट में बहुचर्चित काला हिरण शिकार मामले में सोमवार को नया मोड़ आ गया। जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू ने इस मामले की सुनवाई करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने फाइल को किसी अन्य बेंच के समक्ष प्रस्तुत करने

- कोर्ट ने फाइल को किसी अन्य बैंच के सामने प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले की अगली सुनवाई दूसरी बेंच करेगी।

जानकारी के अनुसार, साल 1998 के इस मामले में फिल्म अभिनेता सलमान खान की सजा के खिलाफ अपील और राज्य सरकार की ओर से सह-आरोपियों को बरी करने के खिलाफ दायर लीव टू अपील पर संयुक्त सुनवाई होनी थी। तकनीकी प्रक्रियाओं और बेंच बदलने के कारण अब इस मामले की कानूनी प्रक्रिया में नया समय तय होगा।

इस केस में सलमान खान, सैफ अली खान, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और नीलम से कई बार पूछताछ की गई थी। मामला सितंबर-अक्टूबर 1998 का है, जब फिल्म "हम साथ साथ हैं" की शूटिंग के दौरान कांकाणी गांव की सरहद पर दो काले हिरणों का शिकार किया गया था। निचली अदालत ने सलमान खान को दोषी मानते हुए 5

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# प्रधानमंत्री ने भिवाड़ी हादसे पर दुख जताया

नई दिल्ली, 16 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राजस्थान के भिवाड़ी में आग लगने की घटना पर दुख जताया। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर दुख व्यक्त करते हुए लिखा कि राजस्थान के

- उन्होंने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

भिवाड़ी में आग लगने की घटना अत्यंत दु:खद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान के भिवाड़ी के खुशखेड़ा करौली औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्लॉट संख्या जी1/118बी में सोमवार सुबह अग्निकांड की घटना सामने आई, जहां संचालित एक निजी औद्योगिक इकाई में अचानक आग लग गई। इस हादसे में अब तक सात लोगों के मौत की सूचना है।

# भारत की सावलकोट हाइड्रो इलैक्ट्रिक योजना से पाकिस्तान में फैली घबराहट

## पाकिस्तान के मीडिया में इस परियोजना को भारी कवरेज दिया जा रहा है और इसे उकसाने वाली हरकत बताया जा रहा है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। चिनाब नदी पर बनी 1,856 मेगावाट की सावलकोट जलविद्युत परियोजना के औपचारिक शुभारंभ पर पाकिस्तान में तीव्र राजनीतिक और मीडिया प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है, जो जम्मू और कश्मीर में भारत के नवीनतम कदम के सामरिक महत्व को रेखांकित करती है। घटनाक्रम की पहली रिपोर्ट सीएनएन न्यूज़-18 द्वारा की गई थी और इसे इंडस वॉटर ट्रीटी को निलंबित किए जाने के बाद भारत द्वारा उठाया गया पहला महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर कदम माना जा रहा है, एक ऐसा कदम, जो नदी जल प्रबंधन पर एक सख्त रुख की ओर इशारा करता है।

सावलकोट परियोजना के शुभारंभ को सीमा पार अधिक महत्व से देखा जा रहा है, इसे केवल एक सामान्य पावर-सेक्टर निर्णय से कहीं अधिक माना जा रहा है। पाकिस्तान के टेलीविजन नेटवर्क और प्रमुख समाचार पत्रों ने इस घोषणा को व्यापक कवरेज दी है, और इसे दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे जल विवाद में एक महत्वपूर्ण वृद्धि के रूप में पेश किया है। टिप्पणीकारों ने इसे कड़े शब्दों में बताया है, और आरोप लगाया है कि भारत का उद्देश्य डाउनस्ट्रीम जल प्रवाह को बदलना है। कुछ विशेषज्ञ पैनल इसे जल नियंत्रण के माध्यम से दबाव डालने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा मानते हैं।

इस्लामाबाद ने औपचारिक रूप से प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तान के विदेश

- पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताया और कहा, पाकिस्तान अपने हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।
- पाकिस्तान के इंडस वॉटर कमिश्नर ने भारत में इंडस वॉटर कमिश्नर को चिट्ठी भेज कर विचार-विमर्श का आग्रह किया है।
- इधर भारत का दावा है कि सावलकोट परियोजना नई नहीं है। इस जगह को सबसे पहले 1960 में चिन्हित किया गया था। फिर 1962-71 में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने इसका आकलन किया था।
- वर्ष 2018 में केन्द्र सरकार को भेजी गई विस्तृत रिपोर्ट से पता लगता है कि इस प्रोजैक्ट पर शुरुआत तो 60 के दशक में ही हो गई थी।

मंत्रालय ने इसे "गंभीर चिंता का विषय" बताते हुए 1960 की इंडस वॉटर ट्रीटी के तहत पाकिस्तान के अधिकारों की रक्षा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। अधिकारियों ने पुष्टि की कि भारत से विस्तृत तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के लिए अनुरोध भेजे गए हैं और यह मुद्दा स्थायी इंडस आयोग तंत्र के माध्यम से उठाया गया है। पाकिस्तान के इंडस जल आयुक्त ने हाल के महीनों में अपने भारतीय समकक्ष को पत्र लिखकर, समझौते के तहत विचार-विमर्श की मांग की है।

नई दिल्ली ने हालांकि यह कहा है कि परियोजना पूरी तरह से भारत के कानूनी और संप्रभु अधिकारों के तहत आती है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े निर्णय भारत के अपने अधिकारों के मूल्यांकन और व्याख्या द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। भारतीय अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि सावलकोट एक "रन-ऑफ-द-रिवर" जलविद्युत योजना" के रूप में संरचित है, एक श्रेणी, जिसे इंडस वॉटर ट्रीटी के तहत स्पष्ट रूप से अनुमति दी गई है और इसमें चेनाब बेसिन के बाहर जल परिवहन शामिल नहीं है।

इस कदम की गंभीरता इसके पैमाने और समय, दोनों बातों में निहित है और 1,856 मेगावाट क्षमता के साथ, सावलकोट चेनाब प्रणाली पर सबसे बड़े जलविद्युत संसाधनों में से एक होगा, जो जम्मू और कश्मीर में नदी प्रवाह का दोहन करने की भारत की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

जैसे जीने के लिए मृत्यु का अस्वीकरण ज़रूरी है वैसे ही सृजनशील बने रहने के लिए प्रतिष्ठा का अस्वीकरण ज़रूरी है। -डॉ. रघुवंश

# पीएम केयर्स फंड - आर.टी.आई. के दायरे से बाहर क्यों?

कोविद-19 की समस्याओं से निपटने के लिए भारत सरकार द्वारा एक पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट पीएम केयर्स फंड (Prime Minister's Citizen Assistance and Relief in Emergency Situations Fund) मार्च 2020 में बनाया गया। इसका पंजीयन रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1908 में किया गया। इसका उद्देश्य प्रमुख रूप से किसी भी प्रकार की जनस्वास्थ्य आपदा, प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाना और उससे उत्पन्न स्थितियों का मुकाबला करने के लिए फंड की व्यवस्था करना था।

इस फंड के अध्यक्ष प्रधानमंत्री और सदस्य गृहमंत्री एवं रक्षा मंत्री हैं। प्रधानमंत्री ने दो और ट्रस्टी न्यायमूर्ति के टी थॉमस और कारिया मुंडा को नियुक्त किया। ट्रस्टी मंडल ने राजीव महर्षि, सुधा मूर्ति और आनंद शाह को फंड के सलाहकार मंडल में नियुक्त किया।

इस फंड में दिये गये दान की 100 प्रतिशत धनराशि आयकर अधिनियम की धारा 80 (जी) के अंतर्गत आयकर से मुक्त है। इस फंड में दी गई राशि को सी एस आर के अंतर्गत भी मान्यता प्राप्त है। इसका अर्थ यह हुआ कि कोई भी कंपनी या सरकारी उपक्रम इस फंड में राशि जमा कराएगा तो वह आयकर से मुक्त होगी। इस फंड के बारे में इसकी वेब साइट पर अंतिम सूचना 31 मार्च, 2023 तक की ही उपलब्ध है। जब इस फंड में तब कुल 6100 करोड़ रुपए शेष थे। इसके बाद की कोई सूचना वेब साइट पर उपलब्ध नहीं है।

यह फंड स्थापना के समय से ही विवादों में घिरा रहा है। विवादों का प्रमुख कारण इसके संचालन में पारदर्शिता और जवाब देही का पूर्णतया अभाव रहा। हाल ही में प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार इससे संबंधित प्रश्नों को संसद के दायरे से भी बाहर कर दिया गया है। अब इस फंड के बारे में कोई भी प्रश्न किसी सांसद द्वारा नहीं पूछा जा सकता है।

इस फंड की स्थापना से ही इसे नियंत्रक और महालेखाकार (सी ए जी) के नियंत्रण से बाहर रखा गया अर्थात अन्य सरकारी विभागों की तरह इसकी ऑडिट कैग द्वारा नहीं की जा सकती। किसी निजी चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा अन्य कंपनियों की तरह इसकी ऑडिट होती है। इसका मुख्यालय प्रधानमंत्री कार्यालय है। हाल ही में प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि पीएम केयर फंड 'पब्लिक अथॉरिटी' की परिभाषा में नहीं आता है, अतः इस पर ''सूचना का अधिकार कानून'' लागू नहीं होता है। इसके बारे में किसी भी प्रकार के प्रश्न का उत्तर देने के लिए सरकार संसद में बाध्य नहीं है। एक प्रकार से, इस फंड में जमा राशि का उपयोग इसके ट्रस्टी अपनी इच्छानुसार कर सकते हैं।

पीएम केयर फंड की स्थापना के बाद इसकी जवाब देही सुनिश्चित करने और इसे आर टी आई कानून के दायरे में लाने के लिए विभिन्न उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में अनेक याचिकाएं दायर की गई थीं जिन्हें खारिज कर दिया गया था। इस फंड में लगभग 3000 करोड़ रुपए पहले ही साल में भारत सरकार के कई उपक्रमों द्वारा जमा करवाए गए। उल्लेखनीय है कि इसमें राशि जमा कराने के लिए आव्हान करते समय प्रधानमंत्री ने सभी सार्वजनिक उपक्रमों को लिखा था। इस फंड के बारे में वेबसाइट पर जो सूचना उपलब्ध है, उसमें सरकारी राज्य चिन्ह अशोक स्तंभ का इस्तेमाल किया गया है। वर्तमान स्थिति में इस फंड के प्रबंधन का अधिकार प्रधानमंत्री और उनके द्वारा नामित अधिकारियों के पास है। सार्वजनिक उपक्रमों के लिए भी इस फंड में राशि जमा करना बहुत सरल था क्योंकि इसे सी एस आर के लिए मान लिया गया था। जब इस फंड को सारी सुविधाएं और इसका सारा स्वरूप ही सरकारी फंड की तरह है तो इस पर नियंत्रण सी ए जी का होना चाहिए था। इसे संसद और आर टी आई एक्ट से बाहर करना अपारदर्शिता को बढ़ाता है। जनता के पैसे को मनमानी तरह से खर्च करने की छूट देना उचित प्रतीत नहीं होता है।

पीएम केयर फंड की राशि किन-किन कार्यों पर व्यय की गई एवं कैसे की गई यह किसी को नहीं पता। इसकी जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं होने के कारण इस पर कोई प्रश्न भी नहीं उठा सकता। इसी से विभिन्न आशंकाएं को जन्म मिलता है और अपारदर्शिता और जवाब देही का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है।

**पीएम केयर्स फंड में जमा राशि किसी की व्यक्तिगत राशि नहीं है अपितु अधिकांशतया सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा जमा की गई है। किसी प्रकार का खुलापन न रखना और इस पर किसी प्रकार की बहस से बचना सरकार की नीयत पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय से अपेक्षा है कि वह अपने पुराने आदेशों में संशोधन करते हुए सरकार को निर्देश दे कि इस फंड की ऑडिट सीएजी के द्वारा की जाए एवं इसके संबंध में सूचनाएं, सूचना के अधिकार कानून के अंतर्गत आम नागरिकों को प्राप्त करने का अधिकार हो।**

जब सरकार की नीयत में किसी प्रकार की खोट नहीं है तो फिर इसके खर्चों की जानकारी सार्वजनिक न करना, विभिन्न प्रकार के संदेह उत्पन्न करता है।

यह भी स्पष्ट नहीं है कि जब पहले से ही प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष और मुख्यमंत्री राहत कोष जैसे फंड उपलब्ध थे, तो फिर कोविद-19 की आड़ में एक नया ''पीएम केयर्स फंड'' बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी? इसका कोई औचित्य समझ में नहीं आता। इस फंड में कई प्राइवेट कंपनियों/व्यक्तियों द्वारा भी दान दिया गया किंतु प्रमुख रूप से सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा दान दिया गया। किसी भी व्यक्ति के लिए इस फंड में राशि जमा कराने से मना करना इसलिए भी संभव नहीं था कि फंड के अध्यक्ष स्वयं प्रधानमंत्री हैं। किसी भी सार्वजनिक उपक्रम के लिए प्रधानमंत्री की अपील, आदेश के ही समान होती है।

पारदर्शिता और जवाबदेही किसी भी लोकतांत्रिक संस्था के बारे में विश्वास उत्पन्न करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन दोनों का ही पूर्णतया अभाव पीएम केयर्स फंड के संचालन में दिखाई देता है। इसका कोई औचित्य नहीं है कि इस फंड को कैग तथा आर टीआई के दायरे से बाहर रखा जाए। जब इसमें राशि जमा करते समय सरकार द्वारा आग्रह किया जाता है और इसके लेटर हेड पर अशोक स्तंभ का उपयोग होता है तो फिर इसे सरकारी फंड क्यों नहीं माना जाना चाहिए? इसके संचालन के तरीके पर प्रश्न उठते रहे हैं एवं यह भी सुना गया कि इसके माध्यम से बहुत सारे अनावश्यक खर्च किए गए।

किसी भी प्रकार की जानकारी के अभाव में इस बारे में कुछ भी निश्चित रूप से कहा जाना संभव नहीं है। विभिन्न उच्च न्यायालयों एवं सुप्रीम कोर्ट में इसके बारे में जब भी याचिका दायर की गई तो उन्हें भी न्यायालय द्वारा या तो खारिज कर दिया गया या उन्हें अभी तक लंबित रखा गया है।

सरकार ने गत संसद सत्र में अपनी जवाब देही को टालते हुए न तो इस फंड से संबंधित प्रश्नों को उठाने की अनुमति दी अपितु लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जब ज़ेंग्ह फाइल और जनरल नरवाने की किताब के बारे में कुछ उल्लेख करना चाहा तो उन्हें नियमों का हवाला देते हुए ऐसा करने से रोक दिया गया। जनता को संसद के माध्यम से ही सरकार से विभिन्न प्रश्नों का उत्तर लेने का अवसर मिलता है, यदि इसी को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा तो फिर यह लोकतंत्र की मूल भावना के विरुद्ध होगा। यदि पूर्व सेना अध्यक्ष ने अपनी पुस्तक में 2020 में चीन द्वारा की जा रही कुछ गतिविधियों और सरकार के निर्णय के बारे में उल्लेख किया, तो उसे संसद में नहीं रखने देगा एवं उसे पर कोई चर्चा नहीं होने देना अच्छा संकेत नहीं है। अच्छा होता, इस किताब के अंश पढ़ने की अनुमति राहुल गांधी को मिल जाती तो उस पर सरकार अपना पक्ष स्पष्ट कर देती। इससे आशंकाओं पर विराम लग जाता। अब सरकार, अधिकारियों पर सेवा निवृत्ति के 20 वर्ष बाद तक कोई किताब लिखने पर रोक लगाने की सोच रही है। वास्तव में इस प्रकार का कानून अथवा आदेश सरकार ने जारी कर दिया तो यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूलभूत अधिकार के विपरीत होगा।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार को, विपक्ष एवं समाज के अन्य घटकों द्वारा की गई आलोचनाओं को न केवल सहने के लिए तैयार रहना होगा अपितु उन पर सरकार की स्थिति स्पष्ट भी करनी होगी। इस पर जितनी रोक लगाई जाएगी, उतनी ही आशंकाएं बढ़ेंगी और अंदर ही अंदर असंतोष भी बढ़ता रहेगा।

पीएम केयर्स फंड पारदर्शिता और जवाब देही के अभाव का उदाहरण बन गया है। वर्तमान सरकार तो पहले से ही सूचना के अधिकार कानून के बारे में अधिक उत्साहित नहीं थी और उसे किसी न किसी प्रकार से कमजोर करने के प्रयास में लगी हुई है। सरकार के निर्णय पारदर्शी हों और सार्वजनिक रूप से उनका औचित्य जनता को समझा सकें, वह कहीं बेहतर होगा, बजाय इसके कि लोगों तक सूचना ही न पहुंचने दे।


पीएम केयर्स फंड में जमा राशि किसी की व्यक्तिगत राशि नहीं है अपितु अधिकांशतया सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा जमा की गई है। किसी प्रकार का खुलापन न रखना और इस पर किसी प्रकार की बहस से बचना सरकार की नीयत पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय से अपेक्षा है कि वह अपने पुराने आदेशों में संशोधन करते हुए सरकार को निर्देश दे कि इस फंड की ऑडिट सीएजी के द्वारा की जाए एवं इसके संबंध में सूचनाएं, सूचना के अधिकार कानून के अंतर्गत आम नागरिकों को प्राप्त करने का अधिकार हो।

अपारदर्शी रूप से धन इकट्ठा करने का प्रयास इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से सरकार ने किया था किंतु उसे भी अंततः सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक मानते हुए खारिज किया था। इस बारे में भी यही स्थिति उत्पन्न हो,1 उसके पहले ही सरकार को स्वयं अपने स्तर पर आगे बढ़कर इससे संबंधित सारी सूचनाओं जनता के समक्ष सार्वजनिक करनी चाहिए।

**-अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत, पूर्व आई ए एस,**
**उपाध्यक्ष, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया, राजस्थान चैप्टर**

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विज़न से कृषि क्षेत्र में संरचनात्मक क्रांति का सूत्रपात

## अन्नदाता की समृद्धि से विकसित राजस्थान का संकल्प बजट 2026-27



सी आर चौधरी

राजस्थान की मरुधरा पर कृषि केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की जीवनरेखा और सामाजिक-आर्थिक स्थिरता की धुरी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पेश किया गया वर्ष 2026-27 का बजट इस बात का जीवंत प्रमाण है कि राज्य सरकार अब खेती को केवल निर्वाह के साधन से ऊपर उठाकर आर्थिक शक्ति में बदलने के लिए कटिबद्ध है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1 लाख 19 हजार 408 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.59 प्रतिशत अधिक है। यह प्रदेश के अन्नदाता के प्रति सरकार की गहरी संवेदनशीलता और दूरगामी विज़न को दर्शाता है।

खेती में निवेश की सबसे बड़ी बाधा पूंजी का अभाव रही है। मुख्यमंत्री की पहल पर इस बजट में 35 लाख से अधिक किसानों के लिए 25,000 करोड़ रुपये के ब्याज-मुक्त अल्पकालीन ऋण का प्रावधान किया गया है। यह राशि छोटे और सीमांत किसानों को उन साहूकारों के चंगुल से बचाएगी जो ऊंची ब्याज दरों से उनकी मेहनत को सोख लेते थे। राज्य सरकार द्वारा 800 करोड़ रुपये का ब्याज अनुदान स्वयं वहन करना यह सुनिश्चित करता है कि किसान समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरक खरीद सकें। सहकारी क्षेत्र में दीर्घकालीन ऋणों पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान लघु कृषि उद्यमियों के लिए नए द्वार खोलेगा। प्रति बूंद अधिक फसल और सिंचाई सुदृढ़ीकरण राजस्थान जैसे जल-अभाव वाले राज्य में कृषि की सफलता जल प्रबंधन पर टिकी है।


बजट में सिंचाई अवसंरचना के लिए 585 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान प्रस्तावित है, जिससे 8,000 डिग्गियाँ, 15,000 किलोमीटर सिंचाई पाइपलाइन और 36,000 फार्म पॉण्ड तैयार किए जाएंगे। सूक्ष्म सिंचाई पर दिया गया यह जोर न केवल प्रति बूंद अधिक फसल के सपने को साकार करेगा, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दौर में खेती को सुरक्षित भी बनाएगा। इससे फसल विविधीकरण को बल मिलेगा और किसान उन फसलों की ओर रुख कर सकेंगे जो कम पानी में अधिक मुनाफा देती हैं। आज का युग तकनीक का है, और राजस्थान के किसान अब इसमें पीछे नहीं रहेंगे। मुख्यमंत्री ने 500 नए कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है। यह उन छोटे किसानों के लिए वरदान है जो महंगे ट्रैक्टर या हार्वेस्टर नहीं खरीद सकते। वे अब इन केंद्रों से सस्ती दरों पर मशीनरी किराये पर लेकर अपनी श्रम लागत घटा सकेंगे।

तकनीक के मोर्चे पर राज कृषि सूचना एवं प्रबंधन प्रणाली की स्थापना एक क्रांतिकारी कदम है। एआई, मशीन लर्निंग और सैटेलाइट इमेजरी के माध्यम से किसानों को मौसम के जोखिम, फसल स्वास्थ्य की निगरानी और बुवाई के सही समय की सटीक जानकारी मिलेगी। यह डिजिटल कृषि मिशन राजस्थान को देश में तकनीक-आधारित खेती का मॉडल बनाएगा। आवारा पशुओं और जंगली जानवरों से फसल की बर्बादी किसानों की एक बड़ी पीड़ा रही है। इसे समझते हुए सरकार ने 50,000 किसानों को 20,000 किलोमीटर तारबंदी के लिए 228 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। सामुदायिक तारबंदी की शर्तों में ढील (न्यूनतम किसान 10 से घटाकर 7 करना) सरकार के व्यावहारिक दृष्टिकोण को दर्शाती है। वहीं, मृदा स्वास्थ्य के लिए 3,496 ग्राम पंचायतों में वर्मी-कम्पोस्ट इकाइयों की स्थापना जैविक खेती की दिशा में एक बड़ा निवेश है। राजस्थान की डेयरी इकोनॉमी को नई ऊंचाई देने के लिए राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट फंड को दोगुना कर 2,000 करोड़ रुपये किया गया है। सरस को एक राष्ट्रीय ब्रांड बनाने के लिए दिल्ली-एनसीआर और पड़ोसी राज्यों में आउटलेट्स खोलना प्रदेश के पशुपालकों की आय बढ़ाने का सीधा जरिया बनेगा। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के तहत 700 करोड़ रुपये का अनुदान और मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के माध्यम से पशुधन सुरक्षा सुनिश्चित करना ग्रामीण राजस्थान के आत्मविश्वास को बढ़ाता है। आर्थिक समीक्षा 2025-26 के परिणाम बताते हैं कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में किए गए प्रयास रंग ला रहे हैं। रबी दलहनों के उत्पादन में 22.34 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि और मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना के तहत 99 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति यह सिद्ध करती है कि सरकारी नीतियां धरातल पर क्रियान्वित हो रही हैं। राजस्थान बजट 2026-27 केवल सब्सिडी देने का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह कृषि को एक लाभदायक इंडस्ट्री में बदलने का रोडमैप है। मिशन राज गिफ्ट के माध्यम से विशिष्ट कृषि उत्पादों की ब्रांडिंग हो या नमो ड्रोन दीदी के जरिए महिलाओं का सशक्तिकरण, सरकार हर छोर को मजबूत कर रही है।

इन प्रावधानों से स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संकल्प केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि किसान के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। यदि ये योजनाएं अपनी पूर्ण क्षमता से लागू होती हैं, तो राजस्थान विकसित भारत की संकल्पना में विकसित और समृद्ध कृषि प्रदेश के रूप में अपनी अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करेगा।

**-सी आर चौधरी,**
**अध्यक्ष, राजस्थान किसान आयोग**

# वयं को घायल करता अहं का दंश



अनुराग शुक्ला

एक वाकया 11 जून 2014 का है। नेता प्रतिपक्ष सुषमा स्वराज थी और ये मनमोहन सरकार की लोकसभा का आखिरी दिन था। सुषमा स्वराज ने भाषण दिया था-मैं बहुत प्यार से कह रही हूं मेरे भाई कमलनाथ अपनी शरारत से इस सदन को उलझा देते थे और आदरणीय शिंदेजी अपनी शराफत से उसे सुलझा देते हैं और इस शरारत और शराफत के बीच बैठी हुई सोनियाजी की मध्यस्थता आदरणीय प्रधानमंत्रीजी की सौम्यता आपकी सहनशीलता और आडवानीजी की न्याय प्रियता के कारण यह सदन चल सका।

उन्होंने इसी भाषण में आगे कहा था भारतीय लोकतंत्र के मूल में एक भाव है और वो भाव क्या है वो भाव यह है कि हम एक दूसरे के विरोधी हैं मगर शत्रु नहीं और हम विरोध करते हैं, विचारधारा के आधार पर, हम विरोध करते हैं नीतियों के आधार पर, हम विरोध करते हैं कार्यक्रमों के आधार पर। अलग-अलग है खिलाफी विचारधारा है अलग-अलग नीतियां बनाती है सरकार, अलग-अलग कार्यक्रम बनाती है, उस पर हम आलोचना करते हैं व आलोचना प्रखर भी होती है लेकिन प्रखर से प्रखर आलोचना भी भारतीय लोकतंत्र में एक दूसरे के व्यक्तिगत संबंधों में आड़े नहीं आती है। इस भाषण को पक्ष विपक्ष के साथ पूरे देश ने सराहा था।

वहीं इन दिनों राहुल गांधी मुद्दे उठाते हैं पर भटक जाते हैं। अहं पर अटक जाते हैं। उनकी अंगभाषा को देखकर लगता है कि वो ये बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं कि कांग्रेस के अलावा कोई और दल सरकार कैसे चला सकता है। उनकी अंग भाषा में सत्ताधारी दल के लिएए पीएम के लिए एक तिरस्कार दिखता है। वो अहं ब्रह्मास्मि की मुद्रा में दिखते हैं।

अहं ब्रह्मास्मि बृहदारण्यक उपनिषद से लिया गया है, इस का अर्थ है मैं ब्रह्म हूँ। यह वाक्य अहंकार का नहीं, बल्कि आत्म-साक्षात्कार का प्रतीक है। अहं का अर्थ यहाँ सीमित मैं (इगो) से नहीं, बल्कि उस शुद्ध ज्ञान से है जो ज्ञान की अग्नि में अज्ञान को नष्ट कर देता है।

नेता प्रतिपक्ष की गरिमामयी कुर्सी की शोभा बढ़ा रहे राहुल गांधी को शायद अहं ब्रह्मास्मि को गलत अर्थों में समझा दिया गया है। 2 फरवरी, 2026 को लोकसभा में राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से उद्धरण देने की कोशिश की। लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने इसे गलत बताया, अनुमति मांगने की बात की तो राहुल गांधी भड़क गये।

अप्रकाशित दस्तावेज उद्धरण पर बहस करते हैं। ये काम नियम 349 का उल्लंघन माना गया क्योंकि सदन में अप्रकाशित सामग्री उद्धृत नहीं की जा सकती। इस किताब को लेकर बहुत विवाद हुआ। इतना विवाद हुआ कि संसद के कई दिन इसकी भेंट चढ़ गए। मुद्दे नहीं उठे, दिखा तो अंह का प्रदर्शन, बेबाक बेवजह बेधड़क और बेजरूरत। इसके बाद जब सदन शुरु हुआ और नेता प्रतिपक्ष ने सदन में भाषण दिया तो उनके भाषण के दौरान कांग्रेस सांसदों ने स्पीकर की ओर कागज फेंके, जिससे हंगामा हुआ और कई सांसद सस्पेंड हो गए।

नेता प्रतिपक्ष जब बोलते हैं तो नेता सदन भी बैठ जाते हैं, उनकी पार्टी के नेता कागज नहीं उड़ाते। पर सयंम पर अहं भारी दिखा। ये दृश्य देश की सबसे बड़ी पंचायत में आम नहीं है, ये राज्य की विधानसभाओं में अकसर देखे जाते हैं। फिर कुछ ऐसे दृश्य भी दिखे, ऐसी घटनाएं हुई जो कभी नहीं होती हैं। सांसद पीएम की सीट घेरते हैं, पीएम संसद में वक्तव्य नहीं देते, मोशन पास हो जाता है।

नेता प्रतिपक्ष जब 8 फरवरी, 2026 को स्पीकर चैंबर से कमिटमेंट का दावा किया, पूछा लने देंगे या नहीं, एक तरह से चुनौती दी। इसी तरह एक दृश्य जो पहले नहीं दिखा था वो था 10-11 फरवरी, 2026 का एक वीडियो। सरकार ने इसे जारी कर दावा किया कि इस दिन 20-25 कांग्रेस सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला के चैंबर में जबरन प्रवेश कर अभद्र भाषा का उपयोग किया और अवैध वीडियो रिकॉर्डिंग करते हैं। आक्रामक मुद्रा अपनाते हैं जो पहले कभी नहीं देखी गई। अपने भाषण में उन्होंने मंत्री हरदीप पुरी पर एपिस्टीन से संबंध का दावा किया। राहुल गांधी ने अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी पर देश बेचने जैसे व्यक्तिगत आरोप लगाए। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को बेच दिया और यह 1.5 अरब भारतीयों का आत्मसमर्पण है, बिना प्रमाण या पूर्व सूचना के।

दरअसल राहुल गांधी अपने राजनीतिक अवतार को सिद्ध करने के लिए लगातार इंप्रोवाइज करते हैं। कभी अपनी ही सरकार का पारित बिल सदन के बाहर फाड़ देते हैं, कभी रैलियों में सादे कागज को बिल बताकर फाड़ते हैं, कभी ठंड में टीशर्ट पहनकर माचो बनने की कोशिश करते हैं। कभी नरेगा के मजदूर के साथ मिट्टी उठाने लगते हैं। कभी राफेल पर ऐसे आरोप लगाते हैं जिन्हें सुप्रीम कोर्ट खारिज कर देता है, कभी चौकीदार चोर है के नारे लगाते हैं। राहुल गांधी इन दिनों पीएम मोदी पर व्यक्तिगत आरोप के फार्मूले को अपना रहे हैं। शायद उनके इमेज ब्रांडिंग करने वालों ने इसे मोदी के व्यक्तिगत के सामने खड़े रहने का तरीका बताया है, पर उन्हें इसके लिए जुड़ना होगा, अपने लोगों से, अपनी जनता से, अपना आप से और अपने कार्यकर्ताओं से। राहुल गांधी की कोर टीम के कई बड़े कांग्रेसी नेता उनके अहं को कांग्रेस के वयं से बड़ा बताते रहे हैं।

हर धर्मग्रंथ में अहंकार को गलत बताया गया है। कुरान की सूरह अन नहल में लिखा है अभिमान करने वालों को पसंद नहीं करता यानी जो अपनी दौलत, पद या काबिलियत के कारण दूसरों को नीचा समझता है, वह अल्लाह के नापसंद लोगों में है पर कुर्सी चीज ही ऐसी है। सत्ता के लिए संसद की शुचिता को तार तार करने का क्रम इन दिनों बदस्तूर जारी है।

**अनुराग शुक्ला, लेखक व स्वतंत्र पत्रकार।**

# सम्पूर्ण सृष्टि एक ही परिवार



मदन सिंह काला

ईश्वर मनुष्य की ही एक अवधारणा है। इस अवधारणा के भरोसे ही रह जाने पर, प्रकृति के अन्वेषण की, मनुष्य प्रवृति रुक जाती है। अतः हमें विरासत में मिले शब्द 'श्रद्धा,आस्था और विश्वास' किसी व्यक्ति का धन्धा न बन जाए और इससे मानव जाति की तर्क करने की प्राकृतिक शक्ति समाप्त न हो जाए और परिणामस्वरुप हम डरपोक, कायर व नकारा न बन जाए, इसके प्रति हमें जागरूक रहने की आवश्यकता है। यदि हम सावधान नही रहेंगे तो हमारे ऐसे भाई-बहिन जो इस तरह के कार्यों को अपना व्यवसाय बना लेते हैं तथा वे अज्ञानी एवम् मासूम लोगों को चमत्कार का (अनहोनी) का लालच देकर उनकी मतिभ्रम कर, उन्हे सत्य व मेहनत के मार्ग से भटका देने में मनोवैज्ञानिक महारत हासिल कर लेते हैं। ऐसी स्थिति पैदा होना बहुत चिन्ताजनक है। ऐसी स्थिति उत्पन्न ही न हो इसके लिए हमें सदैव विवेकपूर्ण चिन्तन करते रहना चाहिए और सावधान रहना चाहिए।

हमारे जीवन काल में ही कोरोना वायरस ने यह सिद्घ कर दिया है कि इस धरती के सभी मानव एक 'मानव ईकाई' मात्र हैं। यदि इस धरा का एक भी मानव कोई शैतानी करता है तो उसके दुष्परिणाम सारी मानव जाति को भोगने ही पड़ते हैं। सभी मनुष्य जन्म से तो पवित्र ही पैदा होते हैं। उनकी आयु बढ़ने के साथ उनको जैसा देखने को मिलता है, वे सामान्यत: वैसा ही करते हैं। विश्व को सुखमय बनाने की एक अवधारणा 'वसुधैव कुटुंबकम' जिसका अर्थ है सम्पूर्ण सृष्टि एक ही परिवार है। इस त्रासदी के समाप्त होने के बाद विश्व को सकारात्मक विचारों के लोगों से एक कारगर दिशा मिलने की आशा करनी चाहिए जिससे सभी लोगों का स्वास्थ्य आनन्ददायक हो, वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित सर्वागीण विकास वाली शिक्षा हो, सब मनुष्य किसी सेवा करने के हुनर से सुसज्जित हो, सब एक-दूसरे मानव के रूप में सम्मान करे, मानवता हो, प्रकृति माँ का संवर्धन हो।

आज हम देख रहे हैं कि कुछ चतुर मानवों ने ही अपनी ईश्वरीय अवधारणा का लाभ देने के मकसद से बड़े-बड़े धार्मिक स्थल, मासूम लोगों की भावनाओं से खेलकर उन्हें मनोरोगी बनाकर, उन्हे विश्वास में लेकर कि उनको ये लाभ होगा, वह लाभ होगा का लालच देकर उनसे धन संग्रहीत कर, उन लोगों ने धार्मिक स्थलों को आजकल बड़े-बड़े व्यापर केंद्रों के रूप में स्थापित कर, चमत्कार के नाम पर अपनी पहचान बना चुके हैं। इन केन्द्रों में कोई तपस्वी नहीं है, इनमें कोई शक्ति नहीं है।

कोरोना वायरस से बचाने के लिए, इन केन्द्रों के मालिकों को अपनी शक्ति प्रयोग करना चाहिए था,परंतु ये सब असहाय सिद्ध हो चुके हैं। इनके पास संग्रहित धन आम जन की बचत है, इनके मालिकों को चाहिए कि वे सहर्ष इस अकूत सम्पदा को सरकारों को जनता की सेवा के लिए समर्पित कर, सकारात्मक उदाहरण पेश करने चाहिए।

**-मदन सिंह काला,**
**रिटायर्ड आईएएस**

## राशिफल मंगलवार 17 फरवरी, 2026



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, मंगलवार, विक्रम संवत 2082, धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि 9:16 तक, परिध योग रात्रि 12:19तक, नाग करण सायं 5:31 तक, चन्द्रमा आज प्रात: 9:06 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-कुम्भ, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह


आज देव पितृकार्य अमावस्या, भौमवती अमावस्या, शिव खप्पर पूजा, मन्वादि है। पंचक प्रात: 9:06 से आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:53 से 11:17 तक, लाभ-अमृत 11:17 से 2:05 तक, शुभ 3:28 से 4:52 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:06, सूर्यास्त 6:16




**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।




**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।




**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कन्या**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। आज अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।




**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।




**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।




**कुंभ**
व्यावसायिक यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा।



**कर्क**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



**वृश्चिक**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

# मुख्यमंत्री ने किया बीकानेर-जोधपुर संभाग के भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से संवाद

## अंतिम छोर के व्यक्ति तक लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं : भजनलाल शर्मा

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति कार्यकर्ता हैं, जिनकी मेहनत के कारण आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने का समर्पण भाव से कार्य करते हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से केंद्रीय और राज्य बजट में घोषित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने का आव्हान किया। शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर बीकानेर-जोधपुर संभाग के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य बजट 2026-27 दस मजबूत स्तंभों पर आधारित है, जिनमें अवसंरचना का विस्तार, नागरिक सुविधाओं से गुणवत्तायुक्त जीवन स्तर में वृद्धि, औद्योगिक विकास एवं निवेश को प्रोत्साहन, मानव संसाधन का सशक्तीकरण, सुदृढ़ सामाजिक सुरक्षा प्रणाली, पर्यटन, कला एवं सांस्कृतिक धरोहर, सुशासन एवं डिजिटल परिवर्तन, कृषि विकास एवं किसानों का कल्याण, हरित विकास एवं पर्यावरणीय सततता और 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना शामिल है। मुख्यमंत्री ने वीबी जी राम जी कानून का जिक्र करते हुए कहा कि अब गांवों में स्थायी कार्य हो सकेंगे तथा ग्रामीणों का आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्तीकरण होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से कानून के प्रावधानों को लेकर झूठ की राजनीति की जा रही है और केवल भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि इस वर्ष के राज्य बजट में 4 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि के तहत 76 लाख किसानों के खातों में 10 हजार 900 करोड़ से अधिक की राशि डीबीटी की गई है। शर्मा ने कहा कि अब तक 1 लाख से अधिक को सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी है। 1 लाख 54 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है तथा 1 लाख का भर्ती कैलेण्डर जारी किया है। वहीं, निजी क्षेत्र में 2 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। संवाद के दौरान बजट और सरकार की जनकल्याणकारी योजनओं को लेकर कार्यकर्ताओं से जिलेवार फीडबैक लिया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, दामोदरदास अग्रवाल, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित बीकानेर-जोधपुर संभाग के प्रभारी, सहप्रभारी और प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सीएम हाऊस पर बीकानेर-जोधपुर संभाग के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

- 10 स्तंभों पर आधारित बजट में समाज के हर वर्ग को सौगातें मिली : मुख्यमंत्री
- 'वीबी जी राम जी के तहत राज्य बजट में 4 हजार करोड़ का प्रावधान, ग्रामीण होंगे सशक्त'

# डोटासरा के 'हमशक्ल' नरेश पहुंचे विधानसभा

**जयपुर (विसं)।** इन दिनों सोशल मीडिया पर गोविंद सिंह डोटासरा के 'हमशक्ल' की चर्चा जोरों पर है। सोमवार को यह हमशक्ल विधानसभा पहुंचा, जहां खुद डोटासरा ने उससे मुलाकात की, लड्डू खिलाए और मजाकिया अंदाज में उसे अपना "धर्म का भाई" घोषित कर दिया।

राजनीतिक हलकों में इस हल्के-फुल्के पल ने सभी का ध्यान खींचा और सोशल मीडिया पर तस्वीरें व वीडियो तेजी से वायरल हो गए। डोटासरा के हमशक्ल का नाम नरेश कुमार सिंधी है, जो मूल रूप से लाडनूं के निवासी हैं। नरेश मेडिकल लाइन में कार्यरत हैं और साथ ही कैटरिंग का काम भी करते हैं। हाल ही में वह एक शादी समारोह में कैटरिंग के सिलसिले में गए थे, जहां किसी ने उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। वीडियो वायरल होते ही लोगों ने उनकी शक्ल की तुलना डोटासरा से करनी शुरू कर दी। वीडियो के वायरल होने के बाद नरेश कुमार के पास फोन कॉल्स की बाढ़ आ गई। मामला इतना चर्चित हुआ कि कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम की भी इस पर नजर पड़ी। इसके बाद पार्टी की ओर से नरेश से संपर्क किया गया और उन्हें जयपुर बुलाया गया। जयपुर पहुंचने पर नरेश कुमार सिंधी को डोटासरा अपने साथ विधानसभा लेकर गए। विधानसभा परिसर में मीडिया के सामने दोनों की मुलाकात चर्चा का विषय बन गई। डोटासरा ने नरेश को लड्डू खिलाते हुए कहा, आज से ये मेरा धर्म का भाई है और अब हमारा रिश्ता लंबा चलेगा। हंसी-मजाक के अंदाज में उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले चुनाव में वह अपने 'धर्म के भाई' का सहयोग भी लेंगे और जरूरत पड़ी तो उन्हें चुनाव भी लड़वा सकते हैं। गंभीर राजनीतिक माहौल के बीच यह दिलचस्प घटनाक्रम लोगों के चेहरे पर मुस्कान ले आया।



# कांग्रेस ने की वोटिंग की मांग, कम संख्या पर हंगामा

**जयपुर (विसं)।** विधानसभा में बिल पेश किए जाने के दौरान भाजपा विधायकों की कम मौजूदगी को लेकर कांग्रेस ने जोरदार हंगामा किया और डिवीजन (वोटिंग) की मांग उठाई। लंच ब्रेक के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई, जहां दो विधेयक पेश किए गए। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल जब जन विश्वास संशोधन बिल सदन में रख रहे थे, उसी दौरान स्पीकर ने वॉइस वोट से बिल को टेबल करने की अनुमति दी। इस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सदन में बीजेपी विधायकों की संख्या पर्याप्त नहीं है और विधेयक पर विधिवत वोटिंग कराई जानी चाहिए।

- भाजपा विधायक दौड़कर सदन के भीतर पहुंचे

उपनेता प्रतिपक्ष ने स्पष्ट कहा कि कम उपस्थिति के बीच वॉइस वोट कराना उचित नहीं है, इसलिए डिवीजन की प्रक्रिया अपनाई जाए। इस मांग को लेकर कुछ देर तक सदन में हंगामे की स्थिति बनी रही। हंगामे के बीच कई बीजेपी विधायक दौड़ते हुए सदन में पहुंचे। हालांकि स्पीकर पहले ही बिल को सदन में रखने की मंजूरी दे चुके थे।

स्थिति सामान्य होने पर सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सदन में आपसी सहयोग की परंपरा रही है। उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस की बैठक में व्यस्त थे, इसलिए बीएसी की बैठक का समय 1 बजे से बढ़ाकर 3 बजे किया गया था। इसके बावजूद विधायकों के देर से आने को मुद्दा बनाना उचित नहीं है।

# सीकर के डॉक्टर से 2 करोड़ मांगे, डिप्रेशन में जान गई : डोटासरा

**जयपुर (कासं)।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एवं लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को सदन में बजट बहस के दौरान कहा कि, सीकर में एक आईएएस ने स्थानीय डॉक्टर से दो करोड़ मांगे। इससे 45 साल का डॉक्टर डिप्रेशन में आ गया और हार्ट अटैक से मौत हो गई। उस डॉक्टर के छोटे-छोटे बच्चे हैं। प्रदेश में इस कदर भ्रष्टाचार हो रहा है।

डोटासरा ने सरकार के वित्तीय हालात पर तंज कसते हुए कहा कि वित्त मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र में पॉलिटेक्निक कॉलेज तक नहीं खुलवा पाईं। वित्त मंत्री को तो बजट ही सुबह 9:30 बजे मिला। डबल इंजन सरकार के दोनों इंजन सीज है।

# जरूरत के 20 हजार करोड के बजाए 2000 करोड भी जुटाए नहीं जा रहे, क्या दूसरे कामों के रोक दें टैंडर : हाईकोर्ट

## प्रदेश की सरकारी स्कूलों की जर्जर इमारतों के लिए 20 हजार करोड रुपए की जरूरत होने के बावजूद बजट में नाममात्र का प्रावधान करने पर अदालत ने नाराजगी जताई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश की सरकारी स्कूलों की जर्जर इमारतों के लिए 20 हजार करोड रुपए की जरूरत होने के बावजूद बजट में नाममात्र का प्रावधान करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार अन्य कामों के टैंडर जारी कर रही है, लेकिन स्कूलों के लिए पैसा नहीं दिया जा रहा। ऐसे में क्या हम स्वास्थ्य सेवाओं को छोड़कर अगले एक साल के लिए अन्य कामों का टेंडर जारी करने पर रोक लगा दें।

- अदालत ने कहा कि हम एक कमेटी गठन पर विचार करेंगे, जो काम को मॉनिटर करेगी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई 5 मार्च को तय की है।

अदालत ने कहा कि हम एक कमेटी गठन पर विचार करेंगे, जो काम को मॉनिटर करेगी। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 5 मार्च को तय की है। जस्टिस सुदेश बंसल और जस्टिस अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने यह आदेश झालावाड़ में हुए स्कूल हादसे के बाद लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद पेश हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि बजट में स्कूल की मरम्मत के लिए करीब 550 करोड रुपए और नए भवनों के लिए करीब 450 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी तरह 200 करोड का बजट स्कूलों में लैब के लिए दिया गया है। इस पर अदालत ने कहा कि पूर्व की सुनवाई में स्कूलों के लिए बीस हजार करोड रुपए की जरूरत बताई गई थी। बजट की यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। अदालत ने कहा कि यह देखें कि स्कूलों के लिए डोनेशन, भामाशाह योजना, एमपी-एमएलए फंड का इसके लिए किस तरह उपयोग हो सकता है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मंदिरों में 600 करोड रुपए दान के आ सकते हैं तो शिक्षा का दान भी बडा दान है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई पांच मार्च को तय की है।

# स्कूलों में गीता पढाई जाए : भदेल

**जयपुर।** विधानसभा में बजट पर बहस के दौरान बीजेपी विधायक अनिता भदेल ने मध्यप्रदेश की तर्ज पर राजस्थान के स्कूलों में भी गीता पढ़ाए जाने का सुझाव दिया। भदेल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश की तर्ज पर स्कूलों में गीता का पठन पाठन करवाएं। गीता कोई धाार्मिक ग्रंथ नहीं है, यह कर्म करने की प्रेरणा देता है। भदेल ने पीएमश्री स्कूलों की तर्ज पर सीएमश्री स्कूल का भी सुझाव देते हुए कहा कि हर विधानसभा में एक आदर्श स्कूल बनाएं। इस स्कूल को प्रोफेशनल पाठ्यक्रम से जोड़ें और दक्ष छात्रों से इंटर्नशिप करवाएं।

# भिवाड़ी में आगजनी के बाद रीको ने भूखण्ड आवंटी को थमाया नोटिस

**जयपुर।** रीको औद्योगिक क्षेत्र आईआईडी खुशखेड़ा के भूखण्ड संख्या जी 1-118 (बी) में सोमवार को ब्लास्ट के साथ आगजनी की घटना के मामले में रीको प्रशासन ने तुरंत एक्शन लिया है। रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी अखिल अग्रवाल ने बताया कि भूखंड मालिक राजेन्द्र कुमार को नोटिस जारी किया गया है।

- रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी अखिल अग्रवाल का कहना है कि यह प्लॉट मैसर्स राजेन्द्र कुमार को रेडीमेड गारमेंट इकाई लगाने के लिए किया था, परंतु वहां अन्य गतिविधियां भी संचालित थी।

उन्होंने बताया कि इस प्लॉट का आवंटन 12 सितंबर 2005 को मैसर्स राजेन्द्र कुमार, को रेडीमेड गारमेंट इकाई लगाने के लिए किया था। लीज डीड का निष्पादन 14 मई 2007 को किया गया था। अग्निकांड के पश्चात् की गई प्राथमिक जांच में यह पाया गया है कि मौके पर आवंटी द्वारा अनुमत गतिविधि के अतिरिक्त अन्य गतिविधि संचालित की जा रही थी, जिसकी सूचना रीको कार्यालय को नहीं दी गई थी। अत: रीको भू- निपटान नियम, 1979 के नियम 24(1)-(ए) एवं (बी) के अंतर्गत 45 दिवस का कारण बताओ नोटिस इस फर्म को जारी कर दिया गया है। नियमानुसार आवंटन पत्र एवं लीज डीड की किसी भी शर्त के उल्लंघन की स्थिति में इकाई प्रभारी द्वारा प्लॉट निरस्तीकरण की कार्यवाही का प्रावधान है।

अग्रवाल ने बताया कि आवंटन पत्र की शर्त संख्या 14 के अनुसार आवंटी को आवंटित भूखण्ड पर किसी भी प्रकार का अवैध व्यापार, व्यवसाय अथवा उद्योग संचालित करने की अनुमति नहीं है। यदि ऐसा पाया जाता है, तो भूखण्ड का आवंटन निरस्त मानते हुए जमा राशि जब्त कर ली जाएगी। प्रकरण की विस्तृत जांच चल रही है तथा प्रशासन द्वारा नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सोमवार को आगजनी की सूचना मिलते ही रीको खुशखेड़ा, दमकल चौपानकी, होन्डा, सीजवर्क, नगर परिषद भिवाड़ी एवं नगर पालिका तिजारा की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं तथा आग पर काबू पाया गया। इस घटना में कुछ लोगों की मृत्यु तथा गंभीर घायल होने की जानकारी मिली है। घायलों को उपचार हेतु दिल्ली रेफर किया गया है। मौके पर जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गई।

उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने खुशखेड़ा (भिवाड़ी) औद्योगिक क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड पर शोक जताया है। उन्होंने रीको के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए उद्योग मंत्री ने निर्देश दिए है कि प्रदेश में संचालित सभी औद्योगिक ईकाईयों में खतरनाक, प्रदूषणकारी और अत्यधिक ज्वलनशील गतिविधियों की सघन निगरानी की जाए। साथ ही सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना संचालित गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाते हुए कठोर कार्रवाई की जाए। सभी जगहों पर नियमित निरीक्षण और पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनर्रावृत्ति नहीं हो। नियमों के उल्लंघन पर आवंटन रद्द जैसी कार्रवाई की जाए।

# फसल खराबा 50-70 प्रतिशत होने के बावजूद मुआवजा 'जीरो', एस.ओ.जी. से जांच कराएंगे : किरोड़ीलाल मीणा

## कृषि मंत्री ने सदन में कहा "कई जिलों में बीमा कंपनियों और बैंकों के फर्जीवाड़े उजागर हुए हैं।"

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने सोमवार को विधानसभा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सामने आई गंभीर अनियमितताओं का खुलासा करते हुए कहा कि कई जिलों में बीमा कंपनियों और बैंकों के फर्जीवाड़े उजागर हुए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि पूरे मामले की जांच एसओजी से करवाई जाएगी। मंत्री किरोड़ीलाल ने बताया कि सांचौर, जालौर, चूरू, नागौर, बीकानेर और शेरगढ़ क्षेत्रों में भी फसल खराबा कम दर्शाने के मामले सामने आए हैं। राज्य स्तरीय शिकायत निवारण समिति के माध्यम से किसानों को 122 करोड़ रुपये दिलवाने का प्रयास किया जाएगा कृषि मंत्री ने दो टूक कहा कि किसानों के हक का पैसा किसी भी कीमत पर डूबने नहीं देंगे। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- मंत्री ने कहा कि "राज्य स्तरीय शिकायत निवारण समिति के माध्यम से किसानों को 122 करोड़ रुपये दिलवाने का प्रयास किया जाएगा किसानों के हक का पैसा किसी भी कीमत पर डूबने नहीं देंगे, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।"

कृषि मंत्री ने बताया कि श्रीगंगानगर जिले के करणपुर में निरीक्षण के दौरान चौंकाने वाला मामला सामने आया। बीमा कंपनी के सर्वेयर ने इंटीमेशन फार्म पर किसान, कृषि पर्यवेक्षक और राजस्व अधिकारी के हस्ताक्षर खुद ही कर दिए। उन्होंने बताया कि करीब 1.70 लाख फार्म की जांच में 32 हजार ऐसे पाए गए, जिनमें फसल खराबा 'शून्य' दर्शाया गया, जबकि वास्तविक नुकसान 50 से 70 प्रतिशत तक था। इससे किसानों के करीब 128 करोड़ रुपये प्रभावित हुए। रावला में इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रथम दृष्टया क्षेमा इन्श्योरेन्स कम्पनी को दोषी पाया गया है और केंद्र सरकार को पत्र लिखकर इस कंपनी को आगे टैंडर न देने का आग्रह किया गया है। डॉ. मीणा ने एक और चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि सालासर में भारतीय स्टेट बंक की शाखा में किसानों के नाम पर 71 फर्जी खाते खोले गए। खातों में नाम और रिश्तेदारों के नाम मिलते-जुलते थे, लेकिन दस्तावेज अधूरे थे। इन खातों के जरिए प्रीमियम काटने की प्रक्रिया चल रही थी। इस गड़बड़ी से केंद्र और राज्य सरकार को लगभग 9 करोड़ रुपये का गलत भुगतान करना पड़ सकता था। इस मामले में एआईसी कम्पनी का नाम सामने आया है और एफआईआर दर्ज कराई गई है। कृषि मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार ने रबी और खरीफ फसलों के लिए अब तक 6328 करोड़ रुपये का बीमा क्लेम भुगतान किया है, जिसमें 188 करोड़ रुपये पिछली सरकार के समय से लंबित थे। प्रश्नकाल के दौरान विधायक बाबू सिंह राठौड़ के सवाल पर मंत्री किरोड़ीलाल ने बताया कि शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में खरीफ 2020 से रबी 2024-25 तक 659 किसानों के 42.62 लाख रुपये के क्लेम खाते/आधार सत्यापन, नेफ्ट बाउंस और बीमित कृषक की मृत्यु जैसे कारणों से लंबित हैं। जिला कलेक्टरों को सत्यापन शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए है। फसल कटाई प्रयोगों पर आपत्तियों के कारण 23 फसल पटवार युग्म के मामले राज्य स्तरीय तकनीकी सलाहकार समिति में लंबित थे। गत 10 फरवरी 2026 को भारत सरकार से तकनीकी उपज प्राप्त हो चुकी है और जल्द ही बैठक कर निस्तारण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सांचौर, जालौर, चूरू, नागौर, बीकानेर और शेरगढ़ क्षेत्रों में भी फसल खराबा कम दर्शाने के मामले सामने आए हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने पंचायतों के परिसीमन को चुनौती देने वाली एसएलपी खारिज की

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश में पंचायतों का मुख्यालय बदलने सहित 10 जनवरी 2025 की गाइडलाइनों का पालन नहीं करने और 20 नवम्बर 2025 व 28 दिसम्बर 2025 की संशोधित अधिसूचनाओं को चुनौती देने वाली विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने यह आदेश जयसिंह की एसएलपी पर दिए।

एसएलपी में राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ के गत 21 जनवरी के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें पंचायतों का मुख्यालय बदलने सहित परिसीमन की अधिसूचनाओं को चुनौती देने वाली याचिका अदालत ने खारिज कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की खंडपीठ के आदेश में दखल से इनकार करते हुए कहा कि प्रदेश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अदालत की ओर से हस्तक्षेप करने से परहेज करना चाहिए। पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इस स्तर पर हाईकोर्ट के आदेश में दखल नहीं दे सकते। एसएलपी में हाईकोर्ट की खंडपीठ के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने परिसीमन अधिसूचना जारी करते समय वैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं किया। मुख्यालय की दूरी एवं निवासियों को होने वाली असुविधा के संबंध में दर्ज आपत्तियों का भी निस्तारण नहीं किया। ऐसे में ग्राम पंचायत का मुख्यालय बदलना मनमाना है। इसके जवाब में राज्य सरकार के एएसजी केएम नटराज व एएजी शिवमंगल शर्मा ने कहा कि परिसीमन की पूरी प्रक्रिया राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अनुसार की गई है। राज्य सरकार ने इस दौरान आपत्तियों पर विचार कर उनका निस्तारण भी किया और मंत्रिस्तरीय उप-समिति ने पुनर्गठन को मंजूरी दी थी। हाईकोर्ट ने पूर्व में निर्देश दिया था कि पुनर्गठन की प्रक्रिया को 31 दिसंबर, 2025 तक की जाए। इसके पालन में ही 28 दिसंबर 2025 को नोटिफिकेशन जारी किया था। वहीं जनवरी, 2026 में सभी पंचायती राज संस्थाओं के वार्ड के गठन का काम पूरा किया। राज्य निर्वाचन आयोग ने भी मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन कर चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 25 फरवरी को करना है और प्रदेश में 15 अप्रेल 2026 तक चुनाव प्रक्रिया पूरी करनी है। इसलिए एसएलपी खारिज की जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसएलपी को खारिज कर दिया है।

# राजस्थान के वैभव, साहित्य और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाएं : वी. श्रीनिवास

## मुख्य सचिव ने ली पर्यटन और कला-साहित्य व संस्कृति विभाग की बैठक

**जयपुर (कासं)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि इस बार राजस्थान दिवस (19 मार्च) को पर्यटन तथा कला, साहित्य एवं संस्कृति और पुरातत्व विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भव्य रूप से आयोजित किया जाए। जिसमें राज्य की विभिन्न कलाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले कलाकारों को मंच उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग द्वारा जयपुर में कला एवं संस्कृति आधारित एक दिवसीय चिंतन शिविर का बड़े स्तर पर आयोजन किया जावे।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव, पर्यटन तथा कला, साहित्य एवं संस्कृति और पुरातत्व विभाग प्रवीण गुप्ता, आयुक्त पर्यटन रुक्मणि रियाड़ की उपस्थिति में सोमवार को सचिवालय में पर्यटन विभाग तथा कला, साहित्य एवं संस्कृति और पुरातत्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी।

मुख्य सचिव ने राईजिंग राजस्थान में पर्यटन विभाग के प्रदर्शन की जानकारी ली और राजस्थान पर्यटन को आर्थिक रूप से भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में राजस्थान पर्यटन विभाग ने बेहतरीन उपलब्धियां हासिल की हैं। सोशल मीडिया पर राजस्थान पर्यटन की विजिबिलिटी अच्छी है। मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति बहुत समृद्ध है।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर पर्यटन और कला-साहित्य व संस्कृति विभाग की समीक्षा की।

इस राज्य के सांस्कृतिक वैभव और समृद्ध साहित्य और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राज्य की भाषा, साहित्य, कला से सम्बंधित प्रत्येक अकादमी वर्ष में कम से कम एक बड़ा आयोजन करें।

मुख्य सचिव ने अकादमियों द्वारा किताबों के कम प्रकाशन पर नाराजगी जताई और राजस्थान के अच्छे साहित्यकारों की किताबों के प्रकाशन के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान के कम से कम 15 अग्रणी लेखकों की विभिन्न विषय आधारित किताबें प्रकाशित किये जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने रविंद्र मंच और जवाहर कलाकार केन्द्र पर होने वाले आयोजनों की सूचनाओं का समग्र प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदर्शन कलाओं से जुड़े कलाकारों को वृहद स्तर पर मंच उपलब्ध करवा कर उन्हें प्रोत्साहित किया जावे। उन्हें प्रदर्शन के लिए बेहतर अवसर प्रदान किये जावे। उन्होंने विभाग में खाली पदों को प्राथमिकता से भरने तथा पदोन्नति प्रक्रिया भी पूरी करने के निर्देश दिए।

- पर्यटक सहायता बल मजबूत करने, पर्यटन थाने खोलने के निर्देश दिए

पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने प्रस्तुतिकरण देते हुए अवगत करवाया कि राज्य में पर्यटन नीति 2025 लागू हो गई है। इसी प्रकार नई राजस्थान फिल्म प्रोत्साहन नीति-2025 भी जारी की गई है। राज्य में 9 यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज साइट है। इस बार राज्य में घरेलू पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। उन्होंने अवगत कराया कि पर्यटन विभाग पर्यटन मार्केटिंग सेगमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। घरेलु पर्यटन प्रमोशन के साथ ही विदेशी पर्यटन प्रमोशन को भी लक्षित किया गया है। राजस्थान पर्यटन विभाग सोशल मीडिया पर भी अन्य राज्यों की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। राजस्थान पर्यटन का यू-ट्यूब चैनल सम्पूर्ण भारत में चौथे नम्बर पर है।

बैठक में उप शासन सचिव अनुराधा गोगिया, पुरातत्व निदेशक पंकज धरेन्द्र, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामरतन शर्मा, राजस्थान राज्य अभिलेखगार बीकानेर के निदेशक चंद्रसेन शेखावत, राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर के सचिव बसंत सिंह सोलंकी, अरबी फारसी शोध संस्थान टोंक के निदेशक भूपेंद्र कुमार यादव, जयपुर कत्थक केन्द्र सचिव श्रुति मिश्रा, राजस्थानी भाषा-साहित्य संस्कृति अकादमी बीकानेर के शरद केवलिया, भारतीय लोक कला मण्डल उदयपुर से टीसी मारवा, राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर की निदेशक लता श्रीमाली, राजस्थान ललित कला अकादमी के सचिव रजनीश हर्ष, पंजाबी अकादमी के सचिव एन.पी.सिंह, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी की सचिव गोमती शर्मा मौजूद थे।

# एवीवीएनएल का अधीक्षण अभियंता पचास हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## अजमेर के हाथीभाटा पावर स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय में हड़कंप मचा

■ एक परिवादी की फर्म को पूर्व में जारी किए गए वर्क ऑर्डर से संबंधित कार्यों में सहायता करने और लाभ पहुंचाने की एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी



रिश्वत का आरोपी अधीक्षण अभियंता बाबूलाल।

**अजमेर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अजमेर में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एवीवीएनएल) के अधीक्षण अभियंता बाबूलाल को पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी अजमेर इकाई द्वारा की गई। एसीबी की इस कार्रवाई से हाथीभाटा पावर स्थित अधीक्षण अभियंता बाबू लाल के कार्यालय में तैनात कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ और सूत्रों का मनना है कि अगर एसीबी इस जांच को आगे बढ़ाती है तो भ्रष्टाचार के ओर भी कई खुलासे हो सकते हैं और इस कार्रवाई को लेकर कई अधिकारियों में भय का मौहाल भी बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी अधीक्षण अभियंता बाबूलाल, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में पदस्थ है। आरोपी ने एक परिवादी की फर्म को पूर्व में जारी किए गए वर्क ऑर्डर से संबंधित कार्यों में सहायता करने और लाभ पहुंचाने की एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। परिवादी लगातार रिश्वत की मांग से परेशान था, जिसके बाद उसने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में एसीबी के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद 11 फरवरी 2026 को एसीबी टीम द्वारा शिकायत का सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान यह पुष्टि हुई कि आरोपी अधीक्षण अभियंता द्वारा दो लाख रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है, इसके बाद एसीबी ने ट्रैप की योजना बनाई।

**50 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया :-** 16 फरवरी को एसीबी अजमेर की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपित बाबूलाल को परिवादी से रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की राशि प्राप्त की, एसीबी टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। साथ ही रिश्वत की राशि भी मौके से बरामद कर ली गई। यह पूरी ट्रैप कार्रवाई एसीबी अजमेर रेंज के पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह राणावत के सुपरविजन में की गई। कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना भाटी, निरीक्षक मीरा बैनीवाल तथा एसीबी की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपित बाबूलाल से पूछताछ की जा रही है। एसीबी ने बाबूलाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी की संपत्ति और अन्य मामलों की भी जांच की जा सकती है। इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की बड़ी सफलता माना जा रहा है। एसीबी ने स्पष्ट किया है कि सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## भीलवाड़ा में 5.70 लाख का मादक पदार्थ जब्त

**भीलवाड़ा,** (निसं)। माण्डल थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने संयुक्त रूप से एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने माण्डल-शाहपुरा रोड पर नाकाबंदी के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50.68 ग्राम मेथीलीन ड्राईऑक्सी एम्फीटामाईन बरामद की है। जब्त की गई इस ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 5 लाख 70 हजार रुपये बताई जा रही है।

माण्डल थानाधिकारी रोहिताश्व सिंह व प्रभारी टीम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। 14 फरवरी को मिली गोपनीय सूचना के आधार पर थानाधिकारी माण्डल मय जाप्ता ने माण्डल चौराया से शाहपुरा तिराया की तरफ जाने वाली सर्विस रोड पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक एच.एफ. डिलक्स मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति संदिग्ध नजर आए। पुलिस ने जब उन्हें रोककर तलाशी ली, तो उनके पास से 50.68 ग्राम अवैध एमडीए बरामद हुई। पुलिस ने ड्रग्स के साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में शिवराज जाट (40) पुत्र देवीलाल जाट निवासी बांसा का खेड़ा थाना बनेड़ा, सुरेश बलाई (37) पुत्र देवीलाल बलाई निवासी सोलबिघा आरजिया थाना माण्डल को गिरफ्तार किया है।

## देवनानी ने भिवाड़ी अग्निकांड पर शोक जताया

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भिवाड़ी में एक केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग की घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंन्को कहा कि दर्दनाक हादसे में मृत्यु हो जाने की खबर अत्यंत पीड़ादायक एवं हृदयविदारक है। देवनानी ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि., खण्ड धौलपुर**

क्रमांकः-7260-7267 दिनांकः- 10.02.2026

NIB Code PWD2526A5223 UBN No. PWD2526WSOB21232

**संशोधन - पत्र**

**आर.ओ. नं0 1231 दिनांक 23.01.2026**

इस कार्यालय के पत्रांक 6911-27 दिनांक 16.01.2026 के द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 15/2025-26, जो दिनांक 21.01.2026 से 10.02.2026 सांय 6.00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 11.02.2026 को खोली जाने वाली निविदा अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 17.02.2026 तक बेची जाकर दिनांक 18.02.2026 को सांय 04.00 बजे खोली जावेगी। निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

(नरेश चन्द मीणा)
DIPR/C/3142/2026 अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड धौलपुर

**Office of The Executive Engineer, Water Resources Division, Kota**

क्रमांक-EE/WR/Div./Acct./2025-26/3661-69 Date: 09/02/2026

**NIT No.- 18/2025-26**

On behalf of the Governor of Rajasthan, e-Tender from eligible Bidders for the Works For Item No. 01 "Repair and Renovation of Anicut in Chhiparda Village Tehsil Digod District Kota" (Est. cost. Rs. 66.16 Lac) Item No. 02 "Repair and Renovation of Anicut in Sarola Village Tehsil Digod District Kota" (Est. cost. Rs. 57.89 Lac) Item No. 03 "Repair and Renovation of Anicut in Surela Village Tehsil Digod District Kota" (Est. cost. Rs. 57.89 Lac) for completion period 12 Months including rainy season are invited from interested bidders from 10.02.2026 (9:30 Hr) to 19.02.2026 till 18:00 Hr other particulars, terms & conditions may be seen on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in and www.waterrajasthan.gov.in.

NIB CODE : WRD2526A0718
UBN NO.: Item No. 01- WRD2526WSOB02602 Item No. 02- WRD2526WSOB02603, Item No. 03- WRD2526WSOB02604
DIPR/C/3072/2026

(Anil Meena)
Executive Engineer
Water Resources Division, Kota

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED PROJ. DIVISION KARAULI**
HQ TODABHIM (email :- eecsnpkaroli@gmail.com)

Sr. No. 7098-7107 **NOTICE INVITING BID** Date: 05/02/2026

Bid for various work in Proj Division Karauli is invited from interested bidder up to 24.02.2026 other particular of the bid may be visited on the procurement portal sppp.raj.nic.in of the state.

NIB CODE:- PHE2526A6180

| S.N | NIT NO. | UBN NO |
|---|---|---|
| 1 | 124/2025-26 | PHE2526WSRC13243 |
| 2 | 125/2025-26 | PHE2526WSRC13244 |
| 3 | 126/2025-26 | PHE2526WSRC13245 |
| 4 | 127/2025-26 | PHE2526WSRC13246 |
| 5 | 128/2025-26 | PHE2526WSRC13247 |
| 6 | 129/2025-26 | PHE2526WSRC13248 |
| 7 | 130/2025-26 | PHE2526WSRC13249 |
| 8 | 131/2025-26 | PHE2526WSRC13250 |
| 9 | 132/2025-26 | PHE2526WSRC13251 |

DIPR/C/2770/2026

Executive Engineer
Public Health Engineering Department
Proj. Division Karauli HQ Todabhim


## डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

### हादसे के दौरान बाइक सवार के हाथ में हेलमेट था

**जोधपुर,** (कासं)। यातायात पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए हेमलेट पहनने की बार-बार हिदायत दे रही है। पुलिस और चालान के डर से लोग पहनते भी हैं, मगर बाद में सूने स्थान या रोड पर हेलमेट को हाथ में रखकर सफर करते हैं। ऐसे ही एक युवक हादसे का शिकार हो गया। हेलमेट उसके हाथ में था, संभवतः किसी डंपर की टक्कर से नीचे गिरा और सिर फट गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान आधार कार्ड के जरिए आरंभिक तौर पर की है। शव को एमजीएच मोर्चरी में रखवाया गया है।

बोरानाडा थाने के एएसआई दमाराम ने बताया कि सोमवार की दोपहर में एक युवक बोरानाडा पाल स्थित एक रेस्टोरेंट के सामने से निकल रहा था। तब संभवत : किसी डंपर के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उसका सिर फट गया और मौके पर ही मौत हो गई।

एएसआई दमाराम के अनुसार मृतक के हाथ में हेलमेट रखा हुआ था। उसके पहने हुए नहीं था। कपड़ों को चैक करने पर जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान आरंभिक तौर पर रिया बिलाड़ा निवासी चैनाराम पुत्र गिरधारीराम के रूप में हुई है। पूर्ण पहचान के प्रयास जारी है। फिलहाल शव को कार्रवाई के लिए एमजीएच की मोर्चरी में रखवाया गया है।

## कार से 22 लाख का डोडा-चूरा जब्त, दो जनों को पकड़ा

### यूपी नम्बर की कार से 147.840 किलोग्राम डोडा-चूरा जब्त किया

■ पुलिस की नाकाबंदी को तोड़कर कार सवार तस्करों ने भागने का भी प्रयास किया था

**कोटा,** (निसं)। सिमलिया पुलिस टीम ने नेशनल हाइवे 27 पर नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए एक कार से अवैध मादक पदार्थ 147.840 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद किया। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 22 लाख कीमत बताई गई है।

जानकारी के अनुसार मामले में सामने आया कि पुलिस की नाकाबंदी को तोड़कर कार सवार तस्करों ने भागने का भी प्रयास किया था, नाकाबंदी को तोड़कर भागने का प्रयास कर रहे कार सवार तस्करों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा और कार की तलाशी के दौरान अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा बरामद किया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि बारां की तरफ से यूपी नम्बर की एक कार में अवैध मादक पदार्थ है जिसकी सूचना पर पुलिस उप अधीक्षक राजेश ढाका के सुपरविजन में टीम का गठन किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि सिमलिया थानाधिकारी नन्द सिंह ने मय जाप्त सिमलिया टोल प्लाजा के समीप नाकाबंदी की तभी बारां की तरफ से यूपी नम्बर की कार आती हुई दिखी जिसको रूकने का इशारा किया, पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार सवार को रोका और कार की तलाशी ली तो कार को मॉडिफाईड कर रखा था, जिसकी गहनता से जांच की गई तो उसमें अवैध मादक पदार्थ 147.480 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि जब्त मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 22 लाख कीमत बताई गई है, पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए जिला पटियाला पंजाब सईमाझर निवासी जसवंत सिंह एवं बग्गासिंह को गिरफ्तार किया, पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

**खेजड़ी की हरी लकड़ियों से भरा ट्रक जब्त :** तारानगर में अवैध हरि लकड़ियों के परिवहन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत तारानगर पुलिस ने हरी लकड़ियों से भरे ट्रक को जब्त किया है। थानाधिकारी सतपाल बिश्नोई बताया कि थाने की टीम जिसमें एएसआई रोहिताश, हरिदान, विकास कुमार, रणवीर एवं सरकारी चालक बलजिन्द्र कुमार आदि ने थाना क्षेत्र के गांव हड़ियाल पुलिया के पास हरियाणा के सिलावाली निवासी गोरधन पुत्र भूपसिंह धानक के कब्जे से हरी लकड़ियों से भरे मिनी ट्रक को जब्त कर कार्रवाई के लिए क्षेत्रिय वन अधिकारी को सूचना कर दी है।


**कार्यालय नगर पालिका छबडा जिला बारां**
E Mail ID-npchhabra5@gmail.com Phone No-07452-222025

क्रमांक ::-न0पा0छ0/2026/7991 दिनांक ::- 10.02.2026

**-:: NIT No 12/2025-26 ::-**
**NIB No-DLB2526B1453**

Municipal Board Chhabra amount 32.55 Lacs invites online E-Tender by e-procument in prescribed format from registered Electrical contractor in appropriate category in Engineering department of Rajasthan Govt. Or eligible contractor as per PWFAR rules for following Works. Technical and financial bids/proposals from experienced, technicailly sound reputed bidders fulfilling eligibility criteria as described in the bid document. NIT can also seen on web portal at www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eprocument.rajasthan.gov.in.

| क्र.सं. | UBN NO |
|---|---|
| 1. | DLB2526WSOB33774 |
| 2. | DLB2526WSOB33775 |

राज.संवाद/सी/25/19860 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जन स्वा0 अभि0 विभाग नगर वृत कोटा**
Phone No. 0744-2501104, Email: secircle.kot.phed@rajasthan.gov.in

**ई-निविदा सूचना संख्या 38 से 40/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपयुक्त पंजीकृत संवेदकों से निविदा संख्या 38 से 40/2025-26 हेतु ई-निविदा द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेब साईट sppp.rajasthan.gov.in एंव http.//eproc.rajasthan.gov.in पर देखें तथा डाउनलोड किये जा सकते है। http.//eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 05.02.2026 प्रातः 9.00 बजे से 18.02.2026 सांय 6.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदा दिनांक 19.02.2026 को दोपहर 2.00 बजे उक्त वेबसाईट पर कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। इस निविदा सूचना संख्या 38 से 40/2025-26 में कुल 03 कार्य है, जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 155.00 लाख है।

NIB Code No.: PHE2526A6173, PHE2526A6174, PHE2526A6175
UBN Code No.: PHE2562WSRC13228, PHE2562WSRC13231 PHE2562WSRC13232
Mobile No. : 96368-88713

(दीपक कुमार झा)
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा. अभि.विभाग
नगर वृत कोटा

DIPR/C/2764/2026


## सड़क हादसे में एक घायल

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ में अजमेर-कोटा स्टेट हाईवे पर जगह-जगह हो रहे गड्ढों के चलते आए दिन दो पहिया वाहन चालक घायल हो रहे हैं। वहीं सोमवार को भी जगपुरा गांव के पास भीषण सड़क हादसे में कार व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में घायल हुए व्यक्ति को 108 एंबुलेंस की सहायता से केकड़ी जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। अजमेर कोटा स्टेट हाईवे व देवली कोटा स्टेट हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। आए दिन हो रही घटनाओं के चलते लोगों में रोष देखने को मिल रहा है। जगह-जगह सड़क टूटी होने के बावजूद टोलकर्मी टोल वसूल कर रहे हैं। कई बार क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर हो रहे गहरे गड्ढे को लेकर अधिकारियों को अवगत भी कराया था। मगर इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## टोंक में रामसागर तालाब में मिली कार से दो युवकों के शव बरामद

■ कार में मिले दोनों युवक जनवरी महीने से लापता बताए जा रहे हैं



लोगों की मदद से कार में मिले शवों को बाहर निकाला।

**टोंक,** (निसं)। दूनी थाना क्षेत्र के आवां कस्बे में सोमवार को रामसागर तालाब से करीब डेढ़ महीने पहले लापता हुई एक कार बरामद की गई। कार के अंदर दो युवकों के शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गयें। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर कार और शवों को बाहर निकाला, जो कार में मिले दोनों युवक जनवरी महीने से लापता बताए जा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवकों की 8 जनवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट बूंदी जिले के दबलाना थाने में दर्ज कराई गई थी। लंबे समय से परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। दोनों मृतक बूंदी जिले के रैण के निवासी हैं, दबलाना थाना क्षेत्र से और दोनों अपने दोस्त से मिलने खवासपुरा आए थे, 8 जनवरी रात में कहीं घूमने के लिए गाड़ी मांग कर ले गए। कार में मिले शव इतनी बुरी अवस्था में थे कि शरीर की चमड़ी तक गल गई थी।

देवली डीएसपी हेमराज ने बताया के बूंदी के दबलाना थाना क्षेत्र के रेण निवासी रमेश (43) पुत्र जगन्नाथ गुर्जर और महावीर (40) पुत्र सेवा गुर्जर उम्र 40 साल के शव रामसागर तालाब मिले। संभवत रास्ता भटकने से कार तालाब में चली गई, इसके बाद दोनों बाहर नहीं निकल पाए और दम घुटने से मौत हो गई। दोनों के शव कार की पिछली सीट पर मिले हैं।

## नाल में मिले बम को सेना ने सुरक्षित निष्क्रिय किया

**नाल,** (निसं)। यहां थाना क्षेत्र में हाल ही में मिले एक जिंदा बम को सेना की विशेषज्ञ टीम ने सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया।

तेज धमाके के साथ हुए इस निस्तारण से आसपास के लोग सहम गए। यह बम 4 जनवरी को किशनघाट इलाके के पास एक नर्सरी के सामने जोगियों की बस्ती में जमीन में आधा धंसा हुआ मिला था।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस और सेना ने मौके पर पहुंचकर बम को अपने कब्जे में ले लिया। नाल पुलिस ने 24 इन्फैंट्री डिवीजन से संपर्क किया। लेफ्टिनेंट कर्नल सागर देशपांडे और मेजर अमित मुंढे के नेतृत्व में सेना की विशेषज्ञ टीम सोमवार को घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने इन-सीटू नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से बम का सुरक्षित निस्तारण किया।


राजस्थान सरकार
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी(ML 02)/2026/ई-14327

**ई-नीलामी विज्ञिप्त**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-ना के तहत निम्नांकित प्लॉटो के आंवटन ई-नीलामी के माध्यम से किये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः-

| जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | खनिज का नाम | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| जोधपुर | बालेसर | विजयनगर | सैण्ड स्टोन | 7 |
| चित्तौड़गढ़ | गंगरार | कोजुन्दा | चाइना क्ले व मेसेनरी स्टोन | 4 |
| चित्तौड़गढ़ | बड़ी सादड़ी | निकुम्भ | क्वार्टजाईट | 5 |
| चित्तौड़गढ़ | निम्बाहेड़ा | गढवाडा | मेसेनरी स्टोन | 5 |
| बून्दी | तालेड़ा | पराना | सैण्ड स्टोन | 3 |
| फलोदी | आऊ | भोमनगर | मार्बल | 10 |
| चितौड़गढ | बेंगू | काटुन्दा, पटवार हल्का काटुन्दा | मेसेनरी स्टोन | 17 |
| चित्तौड़गढ | गंगरार | जवालियो का खेड़ा | मेसेनरी स्टोन | 3 |
| | | कुल प्लॉट | | 54 |

विशेष नोटः-
1 प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd. की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

(महावीर प्रसाद मीणा)
DIPR/C/2965/2026 निदेशक


## बोलेरो की टक्कर से बालिका की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकटवर्ती कुड़ी होद में पांच साल की मासूम की बोलेरो की टक्कर लगने से मौत हो गई। वह दौड़कर अचानक सड़क पर आ गई और एक बोलेरो की चपेट में आ गयी। अस्पताल लाए जाने के बाद उसकी मौत हो गई। इस बारे में उसके चाचा की तरफ से कुड़ी थाने में रिपोर्ट दी गई है। कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि अंबे नगर, कुड़ी निवासी भागीरथ पुत्र किशोरपाल प्रजापत की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी पांच वर्षीय भतीजी तनीषा कुड़ी होद के पास में एक बोलेरो की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अनुसार वक्त घटना बच्ची के परिजन साथ ही थे और वह अचानक से दौड़ कर सड़क पर आ गई थी। बोलेरो की टक्कर लगने से उसकी मौत हो गई। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया।


राजस्थान सरकार
**कार्यालय नगर पालिका, सादड़ी (जिला-पाली) राज.**
पताः मैन बस स्टेण्ड, सादड़ी (आपकी सेवा में सदैव तत्पर)
Ph.-02934-285022 email: npsadri1979@yahoo.com, gmail.com

क्रमांक : न.पा.सा./2026/5151-5153 दिनांक 10.02.2026

**-:: Notice Inviting Bid ::-**

Bid for subject matters of procurement are invited from intreseted bidders upto (date)& (time). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. (https://sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in) of the state departmental website.

UBN NO :- DLB2526WSOB33873

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सादड़ी
राज.संवाद/सी/25/19849

**कार्यालय नगर परिषद बून्दी**

क्रमांकः- 609 दिनांकः- 11.02.2026

**-:: निविदा सूचना ::-**

नगर परिषद बून्दी द्वारा जारी निविदा सं0: न0प0बू0/निर्माण/2025-26/608 दिनांक 11/02/2026 की निविदा दिनांक 12/02/2026 से दिनांक 23/02/2026 06.00 बजे तक ऑनलाईन विक्रय की जावेगी। निविदा दिनांक 24/02/2026 को 15.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा निविदा दिनांक 24/02/2026 को 16.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। विस्तृत शर्ते व विवरण निविदा sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in पर DLB2526WSOB33875, DLB2526WSOB33876 तथा कार्यालय समय मे किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद मे देखा जा सकता है।

आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/19879 नगर परिषद, बून्दी


## चारागाह भूमि पर अवैध पेड़ों के कटान पर एनजीटी सख्त

### कलैक्टर सहित सात को नोटिस जारी, जॉइंट कमेटी गठित कर रिपोर्ट मांगी

■ बामनिया गांव में दो हजार बीघा चारागाह भूमि से लाखों विलायती बबूल सहित अन्य कीमती पेड़ों के अवैध कटान व उनसे कोयला बनाने का मामला

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा जिले के बनेड़ा तहसील में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। बामनिया गांव में सैकड़ों बीघा चारागाह भूमि से लाखों विलायती बबूल सहित अन्य कीमती पेड़ों के अवैध कटान व उनसे कोयला बनाने के गंभीर प्रकरण में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सेंट्रल जोन बेंच, भोपाल ने कड़ा रुख अपनाया है। ट्रिब्यूनल ने इस मामले को पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा मानते हुए तत्काल प्रभाव से एक उच्च स्तरीय संयुक्त जांच समिति का गठन कर दिया है। इसके अलावा कलैक्टर सहित सात जनों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

पूरा मामला बामनिया ग्राम पंचायत क्षेत्र की सरकारी और चारागाह भूमि से जुड़ा है, जहाँ करीब 2000 बीघा में फैले लाखों विलायती बबूलों को बिना किसी वैध नीलामी के काट दिया गया। स्थानीय स्तर पर की गई शिकायतों में यह गंभीर आरोप लगाया गया है कि भू-माफियाओं ने मिलीभगत कर करीब 25 लाख रुपये से अधिक की सरकारी वन संपदा को नुकसान पहुँचाया है। इन पेड़ों को काटकर बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से कोयला भट्टियां संचालित की जा रही थी, जिससे स्थानीय पर्यावरण को भारी क्षित पहुँची है।

इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति शेओ कुमार सिंह (न्यायिक सदस्य) और डॉ. सुधीर कुमार चतुर्वेदी (विशेषज्ञ सदस्य) की पीठ द्वारा की गई। प्रकरण में फरियादी शिवराज कुमावत एवं अन्य की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता लोकेंद्र सिंह कछावा ने ट्रिब्यूनल को बताया कि बामनिया में बिना किसी सक्षम अधिकारी (कलैक्टर या तहसीलदार) की अनुमति के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की गई। न्यायालय के समक्ष यह दलील भी दी गई कि सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत ने किसी भी प्रकार की नीलामी से स्पष्ट इनकार किया है, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और मिलीभगत की ओर इशारा करता है। साथ ही, विलायती बबूल की आड़ में नीम और खेजड़ी जैसे संरक्षित और महत्वपूर्ण पेड़ों को भी व्यावसायिक लाभ के लिए काटकर नष्ट कर दिया गया।

**जांच के लिए जॉइंट कमेटी का गठन :** मामले की गंभीरता और उठाए गए पर्यावरणीय मुद्दों को देखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने एक संयुक्त समिति का गठन किया है। इस समिति में भीलवाड़ा जिला कलैक्टर के प्रतिनिधि, वन संरक्षक भीलवाड़ा के प्रतिनिधि, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने आदेश दिया है कि यह समिति तत्काल विवादित स्थल का दौरा करेगी और 6 सप्ताह के भीतर अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट व दोषियों पर की गई कार्रवाई का विवरण पेश करेगी। इस पूरी प्रक्रिया के समन्वय और लॉजिस्टिक सहायता के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही, ट्रिब्यूनल ने राजस्थान सरकार सहित सभी संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। पर्यावरण और सरकारी नियमों को ताक पर रखने वालों के खिलाफ इस सख्त आदेश के बाद अब इस मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च, 2026 को तय की गई है। यह आदेश उन तत्वों के लिए एक बड़ी चेतावनी माना जा रहा है जो नियमों का उल्लंघन कर प्राकृतिक संसाधनों का अवैध दोहन कर रहे हैं।


**कार्यालय नगर परिषद भिवाडी (खैरथल-तिजारा) राज.**
Tel. No.- 01493 294977 E-mail ID- bhiwadi.nagarpalika@gmail.com

क्रमांकः-न.प.भि/2025-26/7017 दिनांकः- 11.02.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 55/2025-26**

नगर परिषद भिवाड़ी द्वारा निम्न कार्य कराये जाने हेतु ईच्छुक, अनुभवी एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म आनलाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड एवं अपलोड व http://sppp.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड किये जा सकते है।

| S. No. | Particulars | Detail |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Annual rate contract for providing drivers and firemen at the Municipal Council Fire Station |
| 2 | Estimate Project Cost | 01 works Total 25.00 Lac |
| 3 | Earnest money (EMD) 2% | 2% (50,000/-) |
| 4 | Cost of tender document (non-refundable) In favor of Commissioner Municipal Council Bhiwadi Payable at Bhiwadi | 1000 Each |
| 5 | RISL Processing Fees (non-refundable) In favor of MD RISL Payable at Jaipur. | 2000 Each (MD RISL Payable E -Grass Challan Portal) |
| 6 | Tender Publication on official web site http;//eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in | 11.02.2026 & Time 05.00 PM |
| 7 | Tender download start date | 11.02.2026 & Time 05.10 PM |
| 8 | Bid Submission start date & Time | 11.02.2026 & Time 05.20 PM |
| 9 | Bid Submission End date & Time | 24.02.2026 & Time 06.00 PM |
| 10 | Technical bid opening date & Time | 25.02.2026 & Time 11.00 AM |
| 11 | UBN NO. - | DLB2526SLRC33952 |

निविदादाताओं को प्रोसेसिंग फीस E-Grass Portal पर 56-Local Bodies Department मद में जरिये चालान जमा करानी होगी। E-Grass Portal पर प्रोसेसिंग फीस जमा नही कराने पर निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा को तकनीकी रूप से निरस्त कर दिया जावेगा। एवं अमानत राशि व निविदा शुल्क ऑनलाईन नगर परिषद भिवाडी के A/c No. 4447340637, IFSC Code-KKBK0000275, Branch-Bhiwadi, Kotak Mahindra Bank पर Submission Date and Time से पूर्व जमा करवाकर उससे प्राप्त होने वाली रसीद को स्कैन करके www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करना होगा। निकाय के अन्य किसी भी खाते में राशि स्वीकार नही की जावेगी। अन्यथा आपकी बिड़ को खोलने पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/19883 नगर परिषद, भिवाड़ी

# ताड़केश्वरजी मंदिर के गर्भगृह में जूते पहनकर घुसा सब इंस्पेक्टर एपीओ

## पुजारी से अभद्रता करने के बाद उपजा विवाद, सभी पुजारी धरने पर बैठे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। माणक चौक इलाके में महाशिवरात्रि के दिन ताड़केश्वरजी महादेव मंदिर में धार्मिक आयोजन के दौरान सब इंस्पेक्टर सुरेश शर्मा ने पुजारी से अभद्रता की। जिसके पश्चात मंदिर परिसर का माहौल गर्मा गया। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी कर रहे सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने पूजा-अर्चना कर रहे भक्तों के साथ भी हाथापाई की। जिसके बाद मंदिर प्रशासन ने भक्तों की मदद से सुरेश शर्मा को गर्भगृह से बाहर निकाल दिया।

मंदिर परिसर में पुजारियों के साथ ही अभद्रता के बाद रोष में आए पुजारियों ने सोमवार को मंदिर परिसर का मुख्य गेट बंद दिया और धरने पर बैठ गए और सब इंस्पेक्टर सुरेश शर्मा को सस्पेंड करने की मांग करने लगे। पुजारियों के धरना प्रदर्शन की खबर सुनने के बाद हवा महल विधायक बाल मुकुंद आचार्य भी धरना स्थल पर पहुंचे और दोषी सब इंस्पेक्टर के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

जिसके पश्चात पुलिस के अधिकारी एएसपी नीरज पाठक, माणक चौक थाना अधिकारी राकेश ख्यालियां भी मौके पर पहुंचे और सब इंस्पेक्टर सुरेश शर्मा को एपीओ के आदेश दिखाएं। इसी के साथ तीन दिन में जांच पूरी करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद गुस्साएं पुजारियों ने धरना समाप्त कर दिया।

बताया जा रहा है कि महाशिवरात्रि को ताड़केश्वरजी महादेव मंदिर में चार पहर की पूजा होनी थी। अधिक भीड़ और अनहोनी के चलते पुलिस प्रशासन को लिखित सूचना दी गई थी। रात 11 बजे दूसरे पहर की पूजा में सब इंस्पेक्टर सुरेश शर्मा मंदिर परिसर में आए और मंदिर के गर्भगृह में पहुंच कर भोले बाबा के दर्शन करने लगे। पुजारियों ने सुरेश शर्मा को बेल्ट बाहर उतारकर आने के लिए कहा।

बस इतनी सी बात को लेकर सब इंस्पेक्टर का सुरेश शर्मा आवेश में आ गए और पुजारियों से धक्का-मुक्की करने लग गए। इसी दौरान मंदिर में मौजूद भक्तों ने घटना का वीडियो बना लिया। मंदिर पुजारी का आरोप है कि हाथापाई में उनके दांत में चोट आई। आवेश में आए सुरेश शर्मा ने बीच-बचाव कर रहे भक्तों के साथ भी हाथापाई की।



**महाशिवरात्रि पर ताड़केश्वरजी महादेव मंदिर में सब इंस्पेक्टर सुरेश शर्मा द्वारा पुजारी से अभद्रता की घटना के विरोध में सोमवार को मंदिर के बाहर पुजारियों ने धरना देकर विरोध जताया।**

- **हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य भी धरना स्थल पर पहुंचे**
- **पुलिस अफसरों ने 3 दिन में जांच पूरी करने का भरोसा दिया तब खत्म हुआ धरना-प्रदर्शन**

### सब इंस्पेक्टर पूर्व में भी विवादों में रहा

बताया जा रहा है कि सब इस्पेक्टर पूर्व में भी गोविंद देवजी मंदिर ओर ताड़केश्वर मंदिर में भक्तों और पुजारियों के साथ अभद्रता कर चुका है। जिसकी शिकायत पूर्व में भी की गई थी। इस बार भी सुरेश शर्मा ने मंदिर के गर्भगृह में घुसकर पुजारियों और भक्तों के साथ मारपीट की है। इस मामले को लेकर एएसपी नॉर्थ नीरज पाठक का कहना है कि मंदिर प्रबंधन और पुलिस प्रशासन के बीच मतभेद किसी गलतफहमी को लेकर हुआ था। मंदिर प्रशासन की मौजूदगी में वार्ता हुई है। मामले की जांच कराई जाएगी।

## 'पर्यटकों का स्वागत कुत्तों के हमलों से हो, यह शोभनीय नहीं'

**जयपुर** (कासं)। राज्य मानवाधिकार आयोग ने एयरपोर्ट पर आवारा कुत्तों के पर्यटक पर हमला करने की घटना पर स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया है। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि यह शोभनीय नहीं है कि एयरपोर्ट पर आगमन पर पर्यटकों का स्वागत कुत्ते हमला कर करें। इसके साथ ही आयोग ने मामले में जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस कमिश्नर, एयरपोर्ट मैनेजर और एयरपोर्ट अथॉरिटी सहित नगर निगम के सांगानेर जोन उपायुक्त से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की है। वहीं आयोग ने मामले में घायल इजरायली महिला के इलाज पर हुए खर्च का पुनर्भरण करने के लिए एयरपोर्ट मैनेजर को निर्देश दिए हैं। आयोग अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी ने यह आदेश प्रकरण में प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट्स पर कार्रवाई करते हुए दिए।

आयोग ने अपने आदेश में कहा कि एयरपोर्ट प्रबंधन के साथ ही एयरपोर्ट प्राधिकरण, जिला प्रशासन और नगर निगम सहित वहां तैनात सीआईएसएफ का दायित्व है कि वह खतरनाक प्रवृति के कुत्तों को तुरंत वहां से हटाए।

जिससे एयरपोर्ट जैसे प्रतिष्ठित स्थान के साथ ही शहर की प्रतिष्ठा धूमिल ना हो। वहीं एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना की गाइड लाइन के अनुसार कुत्तों को दूसरी जगह नहीं छोड़ा जा सकता, उचित नहीं है। इस संबंध में प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर रविवार को दिल्ली से जयपुर पहुंची इजरायली महिला यात्री पर कुत्ते ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ऐसे में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराना पडा। रिपोर्ट में यह भी प्रकाशित किया गया था कि कुत्ता पहले भी तीन लोगों को काट चुका है।

# नगर निगम के दो डॉक्टर और संविदाकर्मी चार लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## आवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण के टैंडर के कार्य का सत्यापन करने की एवज में मांगी थी 12 लाख रुपए रिश्वत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने नगर निगम जयपुर में कार्रवाई करते हुए पशु प्रबंधन शाखा के दो पशु चिकित्सा अधिकारियों और एक संविदाकर्मी को 4 लाख रु. की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि शिकायत मिली थी कि आवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण के टेंडर का कार्य पूर्ण कर बिल प्रस्तुत करने के बावजूद भुगतान की प्रक्रिया लंबित रखी जा रही है। आरोप है कि नगर निगम हेरिटेज में पदस्थ डॉ. योगेश शर्मा बकाया बिलों को फॉरवर्ड करने के लिए 12 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। वहीं नगर निगम ग्रेटर के डॉ. राकेश कलोरिया नवंबर-दिसंबर 2025 के बिलों के एवज में 2-2 लाख रुपये प्रतिमाह, कुल 4 लाख रुपये तथा 1 जनवरी 2026 से 3.50 लाख रुपये प्रतिमाह की मांग कर रहे थे।

दोनों अधिकारी अपने कार्यालय के संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर जितेन्द्र सिंह शेखावत के माध्यम से रिश्वत ले रहे थे। सत्यापन में कुल 15 लाख रुपये की मांग की पुष्टि हुई।

उप महानिरीक्षक आनंद शर्मा के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई कर जितेन्द्र सिंह को 4 लाख रुपये लेते पकडा गया। बाद में दोनों चिकित्सा अधिकारियों को भी गिरफ्तार किया गया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव और महानिरीक्षक सत्येन्द्र कुमार के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। प्रकरण भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



**गिरफ्तार डॉक्टर राकेश, डॉ. योगेश व संविदाकर्मी जितेन्द्र सिंह**

# चिकित्सक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर वकीलों ने रास्ता जाम किया

**जयपुर** (कासं)। शहर के गोपालपुरा बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में वकील की मां के इलाज में लापरवाही से जुडे मामले में 5 माह बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं करने पर सोमवार को वकीलों ने हाईकोर्ट के बाहर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। रोड पर वकीलों का धरना देर रात तक जारी रहा।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11.30 बजे वकीलों ने संबंधित चिकित्सक सोनदेव बंसल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हाथों में तख्तियां लेकर सडक़ पर प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी है। वकीलों ने चिकित्सक की गिरफ्तारी कर एलान करते हुए बीच सडक पर धरना आरंभ कर दिया इस संबंध में हाईकोर्ट बार अध्यक्ष राजीव सोगरवाल का कहना है कि सितंबर, 2025 में अस्पताल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। यदि पुलिस ने समय पर उचित कदम उठाया जाता तो वकीलों को आंदोलन करने की जरूरत नहीं पड़ती।



**गोपालपुरा बाईपास स्थित निजी अस्पताल में वकील की मां के इलाज में लापरवाही के विरोध में सोमवार को साथी अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट के बाहर मुख्य मार्ग को जाम कर विरोध जताया।**

वकीलों के मुख्य मार्ग पर जाम लगाने से आसपास की सड़कों की यातायात व्यवस्था चरमरा गई। पुलिस ने मौके पर आकर स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन वकील आरोपी चिकित्सक की गिरफ्तारी की मांग पर अडे रहे। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता जितेन्द्र शर्मा ने अपनी मां को मानसरोवर के पास गोपालपुरा बाईपास स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वकीलों का आरोप है कि इलाज में लापरवाही बरतने के कारण मरीज की मौत हो गई। घटना के समय भी वकीलों ने अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया था और एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

# नीरजा मोदी स्कूल की मान्यता रद्द करने का मुद्दा विधानसभा में गूंजा

- **विधायक कालीचरण सराफ ने कहा "सीबीएसई के इस फैसले से 5500 छात्रों के भविष्य पर संकट छाया"**

**जयपुर** (विसं)। नीरजा मोदी स्कूल की छात्रा "अमायरा" की मौत के बाद स्कूल की सीबीएसई मान्यता रद्द किए जाने का मामला शून्य काल मे विधायक कालीचरण सराफ ने विधानसभा में उठाया। शून्यकाल में यह मुद्दा सामने आते ही सदन में गंभीर चर्चा हुई। भाजपा विधायक सराफ ने कहा कि पिछले साल 1 नवंबर को स्कूल की छात्रा अमायरा ने आत्महत्या कर ली थी। जांच में सामने आया कि छात्रा को कुछ सहपाठियों ने अपशब्द कहे थे। इसकी शिकायत उसने अपनी क्लास टीचर से भी की थी, लेकिन उसे गंभीरता से नहीं लिया गया। सराफ ने कहा कि संभवत: इसी मानसिक आघात के चलते छात्रा ने यह कदम उठाया, परंतु घटना के बाद सीबीएसई ने स्कूल की मान्यता रद्द कर दी। सराफ ने इस फैसले को बेतुका बताते हुए कहा कि इससे स्कूल में पढ़ रहे करीब 5500 छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया है और उनके अभिभावक गहरी चिंता में हैं। सराफ ने मांग की कि आपराधिक कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों-स्कूल प्रशासन और संबंधित शिक्षकों-के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए थी, एफआईआर दर्ज होनी चाहिए थी, न कि पूरी संस्था की मान्यता रद्द की जाती। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप कर सीबीएसई से निर्णय वापस लेने और स्कूल की मान्यता बहाल करवाने की मांग की।

# 38 डिलीवरी ब्वॉय का आपराधिक रिकॉर्ड मिला

**जयपुर**। आमजन की सुरक्षा के लिए पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जयपुर महानगर क्षेत्र फ्लिपकार्ट, जोमैटो और ईटीसी में काम करने वाले कुल 16 हजार 436 डिलीवरी ब्वॉय के आपराधिक रिकॉर्ड का सत्यापन कराया। जिसमें कुल 38 डिलीवरी ब्वॉय का आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया। आपराधिक रिकॉर्ड के सत्यापन के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी कंपनियों के अधिकारियों को दी। उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि पिछले कई दिनों से संज्ञान में आया है कि महानगर क्षेत्र में फ्लिपकार्ट, जोमैटो, स्विगी, ईटीसी जैसी कंपनियों में काम करने वाले डिलीवरी ब्वॉय गंभीर अपराध मारपीट, हत्या, हत्या का प्रयास जैसी वारदात को अंजाम दे रहें है। पुलिस की विशेष टीम ने 16436 डिलीवरी ब्वॉय के आपराधिक रिकॉर्ड का सत्यापन कराया, इनमें 38 डिलीवरी ब्वॉय का आपराधिक रिकॉर्ड मिला।

# विधानसभा में हत्या, साइबर ठगी और नशाखोरी के मुद्दे गूंजे

## विधायकों ने सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की

जयपुर (विसं)। सोमवार को राजस्थान विधानसभा के शून्यकाल में प्रदेशभर से जुड़े कानून व्यवस्था, साइबर अपराध, नशाखोरी, अतिक्रमण और प्रशासनिक लापरवाही के मामलों पर तीखी चर्चा हुई। विभिन्न विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

### 12 वर्षीय बालक की हत्या पर आक्रोश

नोहर विधायक अमित चांचण ने नेठाणा गांव में 12 वर्षीय अभिषेक शर्मा की हत्या का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि बालक की हत्या कर शव कुएं में डाल दिया गया, लेकिन सात दिन बाद भी आरोपी पकड़ में नहीं आए हैं। इससे ग्रामीणों में रोष है और धरना प्रदर्शन जारी है।

### फसल खराबा, सड़क और अतिक्रमण के मुद्दे

बयाना विधायक ऋतु बनावत ने अतिवृष्टि से फसल खराबे और मुआवजा वितरण में असमानता का मुद्दा उठाया। कामां विधायक नौक्षम चौधरी ने अधिकमास में बढ़ने वाली ब्रज परिक्रमा को देखते हुए सतवास गांव में सड़क निर्माण और परिक्रमा मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग की। हनुमानगढ़ विधायक गणेश बंसल ने सरकारी भूमि पर बने गैर-विवादित धार्मिक स्थलों को स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की, ताकि उनके संचालन में आ रही कानूनी अड़चनें दूर हो सकें। राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने जिले में हिंदुस्तान जिंक की माइनिंग गतिविधियों का मामला उठाया।

### 'पुलिस की मिलीभगत' से नशाखोरी का आरोप

गंगापुर विधायक रामकेश ने सवाई माधोपुर जिले में स्मैक, गांजा और अफीम के अवैध कारोबार पर चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि नशे का कारोबार पुलिस की मिलीभगत से फल-फूल रहा है, जिससे अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने भरतपुर संभाग की कानून व्यवस्था सुधारने की मांग की।

शिव विधायक रविंद्र भाटी ने प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में 1.27 लाख साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि 2024 में यह संख्या एक लाख थी। इसके बावजूद एक फीसदी से भी कम मामलों में एफआईआर दर्ज हो रही है। उन्होंने 350 कर्मियों की बड़ी साइबर सेल गठित करने की योजना को शीघ्र लागू करने की मांग की।

### जेईएन की नियुक्ति में भ्रष्टाचार की आशंका

बसेड़ी विधायक संजय कुमार ने अपने क्षेत्र की नगर पालिका में एक ही कनिष्ठ अभियंता को बार-बार नियुक्त करने का मामला उठाया और इसमें भ्रष्टाचार की आशंका जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में पूछे गए प्रश्न पर विधानसभा को गलत जानकारी दी गई, जिस पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा ने माली कुशवाहा समाज के आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पहले आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक अमल नहीं हुआ। सदन में उठे इन विभिन्न मुद्दों ने कानून व्यवस्था, प्रशासनिक पारदर्शिता और विकास कार्यों को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया।

## जयपुर से होगा 'भारत विस्तार' का राष्ट्रीय शुभारंभ

**जयपुर**। कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 'भारत विस्तार' का शुभारंभ राज्य कृषि प्रबंध सस्थान (श्याम) दुर्गापुरा जयपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा की जाएगी।

केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित 'भारत विस्तार' एक बहुभाषी, एआई-आधारित संवादात्मक परामर्श प्रणाली है, जो देश के किसानों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कृषि संबंधी समग्र सेवाएँ उपलब्ध कराएगी। यह पहल कृषि क्षेत्र में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में विकसित की गई है, जिसका उद्देश्य किसानों की उत्पादकता बढ़ाना, लागत कम करना और जोखिम को न्यूनतम करना है। 'भारत विस्तार' प्रणाली को एग्रीस्टेक तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संसाधनों के साथ एकीकृत किया गया है।

इसके अतिरिक्त यह विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य कृषि योजनाओं, भारतीय मौसम विभाग, मंडी मूल्यों एवं राज्य स्तरीय डिजिटल प्रणालियों से जुड़कर किसानों को एक ही स्थान पर सटीक एवं अद्यतन जानकारी प्रदान करेगा। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को फसल आधारित वैज्ञानिक परामर्श, रीयल-टाइम मंडी मूल्य, मौसम पूर्वानुमान, कृषि ऋण एवं बीमा जानकारी, सरकारी योजनाओं की पात्रता व आवेदन मार्गदर्शन जैसी सेवाएँ सरल एवं सुलभ रूप में प्राप्त होंगी।

# 27 फरवरी को पास होगा राजस्थान का बजट

- **इस बार शनिवार को भी चलेगी सदन की कार्यवाही**

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा में 27 फरवरी को बजट पास होगा। एप्रोप्रिएशन बिल और फाइनेंस बिल पर बहस का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कई घोषणाएं करेंगे। विधानसभा स्पीकर की अध्यक्षता में हुई कार्य सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक में 27 फरवरी तक का सदन का कामकाज तय किया गया है। इसके मुताबिक 20 से 26 फरवरी तक सदन में अलग-अलग विभागों की अनुदान मांगों पर बहस होगी। इस बार 21 फरवरी को शनिवार के दिन भी विधानसभा की कार्यवाही चलेगी। शनिवार को अनुदान मांगों पर बहस के साथ पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारके 5 साल बनाम भजनलाल सरकार के 2 साल पर सदन में बहस होगी। सरकार के 2 साल के कामकाज पर तैयार किए गए प्रतिवेदन को राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के जवाब के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में रखा था। उसी दिन सीएम ने 2 साल के कामकाज पर कांग्रेस से बहस की चुनौती को मंजूर किया था।

# ग्रेनाइट मार्बल से भरी पिकअप अनियंत्रित, 9 गाड़ियां टकराई

**जयपुर**। 22 गोदाम इलाके स्थित एलिवेटेड रोड पर सोमवार को ग्रेनाईट मार्बल से भरी तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित हो गई। जिसके बाद पीछे से आ रहीं अन्य गाड़ियों ने भी उसे बचाने के प्रयास में अपना नियंत्रण खो दिया और एक के बाद एक नौ गाड़ियां आपस में भीड़ गई। जिसके बाद एलिवेटेड रोड पर लम्बा जाम लग गया। सूचना पर मौके पर पहुंची साउथ थाना पुलिस व ट्रेफिक पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षितग्रस्त वाहनों को एलिवेटेड रोड से साइड में करवाया और यातायात सुचारु किया। पुलिस ने बताया कि सोडाला की तरफ से ग्रेनाईड मार्बल से भरी तेज रफ्तार पिकअप एलिवेटेड रोड से होते हुए हाईकोर्ट सर्किल की तरफ जा रहीं थी। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित हो गई। पिकअप से बचने के प्रयास में पीछे चल रही अन्य गाड़ियों ने अचानक से ब्रेक लगा दिए। जिसके बाद नौ गाड़िया आपस में भीड़ गई और एलिवेटेड रोड पर लंबा जाम लग गया। अचानक से ब्रेक लगाने से 7 कार, 1 ऑटो, 1 पिकअप वाहन आपस में टकरा गए। हालांकी इस हादसे में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई। सूचना मिलते ही साउथ थाना पुलिस और ट्रैफिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत स्थिति संभाली क्षतिग्रस्ता वाहनों को हटवाया।

## सार-समाचार

### अतिक्रमण को लेकर जवाब मांगा

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने न्यू सांगानेर रोड स्थित विश्व नगर के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण को लेकर मुख्य सचिव, प्रमुख नगरीय विकास सचिव, नगर निगम आयुक्त और जेडीए सचिव सहित पुलिस कमिश्नर से जवाब तलब किया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस रवि चिरानिया की खंडपीठ ने यह आदेश प्रदीप कुमार व अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। जनहित याचिका में अधिवक्ता गीतेश जोशी ने अदालत को बताया कि मास्टर प्लान में न्यू सांगानेर रोड को 100 फीट चौडी सडक बताया गया है। वहीं यहां स्थित विश्व नगर कॉलोनी की रोड 30 फीट चौड़ी है। कॉलोनी के कुछ भूखंड धारकों ने मौके पर कब्जा कर रखा है। जिससे कॉलोनी से पास की कॉलोनी राधा विहार में आने-जाने का रास्ता ब्लॉक हो गया है। कॉलोनी से जुडे मुख्य मार्ग पर एक होलसेल व्यापारी ने पार्किंग के नाम पर अतिक्रमण कर रखा है। लोगो की ओर से अवैध निर्माण, रैंप और टैंक आदि का निर्माण कर 30 फीट चौडी इस रोड को पन्द्रह फीट का ही कर दिया है। इसके अलावा यहां जेडीए के बिल्डिंग बायलॉज के प्रावधानों की भी अवहेलना हो रही है। याचिकाकर्ता की ओर से इस संबंध में जयपुर नगर निगम को साल 2022 में और जेडीए को साल 2023 में शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिका में गुहार की गई है कि मौके से अतिक्रमण हटाकर मास्टर प्लान में दर्शायी रोड की चौडाई को अस्तित्व में लाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

### छात्रा पर डॉग हमले का मुद्दा उठाया

**जयपुर** (विसं)। राजस्थान विधानसभा में सोमवार को बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने स्थगन प्रस्ताव के जरिए बरूधन स्थित में छात्रा पर डॉग हमले की घटना को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने इस मामले में शिक्षा मंत्री के बयान को असंवेदनशील करार दिया। विधायक शर्मा ने कहा कि विद्यालय परिसर में 9 वर्षीय छात्रा तृप्ति सेन पर कुत्ते के हमले की घटना बेहद गंभीर है। उन्होंने शिक्षा मंत्री के हालिया बूंदी दौरे के दौरान दिए गए बयान का उल्लेख किया, जिसमें मंत्री ने कहा था कि डॉग्स तो किसी को भी काट सकते हैं। शर्मा ने इसे पीड़ित परिवार के प्रति असंवेदनशील रवैया बताया। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि एक मासूम बालिका के घायल होने के बाद मंत्री का दायित्व था कि वे परिवार से मिलकर कुशलक्षेम पूछते, आर्थिक सहायता की घोषणा करते और भविष्य के लिए ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत करते। लेकिन दुर्घटना से जूझ रहे परिवार को सहारा देने के बजाय इस तरह की बयानबाजी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक ने मांग की कि छात्रा तृप्ति सेन को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। मॉडल विद्यालय परिसर सहित पूरे संभाग में सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### नशा तस्कर का अवैध मकान ध्वस्त

**जयपुर**। शहर में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए कानोता थाना पुलिस ने सोमवार को कड़ी कार्रवाई की। कानोता पुलिस की मौजूदगी में सरकारी नाले पर अतिक्रमण कर बनाए गए नशा तस्कर मीरा सांसी के दो मंजिला पक्के मकान को ध्वस्त कर दिया गया। डीसीपी ईस्ट संजीव नैन ने बताया कि मीरा सांसी ने अवैध रूप से नाले पर कब्जा कर मकान बना रखा था। जहां से चोरी-छिपे गांजा और स्मैक की बिक्री की जा रही थी। राजस्व अधिकारियों से मौका रिपोर्ट लेकर पुष्टि के बाद एसीपी बस्सी और थाना कानोता पुलिस की उपस्थिति में जेडीए प्रवर्तन दस्ते ने कार्रवाई करते हुए मकान गिरा दिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मीरा सांसी व उसके परिवार के सदस्य-कोमल सांसी, विजेंद्र उर्फ विजय सांसी, लक्की उर्फ राहुल सांसी, महेंद्र सांसी और विक्कु सांसी-मादक पदार्थ तस्करी के कई मामलों में शामिल रहे हैं। जांच में सामने आया कि परिवार के पास कोई वैध आय स्त्रोत नहीं है, जबकि बैंक खातों में करीब 84.51 लाख रुपये जमा मिले। इसके अलावा महंगी गाड़ियां, बहुमंजिला मकान और अन्य लग्जरी सामान भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने बीएनएस की धारा 107 के तहत संपत्ति कुर्क के लिए न्यायालय में इस्तगासा पेश किया है। मामला विचाराधीन है। पुलिस का कहना है कि अवैध नशे के जरिए युवाओं को अपराध की ओर धकेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# त्यौहारों पर कानून व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द से नहीं होगा समझौता

- **होली, रमजान, नवरात्रि व ईद से पूर्व जयपुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर**

**जयपुर** (कासं)। आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा सांप्रदायिक सौहार्द एवं आपसी सद्भाव कायम बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक स्तर पर समन्वय एवं संवाद कायम रखते हुए किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर ने विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने होली, रमजान, चेटीचंड, नवरात्रि, रामनवमी एवं ईद जैसे आगामी पर्वों के दौरान शांति, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाए रखने की अपील की।

कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के मौजीज व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित रखा जाए। सभी पुलिस थानों में नियमित रूप से सीएलजी एवं शांति समिति की बैठकें आयोजित कर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जाए। संदिग्ध व्यक्तियों, स्थानों तथा भ्रामक एवं साम्प्रदायिक तनाव भड़काने वाले तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए उनके विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये कि भ्रामक, अफवाह फैलाने वाले अथवा उत्तेजक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी अपील की गई कि वे आमजन को अफवाहों से सावधान रहने एवं सत्यापित जानकारी पर ही विश्वास करने के लिए जागरूक करें। कलक्टर ने पुलिस अधिकारियों को नाकाबंदी एवं गश्त व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य बाजारों, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा अन्य भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात करने तथा संभावित तनावपूर्ण क्षेत्रों को चिन्हित कर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजीव पचार, यातायात पुलिस उपायुक्त सुमित मेहरड़ा, पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा, पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा, अतिरिक्त कलक्टर युगांतर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




**कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने सोमवार को जिला शांति समिति की बैठक ली।**



## Global Tourism Resilience Day: Honouring the Spirit of Travel


Global Tourism Resilience Day celebrates the strength, adaptability, and innovation of the travel and tourism industry worldwide. Observed annually, it highlights how destinations, businesses, and communities bounce back from crises, from natural disasters to pandemics, ensuring sustainable and safe travel experiences. The day encourages reflection on lessons learned, promotes responsible tourism practices, and recognizes the efforts of professionals keeping the industry vibrant. Travelers and stakeholders mark the occasion by supporting local businesses, engaging in eco-friendly tourism, and appreciating the resilience that sustains global travel, fostering hope and renewal for the future of tourism.



#SHOW

# Lights Faded The Truth Walked In

A high profile Indian fashion designer and couturier from Delhi was presenting his collection. It was breathtaking as the lehenga twirled with embroidery singing with gold





Varnika Agarwal
*(English Language Educator)*



Cacophony of high pitched noises entered the opulent area of a popular hotel in Jaipur. The serpentine line of people snaked towards the entrance of a fashion show with bare minimum on themselves in the biting cold. As dusk set in and the people who stood outside with bated breath entered, perching themselves on the soft vivid red benches, each grabbing them like a game of musical chairs. While I sat like a queen in the first row next to my man who for that night seemed to be look like Mr. Darcy. His tall, strong proud demeanour gave him an air of quiet power. The women around me stared at my chunky gold necklace. I felt like I was in the shoes of Elizabeth Bennet, feeling the need to be judged on my first impressions. The stillness in the air was evident as the announcement to commence was made.

A high profile Indian fashion designer and couturier from New Delhi was presenting his collection. It was breathtaking as the lehenga twirled with the embroidery singing with gold. The men wore pristine white kurtas whispering secrets to the lights. It was a treat for the eyes as the opposite sex seemed like Greek Gods, with chiselled jawlines and six packs that set the tone for next thirty minutes.

As the Rajasthani music lingered in my ears, the cheering crowd made me feel like an elf. Astonished at the shift, I gathered my thoughts. The night seemed to speak to me beyond the fabrics. The applause will fade. The great designer, who walked with poise at the end with his hands folded in Namaste, gave me an adrenaline rush though my spine. He was grinning ear to ear with an evident truth hidden behind his smile: his detachment to praise and appreciation. His humble nature shined through the royal jewels that adorned the necks of the women near him. His calm face, almost meditative, stood out. The biggest lessons of the night came through this show. The model changes many outfits for the night yet the person within remains constant.


As the lights fade and the applause settles into silence, the ramp returns to being just a stage. What remains is not the echo of claps or the sparkle of sequins, but the quiet truth behind the craft. Like shadows at sunset, the garments slip back into memory, leaving their meaning behind. Even the most regal ensemble is, in the end, a passing form, while values endure.





# Discovering Snow-Mobiling In Kazakhstan

Each morning, I was treated to an extraordinary breakfast spread that catered to every possible preference. From caviar to fresh fruits, the options were endless. There was also a special kids' breakfast section, which was a thoughtful touch for families. The view from the hotel was nothing short of magical, offering panoramic views of the Tian Shan Mountains, almost as if I were living in the clouds, surrounded by snow-covered peaks.



#ALMATY



Shreya Prasad Sharma







Almaty, a city often overlooked by mainstream tourists, turned out to be one of the most remarkable discoveries of my New Yearly adventure. Nestled at the foot of the Tian Shan Mountains, Almaty is a hidden gem that offers a perfect blend of nature, adventure, and culture, all without the crowds that usually overwhelm popular destinations. What makes Almaty even more special is its tranquility, affordability, and its ideal setting for first-time skiers. This trip made me realize that, despite not being one of the world's top tourist spots, Almaty is more than capable of delivering an unforgettable experience.

### Arrival and Stay at The Ritz-Carlton, Almaty

The journey started with my stay at the Ritz-Carlton in Almaty, and it couldn't have been more perfect. From January 1st to 5th, the hotel became my sanctuary amidst the snow-capped mountains. The hotel offered exceptional value for money without compromising on luxury or comfort. I had the privilege of staying in a suite that provided premium lounge access, where all-day drinks and snacks were on the house. The variety of snacks was impressive, from gourmet Italian delights to sandwiches and local delicacies. But the real highlight was the cocktails, some of the best I've had, paired with fresh fruit concoctions. Each morning, I was treated to an extraordinary breakfast spread that catered to every possible preference. From caviar to fresh fruits, the options were endless. There was also a special kids' breakfast section, which was a thoughtful touch for families. The view from the hotel was nothing short of magical, offering panoramic views of the Tian Shan Mountains, almost as if I were living in the clouds, surrounded by snow-covered peaks.

### Skiing at Shymbulak and Medeu: A Mix of Adventure and Local Charm

Almaty is a hidden treasure for skiing enthusiasts, and Shymbulak Ski Resort and Medeu offered the perfect setting for my adventure. The resorts are ideal for newcomers to skiing, with well-trained instructors and slopes that are manageable for beginners. The peaceful atmosphere and the absence of crowds made the experience even more enjoyable. However, there were some quirky touristy activities that caught my attention. At Shymbulak, visitors could dress up in traditional Kazakh attire and take photos in the snowy landscape. While it was a fun way to experience the local culture, I must admit, I felt a twinge of guilt afterwards. Alongside these photo opportunities, there was a tamed vulture that tourists could pose with, which I couldn't fully endorse. While I understand that it's part of the tourism experience, I couldn't help but feel uncomfortable promoting the taming of such a beautiful bird just for a photo op. It was a conflicting moment, one that made me reflect on how tourism sometimes intersects with animal welfare. On a brighter note, the restaurant at Shymbulak was a delight. The food was exceptional, with their pizza being an absolute standout. If you're traveling with kids, be sure to treat them to the truffle French fries, they're an irresistible indulgence that both adults and children will love.



### Exploring Almaty's Natural Wonders

Apart from skiing, Almaty's surroundings are a wonder in themselves. I ventured to Big Almaty Lake, a breathtaking turquoise reservoir nestled in the mountains. The serenity and stunning landscape were awe-inspiring, and I



found it to be the perfect spot for some quiet reflection amidst nature.

A visit to Gorky Central Park of Culture and Leisure offered another peaceful escape. The park was lively yet relaxed, with families and locals enjoying the open space. Nearby, the Zeleniy Bazaar brought me face to face with the bustling life of Almaty. The market was filled with fresh produce, spices, and Kazakh delicacies. I couldn't resist sampling a few, and the warmth of the locals made the experience all the more special. A memorable stop was at the Rakhat Lotte Chocolate Souvenir Shop, where I picked up some delicious chocolates to take home.

### Adventure Beyond the City: Charyn Canyon and Kolsay Lake

From January 6th to 8th, I explored the wonders outside Almaty. Charyn Canyon, often referred to as Kazakhstan's Grand Canyon, was a surreal experience. The vivid red rock formations and the deep valley carved by the Charyn River were absolutely stunning. The Kolsay Lake and surrounding nature offered a tranquil retreat, perfect for nature lovers and photography enthusiasts. I also ventured to Tamgaly Tas, where ancient petroglyphs tell the story of Kazakhstan's deep historical roots.

The City of Nomads Day Tour offered a fascinating glimpse into Kazakhstan's past, bringing the ancient nomadic culture to life through its ruins and scenic landscapes. The Ile River was equally mesmerizing, with its flowing waters creating a peaceful ambience, making it a must-visit for anyone looking to connect with nature.


One of the best experiences I had in Almaty was with Ren Tour Extreme, which offers thrilling snowmobiling adventures through the snow-covered landscapes of the Tian Shan mountains. The rush of speeding through the vast, pristine snowfields, with nothing but the mountains surrounding you, was truly exhilarating. It's an unforgettable way to explore the natural beauty of Almaty's winter wonderland. Additionally, Altai provides an authentic horse riding experience, allowing visitors to explore the picturesque countryside like the ancient nomads once did. Riding through the snow-covered hills on horseback gave me a deep connection to the land, offering panoramic views of the mountains and valleys, and an experience that was both peaceful and awe-inspiring.

### Food and Nightlife: A Culinary and Social Experience

Almaty's food scene is not just about traditional dishes but also an evolving fusion of flavours. I had the privilege of dining at some of the city's top spots:

Beefeater Dostyk offered a hearty meal with mouth-watering steaks. The ambience was top-notch, making it the perfect place to unwind after a day of exploration.

- Nuala provided a chic dining experience with exquisite dishes that combined international flavours with local ingredients.
- Tyubeteika, a cozy restaurant, served the most comforting Kazakh food. I savored traditional dishes like beshbarmak and plov, each bite full of warmth and history.
- SandyQ offered a delightful culinary experience with modern twists on Kazakh and Central Asian dishes. The flavours were rich, and the hospitality made it a standout spot for anyone looking to try something new yet familiar.
- For a night out, I visited Zhest Nightclub, which had an electric atmosphere and great music. The nightlife in Almaty was surprisingly vibrant and welcoming, offering an energetic contrast to the calm beauty of the daytime.
- Cicada Bar was another gem, offering great cocktails in a stylish setting. Nebo provided a rooftop bar experience with an unbeatable view of the city, perfect for a drink while watching the sunset.



### Farewell to Almaty

As my time in Almaty came to a close, I was filled with gratitude for the experiences I had, from the serene moments in nature to the exhilarating adventures on the slopes. Almaty, with its undiscovered charm and warmth, proved to be one of the best travel experiences I've had. It's a city that offers everything, natural beauty, thrilling adventures, cultural treasures, and an emerging culinary scene, all without the overwhelming crowds that come with popular tourist spots.

Whether you're looking for a peaceful retreat, a skiing getaway, or an affordable yet luxurious escape, Almaty should be on your radar. With its breathtaking landscapes, rich history, and welcoming people, this underrated gem is a place worth discovering.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

#MEDICINE

# Egyptian Doctors Were Ahead of Their Time

Archaeologists have discovered skulls from ancient Egypt with cracks and holes, the result of trepanation, one of the earliest known forms of brain surgery



Think your doctor is advanced? Think again. Over 4,000 years ago, Egyptian physicians were performing brain surgery, recording cases, and developing protocols that would rival, and in some ways surpass, modern practice. It sounds impossible. But the evidence is clear.


### A Skull That Survived Surgery

Archaeologists have discovered skulls from ancient Egypt with cracks and holes, the result of trepanation, one of the earliest known forms of brain surgery. No hospitals. No machines. No anesthesia. And yet, the patients survived. The bone had healed completely, proving that these were not mere experiments, they were life-saving procedures performed with precision.

### Written Knowledge: The Edwin Smith Papyrus

What truly sets Egyptian medicine apart is not just the surgery itself, but how systematically it was documented. The Edwin Smith Papyrus, a 4,000-year-old medical text, contains 48 detailed surgical cases. Each case includes:

- The diagnosis
- Step-by-step treatment
- Instructions on what to do if the initial plan failed



Astonishingly, many of these instructions remain accurate today. The Egyptians had developed protocols, risk assessment, and medical reasoning thousands of years before modern hospitals existed.

### A Secret Worth Guarding

This knowledge was considered sacred and dangerous. Students who leaked these secrets faced execution. Surgeons whose patients died could have their hands removed, never to practice again. For 3,000 years, priests and physicians guarded this wisdom closely, passing it down only to the most trusted apprentices.

### The Greek Connection


Eventually, the Greeks came. Hippocrates, often hailed as the Father of Medicine, studied in Egypt. He absorbed centuries of Egyptian knowledge, brought it home to Greece, and codified it, earning historical fame. Meanwhile, the Egyptian teachers who had pioneered these techniques were largely erased from history. Their innovations became invisible, credited instead to those who came later.

### Rethinking Medical History

When you walk into a hospital today, you might assume that modern medicine began with Greece or Europe. But the foundations, surgery, diagnosis, documentation, even early anesthesia, began on the banks of the Nile. Egyptian doctors weren't just healers, they were innovators, engineers of the human body, and meticulous record-keepers whose work still echoes in medical practice today. The next time you think medicine is a modern invention, remember the skulls, the papyri, and the priests of ancient Egypt. They set the standard long before hospitals, universities, or stethoscopes existed.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कोटा में 29 लाख का डोडा-चूरा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

## पकड़े गये दोनों तस्करों से मादक पदार्थ के बारे में पूछताछ जारी

**कोटा,** (निसं)। अवैध नशे की तस्करी के खिलाफ कोटा ग्रामीण पुलिस की ओर से चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन रूट क्लियरेंस के तहत कोटा ग्रामीण की मंडाना पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक मिनी ट्रक की तलाशी ली तो मिनी ट्रक की बॉडी में एक गुप्त बॉक्स में से अवैध मादक पदार्थ 193.120 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद किया। पुलिस टीम

■ **मिनी ट्रक के गुप्त बॉक्स में छिपाकर रख हुआ था डोडा-चूरा**

द्वारा पकड़े गये मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 29 लाख रूपये बताई गई है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अभियान के तहत् मंडाना थानाधिकारी वासुदेव ने मय जाब्ता इलाके के काल्याखेड़ी के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग की। नाकाबंदी के दौरान झालावाड़ की ओर से आ रहे एक आईसर ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो ट्रक की बॉडी में




मंडाना पुलिस टीम ने 193 किलो डोडा-चूरा व मिनी ट्रक को जब्त किया।

एक गुप्त बॉक्स मिला जिसकी जांच में पुलिस टीम को 193.120 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा बरामद हुआ, बरामद अवैध मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 29 लाख रूपये है। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए जिला लुधियाना पंजाब के शेरपुर बस्ती निवासी कुलविन्दर सिंह (35) एवं जिला फतेहगढ़ पंजाब के अमराला निवासी गुरजन्ट सिंह (29) को गिरफ्तार किया है, पकड़े गये दोनों तस्करों से मादक पदार्थ के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है।

## युवक पर फायरिंग, तीन गिरफ्तार

**भरतपुर,** (निसं)। शहर में बदमाशों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। जहां पहले एक युवक के साथ होटल में मारपीट की गई और फिर रिपोर्ट दर्ज कराने जाते समय थाने के पास ही उस पर फायरिंग कर दी। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एएसपी सिटी पंकज यादव ने बताया कि परिवादी सुमित पुत्र अमर सिंह निवासी चर्च के पास, गोपालगढ़ ने लिखित शिकायत देकर जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई थी। परिवादी के अनुसार, वह 14 फरवरी की रात अपने दोस्तों के जन्मदिन समारोह में सारस चौराहे स्थित सन स्टार होटल गया हुआ था। इसी दौरान अज्जू ठाकुर, जीतू सहजवानी और कौशल शर्मा ने उसके साथ मारपीट की और उसे धमकाते हुए पिस्टल तान दी।

पीड़ित जब घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना मथुरा गेट थाने जा रहा था, तभी थाने के पास बिजलीघर चौराहे के नजदीक आरोपियों ने उस पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि युवक बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना मथुरा गेट पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद आरोपियों अज्जू ठाकुर, जीतू सहजवानी और कौशल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे से सुरक्षा उपकरण चोरी का पर्दाफाश

**कोटा,** (निसं)। ग्रामीण इलाके की बुढ़ादीत पुलिस टीम ने 8 लेन भारतमाला दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हो रही चोरीयों का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफतार किया है। पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपियों के पास से लाखों रुपए के चोरी किये गये उपकरण बरामद किए हैं। ये उपकरण एक्सप्रेसवे की मॉनिटरिंग और सुरक्षा के लिये लगाए गए थे। पुलिस ने बरामद किये गये उपकरणों में सोलर प्लेट तीन बड़ी व एक छोटी, एक टुटा हुआ सीसीटीवी कैमरा, बैटरी, केबल, इनवर्टर व अन्य सामान शामिल है।

ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि 12 फरवरी को एक्सप्रेस-वे के प्रतिनिधि मुकेश कुमार मेघवाल ने बूढ़ादीत थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे हाइवे पर से चैनेज 348 प्लस 650 पर लगे तीन बड़ी व दो छोटी सोलर

■ **तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया, लाखों रुपए के उपकरण बरामद**

प्लेटें चोरी हो गई है, रिपोर्ट में कहा कि इसके साथ ही इलैक्टिक केबिल, कैमरे, बैटरियां इन्वेटर इत्यादि सामान चोरी हो गया है।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। मामले का खुलासा करने के लिये बुढ़ादीत थानाधिकारी दीप्ती रानी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने मुखबीर की सूचना, तकनीकी आधार पर लाखसनीजा निवासी गुड्डी श्याम (42), कोटड़ापुरा निवासी कृष्ण मुरारी (30) और लक्ष्मण गुर्जर (25) को कोटड़ापुरा 8 लाइन के पास से डिटेन कर पूछताछ के बाद प्रकरण में गिरफ्तार किया, पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सुरक्षा दीवार के सिमेंट पट्टी व पिल्लर के 55 नग, जिओ टैक्सटाईल के 4 नग, बैटरी पैक, येलो स्टार के 2 नग, सोलर का 1 नग, जियो सेल के 4 बंडल, सोलर प्लेट 3 बडी व 1 छोटी, कैक्टोमीटर बोर्ड, नीले ड्रम के 2 नग, इलेक्टिक वायर के 4 बंडल सहित अन्य उपकरण बरामद हुए जिनकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रूपये है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि इनके ग्रुप में तीन से चार चोर शामिल हैं, दो व्यक्ति दिन में रैकी करते थे जिसके बाद इनके इनपुट पर रात में चोरी के लिए पूरी गैंग जाती थी। इनमें एक व्यक्ति साइड में खड़ा होकर आने वाले वाहनों पर नजर रखता था, जबकि शेष चोरी करते थे।

## पवन ऊर्जा कार्मिकों व गार्ड से मारपीट

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर शहर के निकटवर्ती मेवासा गांव में पवन ऊर्जा संयंत्र पर काम करने वाले कर्मचारियों, गार्ड आदि को बंधक बनाकर मारपीट की गई। मामला महिने भर पहले का है और अब पुलिस में केस दर्ज कराया गया है। अज्ञात शख्स के खिलाफ पुलिस जांच में जुटी है।

करवड़ पुलिस ने बताया कि

■ **मामला महिने भर पहले का, अब केस दर्ज कराया गया है**

सुजलोन पवन ऊर्जा कं पनी बैगडिया में लगे गार्ड सुपरवाइजर मदन सिंह पुत्र तेज सिंह ने मामला दर्ज कराया गया। इसमें बताया कि मेवासा गांव में पवन ऊर्जा संयंत्र लगा हुआ है। जहां पर सुरक्षा गार्ड, बॉर्डर गार्ड कार्यरत है। गत 15 जनवरी को कुछ लोग आए और सभी को बंधक बनाकर मारपीट की। पवन ऊर्जा संयंत्र को काफी नुकसान पहुंचाया गया। पीड़ित के साथ भी इस दौरान मारपीट कर बंधक बनाया गया। करवड़ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात शख्स के खिलाफ जांच आरंभ की है।

# अजमेर में परिवहन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ बस संचालकों का प्रदर्शन

## सीज बसों को छुड़ाने और लगातार चालान कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग

**अजमेर,** (कासं)। निजी बस संचालकों ने सोमवार को जिला कलैक्ट्रेट पर विरोध-प्रदर्शन किया। बस ऑपरेटर यूनियन अजमेर के बैनर तले एकत्रित हुए बस मालिकों और संचालकों ने परिवहन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान बस संचालकों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

विनोद नकवानी ने बताया कि बस

■ **प्रदर्शन के बाद बस संचालकों ने जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा**

संचालकों का कहना है कि राजस्थान परिवहन विभाग द्वारा आए दिन निजी बसों के चालान काटे जा रहे हैं। इसके अलावा कई बसों को विभिन्न कारणों से सीज भी किया गया है। संचालकों का आरोप है कि विभागीय कार्रवाई से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। बस मालिकों ने बताया कि लगातार हो रही चालान की कार्रवाई के कारण न केवल उनकी आय पर असर पड़ रहा है, बल्कि यात्रियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के बाद बस संचालकों ने जिला कलैक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मांग की कि बसों पर की जा रही सख्त कार्रवाई को रोका जाए और जिन बसों को सीज किया गया है, उन्हें छोड़ा जाए। संचालकों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे आगे और उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। बस ऑपरेटरों का कहना है कि वे नियमों के तहत ही संचालन कर रहे हैं, लेकिन छोटी-छोटी तकनीकी कमियों को आधार बनाकर भारी जुर्माना लगाया जा रहा है।

# भीलवाड़ा में जेसीबी से वर्षों से जमे अवैध अतिक्रमण हटाये

**भीलवाड़ा,** (निसं)। नगर निगम में निर्वाचित बोर्ड का कार्यकाल समाप्त होते ही शहर की फिजा बदलने लगी है। प्रशासन ने अब शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए पूरी तरह कमर कस ली है, जिसका असर सोमवार को सड़कों पर साफ नजर आया। जिला कलैक्टर एवं निगम प्रशासक जसमीत सिंह संधू के पदभार संभालते ही अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है।

सोमवार को निगम का दस्ता जब सूचना केंद्र पहुंचा, तो वहां हड़कंप मच गया। सूचना केंद्र से लेकर भोपाल क्लब तक निगम की जेसीबी (पीला पंजा) ने वर्षों से जमे अवैध कब्जों को हटा दिया। सड़क किनारे राहगीरों के लिए मुसीबत बने लोहे के बक्से, कोठियां और अवैध पेटियों को जेसीबी ने देखते ही देखते मलबे और कबाड़ में तब्दील कर दिया। निगम की इस सख्ती को देखकर फ्रेंड्स मेडिकल से लेकर भोपाल क्लब तक के दुकानदारों में डर बैठ गया और उन्होंने आनन-फानन में अपने अवैध टीन-टप्पर और बाहर निकला सामान खुद ही हटाना शुरू कर दिया। इससे पूर्व, प्रधान डाकघर के पास नालियों पर किए गए पक्के निर्माणों को ध्वस्त कर पूरा चौक खाली कराया गया। इस अभियान की सबसे बड़ी सफलता आजाद चौक में देखने को मिली है। जिस चौक में पहले दुपहिया वाहन निकलना भी दूभर था, वहां अब कारें आसानी से गुजर रही हैं। सड़क के दोनों ओर लगने वाले हाथ-ठेलों को पूरी तरह हटा दिया गया है, जिससे मार्ग अब काफी चौड़ा और व्यवस्थित नजर आ रहा है। शहर में हो रही इस त्वरित कार्रवाई को लेकर आमजन में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

स्थानीय नागरिकों ने पांच साल तक सत्ता में रहे जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने केवल दिखावे की कार्रवाई की, जिससे शहर की सुंदरता खराब होती रही। लोगों का कहना है कि जिन्हें व्यवस्था सुधारने के लिए चुना गया था, उन्होंने अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई, जबकि प्रशासक के आते ही सफाई और अतिक्रमण हटाओ अभियान की गति काबिले तारीफ है। अतिक्रमण निरोधक दस्ते के प्रभारी संजय खोखर और जोरावर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर मुस्तैद हैं। निगम सूत्रों के अनुसार, सूचना केंद्र सर्किल के पास फुटपाथ पर दुकान सजाने वालों को अंतिम चेतावनी दे दी गई है। किसी भी समय वहां फिर से जेसीबी की गर्जना सुनाई दे सकती है।

# कच्चे घर में लगी आग से लाखों रुपये का सामान जला

**दौसा,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जौपाड़ा के खारवालों की ढाणी में एक छप्परपोश घर में आग लग गई। आग से घर में रखा लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

ग्रामीणों ने बताया कि रात को भोमाराम खारवाल पुत्र कजोड़मल खारवाल के कच्चे घर अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी भयंकर थी कि आसपास के घरों तक पहुंच रही थी। घर में सो रही भोमाराम की पत्नी छोटी देवी व पुत्री रसना ने घर से निकलकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों ने आग की लपटें उठती देख गांव के लोग मौके पर पहुंचे। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों व हल्का पटवारी व सदर थाना पुलिस को दी। सुबह मौके पर पहुंचे प्रशासक प्रयाग कंवर व हल्का पटवारी दिपांशु सैनी ने मौका स्थिति का जायजा लिया और रिपोर्ट तैयार की। प्रशासक प्रयाग कंवर



आग लगने से घर का सारा सामान जल गया।

ने बताया कि पीड़ित भोमाराम खारवाल के कच्चे घर में रखा 5 बोरी अनाज, 50 मन चारा, कपड़े, दैनिक उपयोग का सामान, 10 किलो घी और 50 हजार रूपये नगदी सहित घर में रखा घरेलू सामान जल कर राख हो गया।

ग्रामीणों ने बताया कि भोमाराम खारवाल की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है। उसके पास रहने के लिए यही कच्चा मकान था। जिसके जल जाने के बाद खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग से हुई क्षति की भरपाई के लिए त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी पीड़ित परिवार की मदद की अपील की है। हल्का पटवारी दिपांशु सैनी ने बताया है कि खसरा नम्बर 297 खातेदार भूमि मे कच्चा घर में रहता था उपस्थित लोगों ने बताया कि रात को अज्ञात कारणों से पूरे छप्परपोश में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

# श्रीगंगानगर : पत्नी ने बॉयफ्रेंड से करवाई थी पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। यहां पत्नी ने प्रेमी से पति की हत्या करवाई थी। प्रेमी ने युवक को रास्ते में रोककर उसके सिर पर लाठियों से हमला किया था। फिर रस्सी से गला घोंट दिया। इसके बाद भी वह नहीं मरा तो ईंट से सिर फोड़ दिया। इस दौरान पत्नी मोबाइल फोन पर अपने प्रेमी के लगातार संपर्क में थी। हत्या के बाद शव और बाइक को 15 किलोमीटर दूर इंदिरा गांधी नहर में फेंक दिया। पुलिस को दो फरवरी को फलोदी क्षेत्र में नहर में गांव 4 जेडडब्ल्यूएम निवासी भजनलाल (32) का शव मिला था। भजनलाल के पिता ने कृष्ण लाल ने दो फरवरी को घड़साना थाने में बेटे की हत्या का मामला दर्ज करवाया था। घड़साना थाना पुलिस ने आरोपी पत्नी इंद्रा देवी (30) और उसके प्रेमी प्रभुदयाल (33) पुत्र सुरजाराम को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रभुदयाल का साथ देने वाले नाबालिग को भी डिटेन किया है।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी अमृता दुहन ने बताया कि

■ **हत्या में आरोपी प्रभुदयाल का साथ देने वाले नाबालिग को भी डिटेन किया**

■ **हत्या के बाद शव और बाइक को 15 किलोमीटर दूर इंदिरा गांधी नहर में फेंक दिया था**

भजनलाल की हत्या 16 जनवरी को इंद्रा देवी ने प्रेमी प्रभुदयाल और 15 वर्षीय नाबालिग के साथ मिलकर की थी। पुलिस के अनुसार, भजनलाल घड़साना के गांव 4 जेडडब्रूयूएम में पत्नी इंद्रा और दो बच्चों के साथ रहता था। वह गांव में ही फर्नीचर का काम करता था। इंद्रा का गांव के ही प्रभुदयाल के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रभुदयाल मजदूरी करता है।

दोनों के प्रेम प्रसंग में भजनलाल रोड़ा बनने लगा तो दोनों ने भजनलाल को रास्ते से हटाने का निर्णय लिया। एसपी अमृता दुहन ने बताया कि इंद्रा और प्रभुदयाल ने भजनलाल को मारने की साजिश रच ली थी। 16 जनवरी को जब भजनलाल बाइक से घड़साना आ रहा था। प्रभुदयाल ने अपने साथ काम करने वाले 15 वर्षीय नाबालिग के साथ मिलकर गांव के बाहर भजनलाल को रुकवाया। उसने उसके सिर पर लाठियों से हमला कर दिया। लाठियों से हमला करने के बाद दोनों ने मिलकर भजनलाल का रस्सी से गला घोंट दिया। एसपी अमृता दुल्हन ने बताया कि प्रभुदयाल ने इंद्रा को साजिश को अंजाम देने की बात कही तो दोनों ने शव को ठिकाने लगाने का निर्णय लिया। प्रभुदयाल और नाबालिग भजनलाल को मरा हुआ समझकर उसी की बाइक पर बीच में बैठाकर घड़साना से करीब 15 किलोमीटर दूर नहर में फेंकने के लिए ले गए। नहर के पास पहुंचे तो भजनलाल को अचानक होश आ गया। इसके बाद प्रभुदयाल ने नाबालिग के साथ मिलकर ईंट से उसके सिर पर जोरदार वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई। एसपी ने बताया कि प्रभुदयाल ने नाबालिग के साथ मिलकर शव और उसकी बाइक को नहर में फेंक दिया। उसके बाद सबूत भी मिटाने के प्रयास किए। घटना को अंजाम देने के बाद प्रभुदयाल नाबालिग के साथ वापस गांव आ गया। एसपी ने बताया कि भजनलाल का शव नहर में बहकर करीब 270 किमी दूर चला गया था। 2 फरवरी को फलोदी जिले की नोखा पुलिस को नहर में एक व्यक्ति का शव मिला। नोखा पुलिस को कार्रवाई के दौरान पता लगा कि यह शव घड़साना के गांव 4 जेडडब्रूयूएम के भजनलाल का है।

एसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। एसएचओ देवीलाल सहारण ने बताया कि पुलिस टीम ने हर एंगल से जांच की। जांच के दौरान भजनलाल की पत्नी इंद्रा पर शक हुआ। जब इंद्रा के फोन की कॉल डिटेल निकाली गई तो इंद्रा की भूमिका संदिग्ध लगी। पुलिस ने इंद्रा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में प्रभुदयाल का पता चला। इसके बाद सोमवार को प्रभुदयाल को गिरफ्तार कर लिया।

## वारदातों का खुलासा

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर, लूट, चोरी एवं नकबजनी के कई मामलों का खुलासा किया है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि कुछ मामलों में गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। ग्रामीण एसपी नारायण टोगस ने बताया कि पुलिस थाना चामू में ग्राम चैराई में वृद्ध महिला की हत्या व लूट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। भोपालगढ़ कस्बे में बुजुर्ग महिला की हत्या का प्रकरण 48 घंटे में ट्रेस कर नाबालिग को पकड़ा गया। बिलाड़ा के उचियारड़ा बेरा में चांदी व्यवसायी कैलाश माली की हत्या व 12.290 किलो चांदी लूट मामले का 24 घंटे में खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। देवातड़ा गांव में दिनदहाड़े हत्या व लूट का मामला भी 24 घंटे में सुलझाया गया। वहीं चोरी के मामलों में शेरगढ़ थाना क्षेत्र में सक्रिय अंतरराज्यीय बाछड़ा गैंग के पांच सदस्य पकड़े गए। रायंसर में बिजली तार चोरी, पीपाड़ शहर में मंदिर चोरी और अन्य वारदातों में भी आरोपियों की गिरफ्तारी हुई।

# झुंझुनूं में मेडिकल कॉलेज विवाद गहराया, चिकित्सकों ने काली पट्टी बांध प्रदर्शन किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (जीएमसी) में चल रहा विवाद अब और तेज हो गया है। एक ओर जिलेभर के सेवारत चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध-प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी ओर एमबीबीएस छात्रों ने भी कक्षाओं का बहिष्कार कर धरना शुरू कर दिया। अरिसदा झुंझुनूं के आव्हानन पर छह सेवारत चिकित्सकों के पदनाम विलोपन के विरोध में जिलेभर के चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

जानकारी के अनुसार राजकीय बीडीके अस्पताल में सेवारत चिकित्सकों ने मुख्यद्वार पर काली पट्टी बांधकर नारेबाजी की। चिकित्सकों का आरोप है कि जीएमसी प्रधानाचार्य डॉ. राकेश साबू द्वारा तानाशाही एवं बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाया गया है, जिससे चिकित्सक वर्ग आहत है। पदनामित चिकित्सक कॉलेज की शुरुआत से बिना किसी अतिरिक्त मानदेय के शिक्षण सेवाएं दे रहे थे। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग दिल्ली को

■ **चिकित्सकों का आरोप है कि जीएमसी प्रधानाचार्य डॉ. राकेश साबू द्वारा तानाशाही एवं बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाया गया है, जिससे चिकित्सक वर्ग आहत है**

ज्ञापन भेजकर पदनामित चिकित्सकों की बहाली तथा प्रधानाचार्य पर अनुशासनात्मक कार्रवाई कर पद से हटाने की मांग की गई है। चिकित्सकों का कहना है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की गाइडलाइन एवं राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार पदनामित किया गया था। एनएमसी की टेक-25 के तहत समायोजन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। पद विलोपन के लिए आयोग और राज्य सरकार की अनुमति आवश्यक है। बिना सक्षम स्तर की अनुमति के पदनाम विलोपन से छह चिकित्सक अपमानित महसूस कर रहे हैं।

अरिसदा प्रवक्ता डॉ. विजय झाझड़िया ने कहा कि जब तक प्रधानाचार्य पर कार्रवाई नहीं होती और उन्हें पद से नहीं हटाया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। मांगें नहीं माने जाने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी गई है। अरिसदा अध्यक्ष डॉ. एसए जब्बार ने बताया कि आगे भी जिलेभर के अस्पतालों में काली पट्टी बांधकर विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शन में डॉ. राजेन्द्र ढाका, डॉ. शीशराम गोठवाल, डॉ. पुष्पा रावत, डॉ. राजेन्द्र पायल, डॉ. जगदेव सिंह, डॉ. मधु तंवर, डॉ. आकांक्षा, डॉ. मनीषा चौधरी, डॉ. श्वेता, डॉ. दीपक देवठिया, डॉ. सपना झाझड़िया, डॉ. राहुल सोनी, डॉ. गौरव बूरी, डॉ. ईकराज अहमद, डॉ. दुष्यंत बसेरा, डॉ. प्रियंका कस्वां, डॉ. सुरेश मील, डॉ. नेमीचंद, डॉ. संदीप नेमीवाल, डॉ. प्रमोद तेतरवाल, डॉ. प्यारेलाल भालोठिया, डॉ. अरविंद जाखड़, डॉ. नवीन, डॉ. कपूर थालौर, डॉ. पूनम चौधरी सहित अनेक चिकित्सक शामिल रहे। मलसीसर में डॉ. सतवीर और डॉ. अशोक सैनी समेत चिकित्सकों ने भी काली पट्टी बांधकर विरोध किया।

सोमवार को एमबीबीएस बैच 2024 और 2025 के छात्रों ने भी कक्षाओं का बहिष्कार कर धरना शुरू कर दिया और अपनी मांगों को लेकर प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि फार्माकोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और पैथोलॉजी की प्रयोगशालाएं पूर्ण रूप से कार्यशील नहीं हैं तथा योग्य लैब तकनीशियनों की कमी है, जिससे प्रायोगिक शिक्षा प्रभावित हो रही है। छात्र राहुल शर्मा ने बताया कि क्लिनिकल एक्सपोजर के लिए बस सुविधा का आश्वासन दो-तीन माह पहले दिया गया था, लेकिन अब तक कोई व्यवस्था नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पांच बार आवेदन देने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। छात्र अक्षय ने आरोप लगाया कि सेकेंड ईयर की लैब्स फंक्शनल नहीं हैं, खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के लिए लगभग 50 लाख रुपये के बजट के बावजूद सुविधाएं नहीं मिल रहीं। प्रत्येक छात्र से करीब 18 हजार रुपये स्पोर्ट्स फीस ली जा रही है, लेकिन उसका उपयोग नजर नहीं आता।

छात्रों ने बताया कि हॉस्टल में लंबे समय तक टेबल-चेयर नहीं थे, छात्र गद्दे बिछाकर जमीन पर सोने को मजबूर थे। परिसर में खुले गड्ढे और अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था से सुरक्षा को खतरा बताया गया। इसके अलावा परिवहन सुविधा, मेस व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा सहायता, बैकअप बिजली और स्वच्छता संबंधी समस्याएं भी उठाई गईं।

चिकित्सकों और छात्रों का आरोप है कि लंबे समय से समस्याएं उठाई जा रही हैं। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पूरे मामले में कॉलेज प्रधानाचार्य की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। फिलहाल कॉलेज को लेकर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

# जैसलमेर : रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक अतिक्रमण से आक्रोश

## उन गलियों और क्षेत्रों में भी व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति दी जा रही है, जो आवासीय श्रेणी में आते हैं

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। स्वर्ण नगरी जैसलमेर में इन दिनों नगर परिषद के फैसलों को लेकर स्थानीय निवासियों में गहरा रोष व्याप्त है। आरोप है कि नगर परिषद आयुक्त द्वारा रिहायशी क्षेत्रों में नियमों को ताक पर रखकर घरेलू से व्यावसायिक रूपांतरण (कन्वर्जन) की अनुमति दी जा रही है। इससे न केवल शहर का मास्टर प्लान प्रभावित हो रहा है, बल्कि शांत इलाकों में रहने वाले आम नागरिक मानसिक और भौतिक रूप से परेशान हो रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा उन गलियों और क्षेत्रों में भी व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति दी जा रही है, जो पूरी तरह से आवासीय श्रेणी में आते हैं। नियमों के अनुसार, किसी भी आवासीय भूखंड को व्यावसायिक में बदलने के लिए सख्त मापदंडों का पालन करना अनिवार्य है,

■ **आरोप है कि नगर परिषद आयुक्त द्वारा रिहायशी क्षेत्रों में नियमों को ताक पर रखकर घरेलू से व्यावसायिक रूपांतरण (कन्वर्जन) की अनुमति दी जा रही है**

■ **इससे न केवल शहर का मास्टर प्लान प्रभावित हो रहा है, बल्कि शांत इलाकों में रहने वाले आम नागरिक मानसिक और भौतिक रूप से परेशान हो रहे हैं**

जिसमें सड़क की चौड़ाई, पार्किंग की व्यवस्था और आसपास के निवासियों की सहमति जैसे बिंदु शामिल हैं। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 और राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010 के तहत, रिहायशी इलाकों में ऐसी किसी भी गतिविधि को अनुमति नहीं दी जा सकती जो सार्वजनिक शांति में खलल डाले या प्रदूषण फैलाए। आवासीय क्षेत्रों में बैंक्वेट हॉल, भारी गोदाम या शोर मचाने वाली कार्यशालाएं पूरी तरह प्रतिबंधित हैं।

वरिष्ट नागरीक नरेंद्र कुमार ने बताया कि रिहायशी क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों के कारण ट्रैफिक जाम, पार्किंग की समस्या और देर रात तक शोर-शराबा होने पर रहवासियों को परेशानी हो रही है।

## संक्षिप्त

### यूथ पार्लियामेन्ट का आयोजन 21 फरवरी को

**कोटपूतली।** यहां के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा एवं युवा कार्यक्रम तथा खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेन्ट 2026 का आयोजन आगामी 21 फरवरी को किया जायेगा। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ, सीमा पन्त ने बताया कि यूथ पार्लियामेन्ट 2026 में वाद-विवाद का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिये सबक रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पी.सी. जाट ने बताया कि यूथ पार्लियामेन्ट 2026 में जिले के कॉलेज में अध्ययनरत 19 से 25 वर्ष के सभी नियमित व स्वयंपाठी विद्यार्थी भाग ले सकते है। इच्छुक विद्यार्थी 19 फरवरी तक अपना नाम डॉ. पी.सी. जाट व अशोक सिह को पंजिकृत करवा सकते हैं। जिला स्तर पर 10 विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा जो प्रदेश स्तर की यूथ पार्लियामेन्ट 2026 में भाग लेगें।

### ब्राह्मण महासंघ में दीपक मिश्रा प्रदेश मंत्री मनोनीत

**दौसा।** ब्राह्मण महासंघ युवा प्रकोष्ट के प्रदेशाध्यक्ष दीपक शर्मा ने महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय की सहमति पर समाजसेवी दीपक मिश्रा तूंगा प्रदेश मंत्री के पद पर मनोनीत किया है। यह मनोनयन उनके द्वारा समाज हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों, निरंतर सामाजिक सक्रियता एवं संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए किया गया है। दीपक मिश्रा लंबे समय से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए गरीब व जरूरतमंद परिवारों की सहायता, युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों, तथा समाज को संगठित कर सकारात्मक दिशा देने जैसे कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति पर समाज में हर्ष का माहौल है। डा.बुद्धि प्रकाश शर्मा, डॉ. विकाश शर्मा, डॉ. संध्या शर्मा दौसा, डॉ. भावना शर्मा सैंथल, डॉ अभिषेक शर्मा सर्जन दौसा, डॉ. अनीता शर्मा बगरू, हर्षित शर्मा सचिवालय, अंकेश मिश्रा, अतुल मिश्रा तूंगा, रामगोपाल शर्मा नांगल वाले, परमानंद रलावता, हिमांशु बापीवाल, जयप्रकाश जोशी, मनीष तिवाड़ी, रमाकांत हीरो ने प्रदेशाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुये बधाई दी है।

### 28 को विशाल मेला भरेगा

**मनोहरपूर ।** श्री श्री 1008 श्री किशन दास जी महाराज एवं श्री श्री 108 श्री साधुदास जी महाराज के आशीर्वाद से श्री श्री 1008 श्री छबीले शरण देवाचार्य जी महाराज श्री ऋषिकेश द्वाराचार्य पीठाधीश्वर जोहड़ा धाम छारसा की अनुकम्पा से श्री सिद्ध बाबा आश्रम धवहाली धाम पर शनिवार, दिनांक 28 फरवरी 2026 को विशाल मेला लगेगा साधु सुदामा दास ने बताया कि आपको यह जानकर हर्ष होगा कि श्री सिद्ध बाबा धवाली आश्रम में हर वर्ष कि भाति इस वर्ष भी प्रातः स्मरणीय महात्मा श्री किशनदास जी महाराज एवं श्री साधुदास जी महाराज व श्री रतनदास जी महाराज की तपोस्थली धवहाली धाम पर विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पधारकर महाराज के दर्शन लाभ प्राप्त करें एवं अपने जीवन को सफल बनावें।

### दीदीज विद डीएम' कार्यक्रम आयोजित

**टोंक।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के खुशहाल गांव विकसित प्रदेश की भावना को साकार करने के लिए महिला शक्तिकरण के तहत राजीविका की स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को उद्यमी बनाना और उनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक करना है। इसी के तहत राजस्थान सरकार के बजट 2026-27 में मुख्यमंत्री लखपति दीदी ऋण योजना के अन्तर्गत राज्य की लखपति दीदीयों को ब्याज अनुदान पर दिये जा रहे ऋण की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर एक लाख पचास हजार रुपये की गई है। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल राज्य सरकार की इस योजना का लाभ टोंक जिले के स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को मिले।

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# जनगणना में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**अलवर ।** जिला कलक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज जिला परिषद सभागर में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य के लिए दो दिवसीय जिला एवं चार्ज अधिकारियों के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

जिला कलक्टर ने प्रशिक्षण में आए प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसे पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता और शुद्धता के साथ सम्पन्न कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना प्रक्रिया में दो महत्वपूर्ण नवाचार किए गए हैं। पूरी जनगणना प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित होगी, जिसमें जनगणना प्रबंधन पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवाचार के तहत नागरिकों को पहली बार सेल्फ एन्यूमरेशन (स्वयं गणना) की सुविधा भी मिलेगी, जिससे वे अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी समयबद्ध, त्रुटिरहित और पारदर्शी कार्य निष्पादन सुनिश्चित करें तथा प्रशिक्षणार्थी गणनता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करे, जिससे फील्ड कार्य के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि व असुविधा का सामना नहीं करना पडे तथा निर्धारित कार्य को समयबद्ध रूप में पूर्ण किया जा सके।

- प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य के लिए दो दिवसीय जिला एवं चार्ज अधिकारियों के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ



जिला कलक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

मास्टर ट्रेनर जनगणना निदेशालय के सहायक निदेशक महेश कुमार एवं सुभाष यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को उनके दायित्वों एवं कार्य प्रणाली की विस्तार से जानकारी दी।

# 'बिना अनुमति के डीजे बजाया तो होगी कार्यवाही'

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम शुक्लावास-पिचाणी में अब बिना अनुमति के डीजे बजाने वालों की खैर नहीं। इसको लेकर एसडीएम रामावतार मीणा ने सरूण्ड थानाधिकारी यषपाल सिंह को कार्यवाही के निर्देष दिये हैं।

उल्लेखनीय है कि समाजसेवी राधेष्याम शुक्लावास ने जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर बिना अनुमति के तेज ध्वनि में डीजे बजाने वालों पर कार्यवाही की मांग की थी। पत्र में बताया था कि शादियों, उत्सवों समेत धार्मिक कार्यक्रमों के दौर में इन दिनों कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में सड़कों पर बेखौफ घुम रहे तेज ध्वनि के डीजे ने विभिन्न गंभीर बीमारियों से जुझ रहे मरीजों समेत बुजुर्गो व आम आदमी का जीवन दुभर कर दिया हैं। वहीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे विधार्थियों के सामने भी बड़ी समस्या खड़ी कर दी हैं। हालात इस कदर विकट हैं कि इन कर्कस आवाज वाले डीजे को रोकने के लिये ना कोई नियम हैं एवं ना कोई कायदा, आबादी क्षेत्र में कितनी डेसीबल आवाज पर डीजे बजाया जायें इसका कोई मानक भी नहीं हैं। दिन में किसी भी समय ये मोबाईल डीजे क्षेत्र की सड़कों, गलियों व मौहल्लों में तेज ध्वनि पर अष्लील व भद्दे गाने बजाते हुये निकलते हैं। जिन पर कोई कार्यवाही नहीं होती, यहां तक की कस्बे में कचहरी परिसर, न्यायालय परिसर,

- समाजसेवी राधेष्याम शुक्लावास ने जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर की थी कार्यवाही की मांग

पुलिस थाना समेत जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय व जिला कलेक्ट्रेट के पास भी बेखौफ होकर ये मोबाईल डीजे बजाये जाते हैं। पूर्व में इन मोबाईल डीजे में 4 से 6 स्पीकर ही होते थे, किन्तु अब 15 से 20 स्पीकरों वाले बड़े डीजे भी आ गये हैं। जो दिन ही नहीं रात्रि के समय में भी ध्वनि प्रदूषण करते हुये रास्तों से गुजरते हैं। इन मोबाईल डीजे का संचालन करने वाले अधिकांष नवयुवक ही हैं।

श्रीराम आयुर्वेद नर्सिंग इंस्टीट्यूट
नायला, जयपुर
प्रवेश प्रारम्भ DAN&P
(डिप्लोमा इन आयुष नर्सिंग एंड फार्मेसी)
आवेदन की अंतिम तारीख 26 /02 /2026
योग्यता 10+2
(किसी भी विषय मे ) अवधि- 2 वर्ष 6 माह
दूरभाष :9001009456

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री बाबूलाल रैगर पुत्र श्री गणेश रैगर, जाति रैगर, निवासी अम्बेडकर नगर, मनोहरपुर, तहसील-शाहपुरा, जिला जयपुर का पुत्र कैलाश चन्द बेनीवाल पुत्र श्री बाबूलाल, एवं मेरी पुत्रवधु नीतू पत्नी कैलाश चन्द बेनीवाल द्वारा मेरे अभिभाष्य को तंग व परेशान किया जा रहा है एवं उक्त दोनो मेरे अभिभाष्य के कहने सुनने में नहीं है एवं मेरे अभिभाष्य के पुत्र एवं पुत्रवधु ने मेरे अभिभाष्य एवं उसकी पत्नी का परित्याग कर रखा है उनके द्वारा मेरे अभिभाष्य व उसकी पत्नी की वृद्धावस्था एवं बीमारी में भी किसी प्रकार की कोई सेवा, सुश्रुषा व देखभाल नहीं की जा रही है ना ही किसी प्रकार का कोई भरण पोषण दिया जा रहा है। इस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र कैलाश चन्द बेनीवाल को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से पूर्ण रूप से बेदखल कर दिया है अब उक्त कैलाश चन्द बेनीवाल का मेरे अभिभाष्य की किसी भी प्रकार की चल व अचल सम्पति पर कोई हक व अधिकार नही रहा है इस कारण मेरे अभिभाष्य की चल व अचल सम्पति के सम्बन्ध में उक्त कैलाश चन्द बेनीवाल द्वारा किसी प्रकार का संव्यवहार किया जाता है तो वह उसकी स्वंय की जिम्मेदारी होगी तथा उक्त समस्त प्रकार के संव्यवहार शून्य व अवैध होगे।
नरेश कुमार शर्मा, एडवोकेट, शाहपुरा, जयपुर
मोबाईल नम्बर- 9461576197

# मनरेगा योजना में कटौती के जनविरोधी निर्णय को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली।** कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के कोटपूतली-बहरोड़ जिलाध्यक्ष कमल पायला ने भाजपा सरकार की खेल विरोधी नीतियों, मनरेगा योजना में कटौती के जनविरोधी निर्णय व प्रदेश में बढ़ते नशे के प्रचलन को लेकर जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अमीन पठान के निर्देशानुसार जिले के खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी राज्य सरकार का ध्यान प्रदेश में खेल में खेलों की अपेक्षा भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना में की गई कटौती के निर्णय एवं युवाओं के बढ़ते नशे की गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहते हैं।

मनरेगा योजना ग्रामीण भारत के गरीब, मजदुर, किसान एवं बरोजगार युवाओं के लिये जीवन रेखा के समान है। यह योजना केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती हैं। लेकिन हाल ही में मनरेगा के बजट एवं कार्य दिवसों में कटौती कर लाखों गरीब परिवारों के सामने रोजगार का संकट खड़ा कर दिया गया है। मनरेगा में कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी बढ़ेगी, पलायन बढ़ेगा, गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति और कमजोर होगी। यह निर्णय विशेष रूप से मजदूर वर्ग, महिलाओं, युवाओं एवं कमजोर वर्गों के हितों के खिलाफ है। इसके अतिरिक्त कई ग्रामीण युवा एवं खिलाड़ी भी मनरेगा के माध्यम से अपनी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुये खेल गतिविधियों से जुड़े रहते हैं।

युवाओं में मादक पदार्थों की उपलब्धता और बढ़ता उपयोग समाज के भविष्य के लिये खतरा बनता जा रहा है। खेल गतिविधियों की कमी भी युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है। जब से भाजपा सरकार सत्ता में है तब से खिलाड़ियों को टीओए नहीं दिया जा रहा है। पिछली बार में कांग्रेस सरकार ने खिलाड़ियों के लिए राज्य प्रतियोगिता में भाग लेने पर 600 रुपए प्रति खिलाड़ी प्रतिदिन एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी को 1000 प्रतिदिन के हिसाब से अनुदान नियम बनाया था। वह अब राज्य क्रीडा परिषद में फाईलों में सिमट कर रह गया। पिछली बार कांग्रेस सरकार खिलाड़ियों को हर प्रतियोगिताओं में पदक जीतने पर अनुदान राशि दी जाती थी जो अब केवल सीमटकर एक खिलाड़ी को साल में कितनी भी मैडल लेने के उपरांत केवल एक राशि दी जाने का प्रावधान कर रखा था। कांग्रेस सरकार ने जिन खिलाड़ियों को नियुक्ति दी थी उनकी नौकरी संकट में है।

विभागीय नियमों के कारण कई खिलाड़ियों को नौकरी करने में परेशानी आ रही है। सरकार अनसुनी कर रही है साथ ही नई आउट ऑफ फॉर्म की पॉलिसी में किसी प्रकार की नियुक्ति नहीं दी जा रही है। विगत कांग्रेस सरकार ने खेल स्टेडियम निर्माण कार्य एवं सुविधाओं को जारी किया था उन सभी को बंद कर दिया गया है और नवीनतम किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दी जा रही है।

# मैड पुलिस चौकी बनी 'सुनसान चौकी', ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**पावटा।** विराटनगर थाना क्षेत्र की मैड पुलिस चौकी ग्रामीणों के उग्र विरोध का केंद्र बन गई। ग्रामीणों ने चौकी परिसर में एकत्र होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और चौकी प्रभारी प्रकाश सिंह राठौड़ की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। ग्रामीणों का आरोप है कि मैड क्षेत्र व मालीवाड़ा गांव में पिछले दिनों एक दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस एक भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई। सात दिन पूर्व खेत से चोरी हुई बिजली की केबल को जलाते हुए दो संदिग्धों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उन्हें पुलिस चौकी लेकर पहुंचे।

ग्रामीणों का कहना है कि चौकी पर न तो चौकी प्रभारी मौजूद थे और न ही कोई अन्य पुलिसकर्मी। कई घंटों तक ग्रामीण संदिग्धों को चौकी में बैठाए रहे और फोन पर सूचना देते रहे, लेकिन कोई पुलिसकर्मी नहीं पहुंचा। मजबूर होकर ग्रामीणों को संदिग्धों को छोड़ना पड़ा। अगले दिन जब ग्रामीण रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे तो चौकी फिर खाली मिली। इससे लोगों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने चौकी प्रभारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के अनुसार मैड पुलिस चौकी, जो विराटनगर थाने के अंतर्गत आती है, वर्तमान में महज एक कांस्टेबल के भरोसे संचालित हो रही है। यह कांस्टेबल भी थाने से अस्थायी रूप से लगाया गया है।

# 6वां विशाल जागरण महोत्सव संपन्न

**पावटा।** श्री श्याम सेवक परिवार माँजुकोट के तत्वावधान में 26वां विशाल श्याम जागरण महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरिदास जी महाराज एवं ब्रह्म जोड़ी प्रेम दास जी महाराज (नरसिंह मंदिर, माँजुकोट) द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरा पंडाल जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा।वरात्रि में आयोजित भव्य जागरण में संध्या एंड पार्टी द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने बाबा के दरबार की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिस पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते नजर आए।

बाबा की झांकी और आकर्षक सजावट ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन राजेश शर्मा ने प्रभावशाली ढंग से किया। आयोजन को सफल बनाने में मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, उपाध्यक्ष मेहर सिंह यादव, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, सुंदरम सैनी, हरिराम सैनी, एडवोकेट विजय यादव, पुष्कर शर्मा, दशरथ यादव, महेंद्र सैनी, दयानंद यादव, उमराव राबड़, प्रकाश यादव, शंकर लाल जांगिड़, महेश यादव एवं जुगल किशोर यादव सहित अनेक भक्तों का विशेष सहयोग रहा।


श्री श्याम भजनों में झूमे श्याम भक्त।

पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं जलपान की समुचित व्यवस्था की गई। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। भक्तों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। वही श्री श्याम वन्दना परिवार पावटा का 29वा वार्षिक उत्सव विजया एकादशमी के दिन श्याम मंदिर पावटा में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें श्री श्याम वन्दना परिवार के संरक्षक महेंद्र सिंह चौहान ने दीप प्रजलित कर शुभारंभ किया।

# 13 घरेलू गैस सिलेंडर व अन्य उपकरण जब्त

**अलवर ।** घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु गठित जांच दल द्वारा आज शहर के दाउदपुर फाटक के पास एवं सोनावा डूंगरी पर कार्रवाई कर 13 घरेलू गैस सिलेंडर व अन्य उपकरण जब्त करने की कार्रवाई की गई।जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि टीम द्वारा दाउदपुर फाटक के पास लवली मेहंदीरत्ता निवासी शिवाजी पार्क द्वारा घरेलू गैस की अवैध रिफलिंग करने पर दुकान पर एचपी गैस के 13 घरेलू सिलेंडर, एक बांसुरीनुमा गैस रिफलिंग यंत्र तथा एक मोटर अवैध रूप से संग्रहित पाए गए, जिन्हें जब्त कर मैसर्स ज्योति गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को सुपुर्द किया। इसी प्रकार सोनावा डूंगरी पर एक मकान में ग्राम रामपुर निवासी बृजेश सैनी द्वारा अवैध रिफलिंग करने पर मौके पर अवैध रिफलिंग में उपयोग की जाने वाली इलेक्ट्रिक मोटर मय 5 रैग्यूलेटर, 1 गैस सिलेंडर को जब्त कर मोहन गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को सुपुर्द किया गया।

# भरतपुर केंद्रीय बस स्टैंड पर रोडवेज कर्मचारियों का 2 दिवसीय धरना

**भरतपुर ।** केंद्रीय बस स्टैंड पर सोमवार से रोडवेज कर्मचारी दो दिवसीय धरने पर बैठ गए। यह धरना विभिन्न लंबित मांगों को लेकर किया जा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि पूर्व में कई बार ज्ञापन देने और छोटे-बड़े धरना-प्रदर्शन करने के बावजूद सरकार और रोडवेज प्रशासन ने उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया। राजस्थान स्टेट रोडवेज यूनियन एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि रिटायर्ड और कार्यरत कर्मचारियों की समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। 2 फरवरी को सभी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था और समाधान की मांग की गई थी, लेकिन अब तक उच्च प्रबंधन की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि न तो समस्याओं का समाधान किया गया और न ही प्रदेश नेतृत्व को वार्ता के लिए बुलाया गया। ऐसे में प्रदेशभर में दो दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया गया है। यदि सरकार ने इस बार भी अनदेखी की तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा।

- 8 मांगों को लेकर उग्र आंदोलन की चेतावनी


केंद्रीय बस स्टैंड पर सोमवार से रोडवेज कर्मचारी दो दिवसीय धरने पर बैठ गए।

रोडवेज कर्मचारियों की प्रमुख 8 मांगें: नई 2500 रोडवेज बसों की खरीद की जाए।

बस संचालन से जुड़े रिक्त 50: पदों पर भर्ती की जाए। अनुबंध पर कार्यरत चालक-परिचालकों को नई भर्ती में प्राथमिकता दी जाए। आर्टिजन ग्रेड सेकेंड व फर्स्ट की पदोन्नित कर ग्रेड-पे 2400 से बढ़ाकर 2800 की जाए। नॉन-आईटीआई मैकेनिकों को पदोन्नित का अवसर दिया जाए।

महिला कर्मचारियों को केयर लीव का लाभ दिया जाए। चालक-परिचालकों से 12-15 घंटे ड्यूटी लेने पर रोक लगे। मूल कार्य से हटाकर अन्य कार्य कराने और 3 हजार किमी चलाने की बाध्यता पर पुनर्विचार किया जाए। कर्मचारियों ने साफ कहा है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1387
चूंकि प्रार्थी श्री RATAN LAL SAINI, C 28, NANDPURI COLONY, HAWA SADAK, SHYAM NAGAR, JAIPUR, RAJASTHAN ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास उत्तम हैल्थ एण्ड एजुकेशन सोसायटी HOTEL, UTTAM PALACE, TONK PHATAK, JAIPUR, RAJASTHAN के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 16.04.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1322
चूंकि प्रार्थी श्री VAID PRAKASH DHAR, 80/156, PATEL MARG, MANSAROVAR, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास शैवाइट ओ आर जी चैरिटेबल ट्रस्ट 80/156, PATEL MARG, MANSAROVAR, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 12.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 17.04.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1351
चूंकि प्रार्थी श्री VATSLA SRIVASTAVA, 216, JAGDAMBA NAGAR A, DHAWAS ROAD, HEERA PURA, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास जननी फाउंडेशन D-2/372, CHITRAKOOT SCHEME, VAISHALI NAGAR, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 15.04.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**नाम परिवर्तन**
मैंने अपनी बेटी का नाम इल्मा अख्तर से बदलकर सारा अख्तर कर दिया है, रफीक अहमद पुत्र अब्दुल रहीम, निवासी- 37, गली नंबर 5, जियाउद्दीन कॉलोनी, चार दरवाजा, जयपुर। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।
मैं छुट्टू कुरैशी (Chhutu Kureshi) मेरे पैनकार्ड में पिताजी का नाम Yasin Khan की जगह गलती से Yaseen Kureshi दर्ज है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में सही नाम यासीन खान (Yasin Khan) है। भविष्य में इसी नाम से जाना जावें। बी-455, ब्लॉक-बी, विद्याधर नगर

परिशिष्ट A-संख्यांक 2
न्यायालय : एसीजे सह जेएम-3, जिला जयपुर, (राजस्थान)
पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री आयुषी देवपुरा
विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
मूल सिविल वाद/3755/2025
हरीराम शर्मा व अन्य बनाम सौरभ टांक व अन्य
NEXT DATE: 17-02-2026
प्रेषिती-
हर आम खास, हर आम खास
हरीराम शर्मा व अन्य ने आपके विरुद्ध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 17-02-2026 को 10:30 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
यह आज तारीख 12-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
प्रस्तुतकार
अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट संख्या-03 जयपुर महानगर द्वितीय
मोहर अदालत

**खोया पाया**
मेरे मकान 3/634 मालवीय नगर जयपुर का मूल अलॉटमेंट लेटर मालवीय नगर में कहीं गिर गया है मिलने पर सूचित करें- श्याम सुंदर साहू 9024142461
मेरे मकान संख्या 121/24, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर के मूल अलोटमेन्ट लैटर, पजेशन लैटर, No Dues Certificate, अदेय प्रमाण पत्र कही गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें- लक्ष्मणदास कर्मचन्दानी- 9672502518
यह कि मेरे भूखण्ड संख्या 14/OC/61 रिंग रोड परियोजना ग्राम-सुरजपुरा त.सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र मालवीय नगर केलगिरी पर कहीं खो गया है। अतः किसी को भी वह मिलने पर मुझे सूचित करें। भगवान सहाय चौधरी, मो. 9829011975

परिशिष्ठ H- प्रकीर्ण, संख्यांक 4
न्यायालय : एसीजे सह जेएम-3, जिला जयपुर, (राजस्थान)
पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री आयुषी देवपुरा
हेतुक दर्शित करने के लिए सुचना
(साधारण प्रारूप )
विविध सिविल प्रकरण (41)/3783/2025
हरीराम शर्मा व अन्य बनाम सौरभ टांक व अन्य
NEXT DATE: 17-02-2026
प्रेषिती-
हर आम खास, हर आम खास
उक्त ने न्यायालय में आवेदन किया है कि
अतः आपको चेतवानी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए ता0 17-02-2026 को 10:30 AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया है, उपसंजात हों। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जायेगा। यह आज ता0 12-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
प्रस्तुतकार
अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट संख्या-03 जयपुर महानगर द्वितीय
मोहर अदालत

**Office Gram Panchayat Rajpura, Panchayat Samiti Patan (Sikar)**
File No: 78 Date: 12.2.26
**Notice Inviting Bid**
Bid Work for Gram Panchayat Rajpura, Panchayat Samiti Patan of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 13.02.2026 to 19.02.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in) or (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website.
**UBN No. - PKP2526WSOB00290, PKP2526WSOB00291, PKP2526WSO800293**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत राजपुरा

**RAJASTHAN UNANI MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL**
Infront of Rajesh Coach, Jagdamba Colony, Paldi Meena, Agra Road, Jaipur (Raj.) Pin-302031
**URGENTLY REQUIRED**
1. Higher Faculty - Ilmul Atfal
2. Lower Faculty - Ilmul Atfal, Kulliyat, Niswan wa Qabalat
Salary - NEGOTIABLE
Qualification for all posts as per NCISM Norms
Apply within 07 days through e-mail rumch786@gmail.com and whatsapp number 8619921154

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr. P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **रेशमा कपूर**, मालिक मैसर्सः आर्क एंटरप्राइजेज, **143-बी, विनोबा विहार, मालवीय नगर, जयपुर, राजस्थान-302107** मो. नंबर-**9549444461** इसके अलावाः प्लॉट नंबर जी-12, स्वेज़ फार्म, नंदपुरी, **सोडाला, जयपुर, राजस्थान-302019** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **CC No.13354/2019 U/S 138 NI ACT** के तहत एक मामला **थाना राजेंद्र नगर, मध्य जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **रेशमा कपूर** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **रेशमा कपूर** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **CC No.13354/2019 U/S 138 NI ACT, थाना राजेंद्र नगर, मध्य जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **रेशमा कपूर** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **28.04.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।
आदेशानुसार, सुश्री उर्वी गुप्ता
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-एनआई अधिनियम-01, केंद्रीय जिला न्यायालय, कमरा संख्या 201, सीबीए-II, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली
DP/2048/CD/2026
(अदालती मामला)

## संक्षिप्त

### महेन्द्र चंवरिया ब्लाक अध्यक्ष बने

**निवाई।** अग्रवाल समाज चौरासी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल मित्तल के निर्देशानुसार ब्लॉक निवाई, युवा परिषद् एवं महिला परिषद् के चुनाव को लेकर सन्त निवास नसियां मंदिर में सकल दिगम्बर अग्रवाल समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमे सर्वसम्मति से निवाई ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर महेंद्र चंवरिया, युवा परिषद् अध्यक्ष के पद पर सुनिल भाणजा एवं महिला परिषद् के अध्यक्ष पद पर ऊषा जैन प्रेस को निर्विरोध मनोनीत किया गया। समाज के राहुल बोहरा व मोहित चंवरिया ने बताया की अग्रवाल समाज चौरासी के केन्द्रीय पदाधिकारी सजय संघी टोंक, गोविन्द जैन डिग्गी, शान्तिलाल जैन पचेवर व मनोज बनेठा के सानिध्य में सकल दिगम्बर अग्रवाल समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगन्तुक अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। तत्पश्चात केन्द्रीय पदाधिकारियों ने समाज की आगामी कार्य योजना एवं चुनाव से सम्बन्धित व्यवस्थाओं पर चर्चा करके तीनों नवीन पदों पर नाम आमन्त्रित किये गए। जिसमें सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष एवं महिला अध्यक्ष के पदों के नामों की घोषणा की गई। जिसके बाद तीनों नव निर्वाचित पदाधिकारियों का समाज द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

### महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**सिरस।** ग्राम पंचायत सिरस में विराट हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मनसा पूर्ण बालाजी व पप्लाज माता मंदिर बस्सी से पूजा अर्चना के बाद रवाना हुई। कलश यात्रा में 201 महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। इस दौरान महिलाओं व पुरुषों ने भजनों पर मंत्र मुक्त होकर भक्ति नृत्य किया। कलश यात्रा का सिरस गांव में पहुंचने पर लोगों ने पुष्प वर्षा करके जगह जगह स्वागत किया। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होती हुई चौकी वाले बालाजी मंदिर पहुंची। जहां पंडितों ने मंत्रोउच्चारण के साथ कलश स्थापना करवाई। हिंदू सम्मेलन में संत ज्ञानानंद महाराज, मनीष दास महाराज, स्वामी सोम गिरी महाराज, साधना गिरी महाराज ने लोगों को हिंदू संस्कार की शिक्षा दी। रामकिशन गुर्जर ने समस्त हिंदू समाज को संगठित रहने का आ ान किया। उन्होंने भारत की एकता अखंडता एवं सनातन धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश गौतम, मुकेश प्रजापत, रविप्रकाश पारीक, शोभाग खंगार, बबलू प्रजापत, प्रेमचंद बैरवा, बनवारीलाल योगी, विष्णु जांगिड़, राजू जायसवाल, कजोड़ वर्मा व सुरेंद्र पारीक सहित कई लोग मौजूद थे।

### अवैध दुकानों पर चला जेसीबी का पंजा

**निवाई।** बस स्टैंड पर स्थित पीएम राउमावि के बाहर बनी हुई अवैध दुकानों को मौका मजिस्ट्रेट तहसीलदार नरेश गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया गया। मौका मजिस्ट्रेट तहसीलदार नरेश गुर्जर ने बताया कि बस स्टैंड पर स्थित पीएम श्री विद्यालय के बाहर सार्वजनिक निर्माण विभाग की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा दुकानों का निर्माण करके अवैध कब्जा कर रखा था। उक्त अवैध दुकानों का न्यायालय में मामला विचाराधीन चल रहा था। न्यायालय ने उक्त मामले को खारिज कर दिया। जिसके बाद सोमवार को न्यायालय के आदेशों की पालना में जेसीबी मशीन से दोनों दुकानों को ध्वस्त किया गया।

### बाबा धूलेश्वर का भव्य सिंगार कर झांकी सजाई

**चौमूं / कालाडेरा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कालाडेरा कस्बे में स्थित प्राचीन धूलेश्वर महादेव मन्दिर में बाबा धूलेश्वर महादेव भोलेनाथ का भव्य सिंगार कर भव्य झांकी सजाई गई। साथ ही बाबा धूलेश्वर महादेव की भव्य आरती भी कि गई। बाबा के भगतों ने बाबा धूलेश्वर महादेव के भव्य सिंगार व झांकी के दर्शन किए। रात्री में भव्य भजन संध्या का भी आयोजन किया गया इस दौरान बाबा के भक्तगण उपस्थित थे।

### हिन्दू सम्मेलन आज

**कोटपूतली।** कस्बे के टेलिफोन एक्सचेंज रोड़ आदर्श नगर स्थित प्रताप बस्ती में मंगलवार 17 फरवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन को भव्य बनाने के लिये प्रताप बस्ती में गहन रूप से सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा हैं। यह सम्मेलन समाज में एकता, समरसता व सांस्कृतिक गौरव को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

# राज्य मंत्री के जन्मदिन पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**किशनगढ़ बास।** वन एवं पर्यावरण (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री संजय शर्मा के 57वें जन्मदिन के अवसर पर बम्बोरा घाटा वन चौकी, किशनगढ़ बास में 57 पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला मंत्री रविन्द्र पटेल ने किया।

इस अवसर पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं वन विभाग के अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जन्मदिन को सेवा और प्रकृति संरक्षण से जोड़ते हुए सभी ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संकल्प लिया।

भाजपा जिला मंत्री रविन्द्र पटेल ने कहा कि राज्य मंत्री संजय शर्मा सदैव पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहे हैं और प्रदेश में हरित अभियान को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनके




वन मंत्री संजय शर्मा के जन्मदिन पर पौधे रोपित करते युवा नेता रविंद्र पटेल, कार्यकर्ता, एवं वन अधिकारी।

जन्मदिन पर 57 पौधे लगाकर समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया है। उन्होंने आमजन से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मनोज व्यास सहित वन विभाग के समस्त अधिकारी एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने लगाए गए पौधों की सुरक्षा और संरक्षण का

- आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं वन विभाग के अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

संकल्प लिया।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पौधों की नियमित सिंचाई और देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि वे विकसित होकर क्षेत्र को हराभरा बनाने में सहायक सिद्ध हों। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने राज्य मंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

### मोटश्वर महादेव मंदिर में शिव जागरण

**किशनगढ़ बास।** शहर के पुराना बाजार स्थित प्राचीन मोटेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित अर्धरात्रि जागरण में डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा, डम डम डमरू बजाना होगा जेसे एक से बढ़कर एक भजनों पर श्रद्धालु भक्त झूम उठे। इस दौरान महादेव का श्रृंगार कर मंदिर को फूलों एवं लाइट की रोशनी से सजाया गया। शिव भक्त कावड़िया हरिओम गुप्ता, विक्की सोनी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर शिव भक्तों के सौजन्य से अर्थरात्रि शिव जागरण किया गया। जागरण में अनिल आर्केस्ट्रा ग्रुप के कलाकार अनिल हरवानी, विक्की शर्मा, नवल सिंह सहित कलाकारों ने भोलेशंकर के भजनों का गुणगान किया और एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालु भक्तों को मंत्रमुग्ध कर जमकर ताली बटोरी। इस दौरान कांवड़िया संघ के धीरज सोनी, पीयूष शर्मा, रवि दत्त शर्मा, चमन मित्तल, धीरज गर्ग, ललित राणा, दीपक सैन, सहित शिव भक्त सेवा में मौजूद रहे।

### विवादों के निस्तारण के लिए आपसी समझाईश

**सांभरझील।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) भंवर लाल बुगालिया के निर्देशन में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्र.सं. 1) अरविन्द कुमार जांगिड़, सांभर लेक के निर्देशानुसार न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, सांभर लेक भानुप्रिया सेहरा ने नगर पालिका मण्डल सांभर लेक के सभागार में सांभर लेक व उसके आस-पास के गांवों के पक्षकारों के मध्य न्यायालय में विचाराधीन राजीनामा योग्य प्रकरणों व प्री लिटिगेशन मामलों में आपसी समझाईश करवाई तथा पक्षकारों को सौहार्दपूर्ण भावना के साथ अल्प समय में आपसी राजीनामा से 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली इस साल की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निस्तारण हेतु प्रेरित किया।

# खाटूश्याम पदयात्रियों की सुविधा को लेकर जिला कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**मनोहरपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन माह में बाबा श्याम का लक्खी मेला 21 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। विभिन्न समाजसेवी लोगों और संस्थाओं द्वारा भंडारा लगाकर पद यात्रियों की सेवा की जाती है, जो सराहनीय रहती है। मेले के दौरान पद यात्रियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को लेकर आज संस्कार सृजन संस्था चौमूं के कार्यकारी अध्यक्ष और पशु क्रूरता निवारण समिति जयपुर के सदस्य शेर सिंह कुमावत के नेतृत्व में जिला कलेक्टर जयपुर के नाम ज्ञापन सौंपा।

कार्यकारी अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत ने बताया कि ज्ञापन में भंडारा आयोजकों द्वारा प्रचुर मात्रा में प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग पर पाबंद करने, एनएच 52 पर पदयात्रियों के लिए बने



संस्कार सृजन संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

क्षितग्रस्त श्याम पथ को दुरुस्त करवाने, भंडारा आयोजकों को श्यामपथ की परिधि को छोड़कर ही टेंट लगाने की अनुमति देने, भंडारे के दौरान फैली गंदगी और कूड़े-कचरे के निस्तारण करने के लिए आयोजकों को पाबंद करने और श्याम पद यात्रियों के लिए चल शौचालय की व्यवस्था करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। शेर सिंह ने आगे बताया कि भंडारे के दौरान प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग से पर्यावरण दूषित होता है और निराश्रित गोवंश कूड़ा कचरा खाकर अकाल मृत्यु का शिकार बनता है, इससे बचाया जा सकेगा। श्याम पथ के दुरुस्त होने से पद यात्रियों को सुगम और सुरक्षित पथ मिल सकेगा। श्याम पथ को छोड़कर भंडारा लगाने से सड़क हादसों में कमी के साथ-साथ नेशनल हाईवे पर वाहनों को रोड जाम से निजात मिलेगी। साथ ही कूड़ा कचरे का समय पर निस्तारण होने से श्याम पदयात्रियों और स्थानीय लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा।

ज्ञापन में जिला कलेक्टर से संबंधित विभाग एनएचएआई, स्थानीय प्रशासन और भंडारा आयोजकों को तत्काल निर्देशित करने की मांग की गई। वहीं एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य को टांटियावास टोल प्रशासन द्वारा बंद पड़ी रोड लाइटो को चालू करवाने, सड़क किनारे पड़े गड्ढों को भरवाने और पशु विचरण क्षेत्र के संकेतक लगाने सहित उपरोक्त मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# युवाओं का रक्त हमेशा देश व समाज के काम आया : हरिद्वारी

**पावटा।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को सीआरपीएफ जवानों पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर सोमवार को राधा रानी हॉस्पिटल, पावटा एवं उड़ान टीम जन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 55 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

- पुलवामा हमले में शहीद हुए शहीदों की बरसी पर पावटा में रक्तदान शिविर का आयोजन, 55 यूनिट रक्त संग्रह

अर्पित कर किया गया।

उपस्थित अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मातृभूमि के लिए शहीद हुए जवानों के त्याग और समर्पण को नमन किया। इस अवसर पर शिक्षाविद जी.एल. यादव, समाजसेवी सुरेंद्र यादव, युवा नेता अमन खोजा, भाजपा नेता गोपाल अग्रवाल, रोहिताश ताखर, बद्री प्रसाद चौहान, गौ सेवक नीरज सैन एवं



आयोजन के दौरान रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

धर्मसिंह भैंसलाना सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

डॉ. केशव स्वामी एवं डॉ. श्वेता स्वामी ने कहा कि पुलवामा हमले में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। हरिद्वारी लाल स्वामी, संयोजक, उड़ान टीम जन सेवा समिति ने कहा, युवाओं का रक्त हमेशा से देश व समाज के काम आया है। हमें शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा के लिए आगे आना चाहिए। शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। आयोजन के दौरान रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर संयोजक भाई हरिद्वारी लाल स्वामी एवं डॉ. केशव स्वामी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मनोज, सुभाष स्वामी, कमल जाट, राकेश स्वामी, दिनेश कुमार, देवेंद्र स्वामी, मनीष स्वामी, महेश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का उद्घाटन

**कोटपूतली।** यहां के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना गीत का गायन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप कुमार आर्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण एवं सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. सीमा पंत ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से अपने व्यक्तित्व के निर्माण एवं राष्ट्र सेवा के लिये हमेशा तैयार रहने के लिये प्रेरित किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डीएसपी राजेंद्र बुरडक ने स्वयंसेवकों को बताया कि मेहनत और लगन सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी समय पर लक्ष्य की दिशा निर्धारित करें और उसके लिये परिश्रम करें। राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में टीमवर्क के साथ काम करें। उन्होंने साईबर क्राईम और डिजिटल अरेस्ट की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता एवं विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय सेवा

- जिला समन्वयक प्रो. अशोक सिंह ने शिविर के महत्त्व पर चर्चा करते हुये राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के माध्यम से सर्वांगीण विकास के लिये स्वयंसेवकों को प्रेरित किया

योजना के जिला समन्वयक प्रो. अशोक सिंह ने शिविर के महत्त्व पर चर्चा करते हुये राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के माध्यम से सर्वांगीण विकास के लिये स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से नेतृत्व टीमवर्क एवं सहनशीलता जैसे गुणों का विकास होगा।

संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. चन्दन सिंघल ने किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शीशराम मीणा ने तकनीकी सहयोग किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शुभलता यादव ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रो. सुमन पूनियां, प्रो. सज्जन सिंह यादव, प्रो. नीरू, प्रो. बबीता, प्रो. माधुरी गंगावत, प्रो. बरखा एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पारदर्शी सरकारी खरीद को बढ़ावा देने के लिए जेम का जागरूकता अभियान

**भरतपुर।** गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस (जेम) पोर्टल द्वारा देशभर में सरकारी खरीद प्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और कुशल बनाने के उद्देश्य से निरंतर जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। राज्य में जेम के प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देने हेतु सोमवार को होटल राजविलास में भरतपुर जोन से जुडे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का एक दिवसीय जेम पोर्टल जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वित्तीय सलाहकार चिकित्सा विभाग मनोज सांडिल्य एवं संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, भरतपुर जोन डॉ. सुनील सिसोदिया द्वारा किया गया। वित्तीय सलाहकार ने कहा कि सरकारी खरीद प्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और कुशल बनाने के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक टेंडर प्रक्रिया को जेम पोर्टल पर अपलोड़ करना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में जेम




भरतपुर जोन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

के माध्यम से खरीद को बढ़ावा देने, वित्त विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन तथा सरकारी खरीद में पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम को जेम एवं कार्यालय संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, भरतपुर जोन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें संभाग स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी खरीद प्रक्रियाओं को डिजिटल, पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी एवं दक्ष बनाना तथा विभागों को जेम पोर्टल के प्रभावी उपयोग के लिए सक्षम करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, भरतपुर जोन मनोज सांडिल्य द्वारा किया गया।

उन्होंने अपने संबोधन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में जेम के माध्यम से खरीद को बढ़ावा देने, वित्त विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन तथा

- सरकारी खरीद में पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डाला

सरकारी खरीद में पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जेम के उप निदेशक एवं राज्य नोडल अधिकारी, पीयूष कुमार तथा विक्रांत त्रिपाठी द्वारा प्रतिभागियों को जेम पोर्टल की कार्यप्रणाली, विभिन्न मॉड्यूल्स एवं प्रक्रियाओं की विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण सत्र में 94 प्रतिभागियों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। उन्होंने बताया कि जेम द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे राजस्थान में आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि सभी विभागों में जेम पोर्टल का व्यापक उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

### फुलेरा की अनदेखी पर सदन में गरजे विधायक

**फुलेरा।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र को लेकर सियासी माहौल गरमा गया। फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह चौधरी ने सदन में सरकार को घेरते हुए कहा कि बजट में फुलेरा जैसे पिछड़े क्षेत्र को कोई ठोस सौगात नहीं देना सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में क्षेत्रीय संतुलन का अभाव साफ दिखाई देता है और राजनीतिक दृष्टि से कुछ क्षेत्रों को तरजीह देकर फुलेरा को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। विधायक चौधरी ने सदन में बोलते हुए कहा कि फुलेरा क्षेत्र आज भी पेयजल संकट, जर्जर सड़कों, शिक्षा व चिकित्सा सुविधाओं की कमी, बिजली आपूर्ति की अनियमितता और किसानों की समस्याओं से जूझ रहा है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की मूलभूत जरूरतें पूरी किए बिना विकास की बातें करना सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी है। विधायक ने सरकार से पूछाकब तक जनता को पानी, सड़क और अस्पताल जैसी सुविधाओं के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

## सार-समाचार

### कलश यात्रा निकाली



**निवाई।** ग्राम पंचायत सुनारा में हिंदू सम्मेलन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 101 महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। इस दौरान महिलाओं एवं पुरुषों ने जमकर भक्ति नृत्य किया। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। हिंदू सम्मेलन में सीदडा आश्रम के संत गोपालदास गिरी महाराज व सुमितदास महाराज एवं सहित कई महिला- पुरूषों ने बढ़-चढक़र धर्म लाभ कमाया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण जिला संयोजक रामकिशन बहादुरपुरा ने सामाजिक समरसता, परिवार के संस्कार एवं समस्त हिंदू समाज को संगठित रहने का आ ान किया। उन्होंने भारत की एकता अखंडता एवं सनातन धर्म एवं पंच परिवर्तन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष केदार जाट, प्रशासक भगवती देवी शर्मा, समाज सेवी केदार दोहण, बाबूलाल सोनी, जगदीश बोहरा, वीरेंद्रसिंह राजावत, मुकेश पारीक, रामकुंवार मीना बाढ़, कानाराम जाट, हनुमान जमादार, जितेन्द्रसिंह राजावत, संत मुनीराम, रामावतार शर्मा, जगदीश सुनारी, रमेश चौहान व शंकर दोहण सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### राजकुमार देवायुष सिंह ने देव दर्शन के साथ जन्मदिन मनाया

**शाहपुरा।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के सुपुत्र एवं भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश मंत्री राजकुमार देवायुष सिंह ने रविवार को देव दर्शन के साथ अपना जन्मदिन मनाया। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस दौरान राजकुमार देवायुष सिंह ने हाथोज धाम झोटवाड़ा, शिला माता (आमेर) शिव जी का मंदिर खोरा मीणा, जमवाय माता जमवारामगढ़, कालका माता अमरसर, त्रिवेणी धाम, देवी जी मंदिर व लाड बिहारी जी मंदिर मोती महल परिसर एवं श्री गोपीनाथ जी मंदिर शाहपुरा, गणेश जी मंदिर विराटनगर, श्याम मंदिर चतरपुरा (विराटनगर) में देवी देवताओं के दर्शन कर आशीर्वाद पाकर अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह राजकुमार देवायुष सिंह का फूल मालाओं एवं साफा पहनाते हुए आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी बिरदीचन्द गुर्जर ने अपने फार्म हाउस देवन में राजकुमार देवायुष सिंह के जन्मदिन पर भोजन प्रसादी का आयोजन रखा जिसका उपस्थित लोगों ने प्रसादी ग्रहण कर खूब आनन्द प्राप्त किया।

### कलेक्टर को सौपा 11 सूत्रीय मांग पत्र



**दौसा।** राजस्थान पंचायती राज अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ प्रदेश नेतृत्व के आ ान पर सोमवार को संगठन के पदाधिकारियो ने मुख्यमंत्री के नाम एक 11 सूत्रीय मांग पत्र जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार को सौपा।राजस्थान पंचायती राज अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ के जिला मंत्री मोहनलाल गुप्ता ने बताया कि संगठन पिछले काफी वर्षो से अपनी 11 सूत्रीय मांगो के समाधान के लिए प्रयासरत है, बावजूद इसके सरकार कोई सकारात्मक संकेत नही मिल रहा है। उन्होने बताया कि आज जिला अध्यक्ष रतीराम गुर्जर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौपा गया है। उक्त मांग पत्र का कोई समाधान नही होता है शीघ्र ही आन्दोलन तेज किया जावेगा। इस दौरान कृष्ण अवतार शर्मा जिला उपाध्यक्ष, मातादीन मीणा विकास अधिकारी, रामदयाल शर्मा, रेवडमल मीणा, राम कल्याण मीणा, राजेंद्र शर्मा, नरेश स्वर्णकार, गिरिराज यादव, मातादीन मीना, हरिराम मीणा, बसंतीलाल सैनी, देवेंद्र शर्मा, आसाराम महावर, विष्णु शर्मा हजारीलाल बेरवा रामेश्वर सैनी, सहित जिले में पदस्थापित पदोन्नत विकास अधिकारी, अतिरिक्त विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### कृषि विज्ञान केंद्र पर 15 दिवसीय उर्वरक विक्रेता प्रशिक्षण संपन्न

**दौसा।** कृषि विज्ञान केंद्र दौसा पर 15 दिवसीय खुदरा उर्वरक विक्रेता प्राधिकार पत्र प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें कुल 30 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक कृषि रामराज मीना ने बताया कि उर्वरक विक्रेता किसानों की समस्याओं का समाधान करने वाली महत्वपूर्ण कड़ी होती है जिसका तकनीकी रूप से जानकार होना आवश्यक है, इसलिए यह प्रशिक्षण विक्रेताओं के लिए आवश्यक किया गया है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ बी एल जाट ने बताया कि खाद बीज की दुकान करने वाले किसानों से सीधे जुड़े रहते है और खेती में संतुलित उर्वरक का प्रयोग आज के युग में अतिआवश्यक हो गया है जिसमें इन विक्रेताओं का प्रमुख योगदान रहेगा।केंद्र के वैज्ञानिक और प्रशिक्षण प्रभारी डॉ अक्षय चित्तौड़ा ने बताया कि यह इस तरह का केन्द्र पर तेरहवां प्रशिक्षण है जो कि उर्वरक विक्रेता बनने के लिए आवश्यक है ! ये प्रशिक्षणार्थी अपनी उर्वरक सेवा के माध्यम से कृषि विस्तार का कार्य भी करेंगे। संयुक्त निदेशक और केंद्र के वैज्ञानिकों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर बधाई दी और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। केंद्र की वैज्ञानिक डॉक्टर सुनीता कुमारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए जरूरी प्रबंधन किया और विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा प्रायोगिक क्लास आयोजित की। प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण दौरान अपने अनुभव और फीडबैक साझा किए। डॉ देवेंद्र मीना सहायक प्राध्यापक प्रसार शिक्षा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विवेक राठौर, आशीष गोयल, अमन शर्मा, पिंटू मीना आदि ने प्रशिक्षण सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### रईसा ने माई चॉइस - माई राइट विषय पर विद्यार्थियों के बीच विचार रखे



**जयपुर।** अखिल भारतीय जनवादी महिला की प्रांतीय कोषाध्यक्ष रईसा ने सोशल सांइस एंड ह्यूमैनिटीज डिपार्टमेंट, लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी में माई चॉइस - माई राइट विषय पर विद्यार्थियों के बीच विचार रखे। उन्होने बताया कि हम एक पुरुष प्रधान समाज में रहते हैं। इसमें अधिकांश नौजवानों को अपनी पसंद से चुनने का अधिकार नहीं है। शिक्षा, कैरियर, विवाह आदि के बारे में फैसला लेने का हक नहीं है। लडकियों पर यह पाबंदियां ज्यादा होती हैं। लडकियों को प्राय: कैरियर चूज करने का, अपनी पसंद से शादी करने का, अपनी कमाई अपनी इच्छानुसार खर्च करने का अधिकार नहीं होता। हालांकि 2024-25 में राजस्थान में उच्च शिक्षा में लडकियों का एडमिशन बढकर 7.25 लाख हो गया है जबकि लडकों के 5.86 लाख एडमिशन हुए। लेकिन इस बढोतरी का रिफ्लेक्शन जॉब्स में नहीं दिखाई देता।



ऐसा लग रहा था मानो वह किसी अलग ही पिच पर बल्लेबाजी कर रहे हों। किशन ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पाकिस्तान की स्पिन रणनीति का जोरदार जवाब दिया और टी-20 विश्व कप में अपना लगातार दूसरा अर्धशतक बनाया। - तिलक वर्मा

भारतीय बल्लेबाज, किशन के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — राशिद खान



**सोमवार** को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ खेले गए ग्रुप स्टेज मैच के दौरान अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान ने टी20 में 700 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। मैच में उन्होंने एक विकेट लिया और अपने चार ओवरों में 24 रन दिए। अफगानिस्तान ने यूएई को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित करते हुए 20 ओवरों में 160/9 पर रोक दिया।27 वर्षीय अफगानिस्तान के कप्तान ने पहली पारी के 16वें ओवर में मोहम्मद अरफान को हिट-विकेट से आउट करके यह उपलब्धि हासिल की।

**क्या आप जानते हैं ?...** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से हराकर इतिहास रचा है, जिसमें भारत ने 9 में से 8 मैच जीतकर अपना दबदबा बनाया।

ICC MEN'S T20 WORLD CUP

## आज के मैच

पहला मैच

**कनाडा व न्यूजीलैंड के बीच सुबह 11 बजे**

दूसरा मैच

**आयरलैंड व जिम्बाब्वे के बीच दोपहर 3 बजे**

तीसरा मैच

**नेपाल व स्कॉटलैंड के बीच शाम 7 बजे**

## टी-20 विश्वकप में स्मिथ ऑस्ट्रेलिया टीम में शामिल

नई दिल्ली, 16 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया ने 2026 टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में स्टीव स्मिथ को शामिल किया है। अनुभवी खिलाड़ी पिछले सप्ताह श्रीलंका में मिचेल मार्श की चोट के बाद टीम में शामिल हुए थे, हालांकि, पालेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले से पहले, ऑस्ट्रेलिया ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्होंने चोटिल जोश हेज़लवुड की जगह टीम में जगह बनाई है। इस घटनाक्रम पर बोलते हुए, क्रिकेट क्रिकेट के मौजूदा चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने कहा कि मार्श और स्टोइनिस की निगरानी की जरूरत को देखते हुए, टीम प्रबंधन ने स्मिथ को टीम में शामिल करना सही फैसला समझा।

# इंग्लैंड की तीसरी जीत, इटली को 24 रन से हराया




कोलकाता, 16 फरवरी। कोलकाता के प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में खेले गए टी20 विश्व कप मुकाबले में इंग्लैंड से व्यापक रूप से यह उम्मीद की जा रही थी कि वह इटली को आसानी से हरा देगी। इटली अपने पहले टी20 विश्व कप में खेल रही थी, इसलिए ज्यादातर लोगों को कम से कम एक प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन की ही उम्मीद थी। हालांकि, हैरी मैनेंटी की अगुवाई वाली टीम के इरादे कहीं बड़े थे। नेपाल पर 10 विकेट की शानदार जीत के बाद, इटली ने इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी और इतिहास रचने के बेहद करीब पहुंच गई, लेकिन अंततः 24 रनों से हार गई।

हैरी ब्रुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और यूरोपीय टीम के सामने 203 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा। उन्होंने सफलतापूर्वक लक्ष्य का बचाव किया और मैच जीत लिया। फिल साल्ट (15 गेंदों में 28 रन) ने तूफानी शुरुआत दी, लेकिन जोस बटलर रन बनाने में नाकाम रहे और ग्रांट स्टीवर्ट के हाथों अपना विकेट गंवाने से पहले सिर्फ तीन रन ही बना पाए। जैकब बेथेल (20 गेंदों में 23 रन) और टॉम बैंटन (21 गेंदों में 30 रन) ने बल्ले से अच्छा योगदान दिया। सैम कुरेन ने दो छक्के लगाकर 25 रन बनाए।

सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए विल जैक्स ने सिर्फ 22 गेंदों में नाबाद 53 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 200 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रहा। स्टीवर्ट और कृष्ण कलुगामेज ने दो-दो विकेट लिए, जबकि जेजे स्मट्स, अली हसन और बेन मैनेंटी ने एक-एक विकेट साझा किया। 203 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए, इटली को पहले ही ओवर में दो विकेट का झटका लगा जब जोफ्रा आर्चर ने एंथनी मोस्का और जेजे स्मट्स को शून्य पर आउट कर दिया। इटली के कप्तान हैरी मैनेंटी ने 11 गेंदों में मात्र 12 रन बनाए और जेमी ओवरटन के हाथों अपना विकेट गंवा दिया। उनके भाई बेन मैनेंटी (25 गेंदों में 60 रन, जिसमें चार चौके और छह छक्के शामिल थे) ने जस्टिन मोस्का (32 गेंदों में 43 रन, जिसमें सात चौके शामिल थे) के साथ चौथे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी की। स्टीवर्ट की 23 गेंदों में खेली गई 45 रनों की तेज पारी ने इटली को मैच में बनाए रखा, लेकिन इंग्लैंड ने डेथ ओवरों में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए उन्हें 20 ओवरों में 178 रनों पर रोक दिया। विल जैक्स को उनके मैच-विनिंग प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इटली गुरुवार को इसी मैदान पर वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच खेलेगी।

# श्रीलंका ने आठ विकेट से ऑस्ट्रेलिया को हराया, पथुम निसांका का नाबाद शतक

पल्लेकेले, 16 फरवरी। श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 10 विकेट पर 181 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने 18 ओवर में दो विकेट पर 184 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। सोमवार को टी20 विश्व कप 2026 का 30वां मुकाबला पल्लेकेले में खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल मार्श और ट्रेविस हैड की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में 10 विकेट पर 181 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने 18 ओवर में दो विकेट पर 184 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनके लिए पथुम निसांका ने शानदार शतक जड़ा।

ऑस्ट्रेलिया को टी-20 वर्ल्ड कप में एक और करारी हार झेलनी पड़ी है। उसे सोमवार के तीसरे मैच में श्रीलंका ने 8 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम इस टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो गई है। अब उसकी उम्मीदें जिम्बाब्वे की हार पर टिकीं हैं।




पल्लेकेले स्टेडियम में ग्रुप बी के इस मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में 181 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका ने 182 रन का टारगेट 18 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। पथुम निसंका ने 52 बॉल पर नाबाद 100 रन की पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। निसंका ने इस टूर्नामेंट का पहला शतक लगाया। कुसल मेंडिस ने 51 रन बनाए। मार्कस स्टोयनिस को 2 विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया से ट्रेविस हेड ने 56 और मिचेल मार्श ने 54 रन की पारी खेली। दोनों ने शतकीय साझेदारी की। जोश इंग्लिस ने 27 और ग्लेन मैक्सवेल ने 22 रन बनाए। दुषन हेमंथ ने 3 विकेट झटके। दुष्मंथा चमीरा को 2 विकेट मिले।

### अफगानिस्तान की टी-20 वर्ल्डकप में पहली जीत

# संयुक्त अरब अमीरात को 5 विकेट से हराया

नई दिल्ली, 16 फरवरी। अफगानिस्तान ने टी-20 वर्ल्डकप के 28वें मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 5 विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। सोमवार को दिन के पहले मैच में अफगानिस्तान ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया।

संयुक्त अरब अमीरात ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाए। जवाब में अफगान टीम ने 19.2 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। अफगानिस्तान के लिए अजमतुल्लाह उमरजई ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 4 विकेट लिए और 21 बॉल पर नाबाद 40 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



इस जीत के बाद अफगानिस्तान ग्रुप-डी के पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर आ गया है। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात चौथे नंबर पर खिसक गई। दोनों के 3-3 मैच में 2-2 पॉइंट्स है, लेकिन अफगानिस्तान के रन रेट सही होने की वजह से वह एक स्थान ऊपर है। इब्राहिम जादरान ने 53 रन बनाए टारगटे का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। उनके अलावा अजमतुल्लाह उमरजई ने नाबाद 40, दरविश रसूली ने 33, सेदिकुल्लाह अटल 16 और गुलबदीन नाईब 13 रन बनाए। रहमानुल्लाह गुरबाज खाता भी नहीं खोल सके। के लिए मुहम्मद अरफान और जुनैद सिद्दीकी ने 2-2 विकेट लिए। मुहम्मद जवादुल्लाह को 1 विकेट मिला।

### मिलानो कॉर्टिना में आइस डॉस पर बवाल

# जजिंग विवाद के बाद अमेरिकी फिगर स्केटिंग ने नहीं की अपील



मिलानो कॉर्टिना, 16 फरवरी। शीतकालीन खेलों में आइस डांस फाइनल के नतीजों को लेकर उठा विवाद अब औपचारिक अपील तक नहीं पहुंचेगा। अमेरिकी फिगर स्केटिंग ने स्पष्ट कर दिया है कि वह मैडिसन चॉक और इवान बेट्स के स्कोर को चुनौती नहीं देगा। फाइनल के बाद कुछ प्रशंसकों ने जजिंग को लेकर नाराजगी जताई थी और ऑनलाइन याचिका भी शुरू की थी। बता दें कि पूरे सत्र में अपराजित रहे इस अमेरिकी जोड़े को फ्री डांस में अपने प्रदर्शन पर पूरा भरोसा था। उनका मानना था कि उन्होंने स्वर्ण पदक के लायक प्रस्तुति दी है। हालांकि अंतिम स्कोर में फ्रांस की जोड़ी लारेंस फ़ोर्नियर ब्यूड्री और गिलाउम सिज़ेरॉन ने कुल 225.82 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि चॉक और बेट्स को 224.39 अंक मिले और वे रजत पदक तक सीमित रहे। गौरतलब है कि विवाद का बड़ा कारण फ्री डांस में फ्रांसीसी जज जेज़ाबेल डाबुई द्वारा दिए गए अंक रहे, जिन्होंने फ्रांसीसी जोड़ी को अमेरिकी खिलाड़ियों की तुलना में लगभग आठ अंक अधिक दिए। इसके बाद सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई और अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग संघ तथा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से स्कोर की समीक्षा की मांग उठी।

# टी-20 विश्व कप में भारत से हार का साइड इफेक्ट, पाकिस्तान टीम से बाबर और शाहीन होंगे बाहर

नई दिल्ली, 16 फरवरी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम 2026 टी20 विश्व कप में नामीबिया के खिलाफ बुधवार के मैच के लिए पूर्व कप्तान बाबर आजम और शाहीन अफरीदी को टीम से बाहर करने जा रही है। टीम प्रबंधन इन दोनों वरिष्ठ खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन से हताश है। यह फैसला रविवार (15 फरवरी) को प्रतिद्वंद्वी भारत से पाकिस्तान की 61 रनों की करारी हार के बाद लिया गया है। भारत से हार के बाद अक्सर पाकिस्तान टीम में तुरंत बदलाव देखने को मिलते हैं, लेकिन बाबर और अफरीदी के प्रदर्शन पर काफी समय से सवाल उठ रहे हैं।

बाबर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए और सात गेंदों पर सिर्फ पांच रन बना सके। अक्षर पटेल की गेंद पर एक खराब शॉट खेलने की कोशिश में वह चूक गए और उनका स्टंप्स उड़ गए। वहीं, अफरीदी ने अपने दो ओवरों में 15.50 की इकॉनमी रेट से 31 रन लुटाए, जो उस रात किसी भी गेंदबाज की सबसे महंगी इकॉनमी रेट थी। मैच के बाद, कोच माइक हेसन ने कहा कि उनके खिलाड़ियों को दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए और अधिक अभ्यास की आवश्यकता है, क्योंकि वे इस समय बुनियादी बातों को अक्सर भूल रहे हैं।




उन्होंने मैच के बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि देखिए, जब कोई खिलाड़ी आप पर दबाव डाल रहा हो, तो यह बहुत महत्वपूर्ण होता है - क्या आप अपनी बुनियादी बातों पर टिके रहेंगे या उनसे भटक जाएंगे? और मुझे लगता है कि यह एक वास्तविक चुनौती होगी क्योंकि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, हम पर फिर से दबाव डाला जाएगा। हेसन ने आगे कहा कि और जब हम दबाव में होते हैं तो हमारी प्रतिक्रिया कैसी होती है, यह मायने रखता है।

ये सभी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं, अच्छे खिलाड़ी हैं, लेकिन जब दबाव आता है, तो क्या वे निर्णय लेने की क्षमता पर भरोसा करेंगे या शायद उससे बाहर जाकर कुछ गलत करेंगे? हमें इस मामले में सुधार करना होगा। अगर पाकिस्तान बाबर और शाहीन को टीम से बाहर करता है, तो वे फखर जमान और नसीम शाह को मौका दे सकते हैं। नामीबिया के खिलाफ मैच इस जोखिम को उठाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि भले ही बारिश के कारण रद्द हुए मैच से एक अंक भी उन्हें सुपर-आठ चरण में पहुंचा देगा, लेकिन हार उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर सकती है।

# भारत से हार पर भड़के शोएब अख्तर, नकवी को बताया जाहिल और अक्षम



नई दिल्ली, 16 फरवरी। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर ने मोहसिन नकवी की जमकर आलोचना करते हुए उन्हें अक्षम और अज्ञानी बताया। यह आलोचना तब हुई जब पाकिस्तान को 15 फरवरी, रविवार को कोलंबो में खेले गए टी20 विश्व कप में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी भारत से 61 रनों की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। अख्तर ने पाकिस्तान की कमजोर आत्मसमर्पण की कड़ी निंदा की, जिसके चलते भारत ने टी20 विश्व कप के इस निर्णायक मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ इस शानदार जीत के साथ, भारत ने टूर्नामेंट में 8-1 की मजबूत बढ़त बना ली है। पाकिस्तान ने भारत को 175 रन बनाने की अनुमति तो दे दी, लेकिन बल्लेबाजी में वे कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और मात्र 114 रनों पर ऑल आउट हो गए। एबीपी न्यूज़ से बात करते हुए अख्तर ने कहा कि मैच में हमारा कोई दबदबा नहीं था। शाहीन जिस तरह से गेंदबाजी कर रहे थे... वो 125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे थे। आधुनिक क्रिकेट में ऐसी मांग नहीं होती। ये वो प्रतिभाएं नहीं हैं जो दबाव झेल सकें। दिग्गज तेज गेंदबाज ने पीसीबी और राष्ट्रीय टीम के प्रबंधन को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। अख्तर ने विशेष रूप से उन वरिष्ठ खिलाड़ियों के निरंतर समर्थन की आलोचना की, जो सबसे अहम मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं।

## वीमेन सीनियर वनडे ट्रॉफी : राजस्थान ने बंगाल को हराया




जयपुर, 16 फरवरी। वड़ोदरा में खेली जा रही वीमेन सीनियर एक दिवसीय ट्रॉफी में आज राजस्थान ने बंगाल को 4 विकेट से हराया। राजस्थान - बंगाल मैच (राजस्थान 4 विकेट से जीती) बंगाल पारी 196 आल आउट। टीम के लिए साइका 48 व सुजाता 43 रन। राजस्थान की गेंदबाज सोनल कलाल 50/5 व रिंकू टांक, कौशल्या चौधरी, शानू, संगीता कुमावत 1-1 विकेट। राजस्थान पारी 197/6, टीम के लिए आयुषु गर्ग 47, डिंपल कँवर नाबाद 42, सुमन मीणा 42 व संगीता कुमावत 39 रन।बंगाल की गेंदबाज बिधिशा 36/3

# ये पाक क्रिकेट का सबसे काला दौर : मो. यूसुफ

नई दिल्ली, 16 फरवरी। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद यूसुफ ने रविवार को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप स्टेज मैच में भारत से 61 रनों की हार के बाद टीम के पतन के लिए पाकिस्तान क्रिकेट संरचना में राजनीतिक प्रभाव और व्यक्तिगत स्वार्थ को जिम्मेदार ठहराया है और इसे देश के क्रिकेट इतिहास का सबसे काला दौर बताया है। पर एक पोस्ट में, पाकिस्तान पुरुष टीम के कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने कहा कि जब तक राजनीतिक हस्तक्षेप और व्यक्तिगत स्वार्थ समाप्त नहीं हो जाते, पाकिस्तान क्रिकेट अपनी पुरानी ताकत हासिल नहीं कर पाएगा। मोहम्मद यूसुफ ने कहा कि जब तक हम पाकिस्तान क्रिकेट को राजनीतिक प्रभाव और व्यक्तिगत स्वार्थ को दूर नहीं करते, तब तक हम उस टीम के रूप में वापस नहीं आ सकते जो हम कभी थे। यह हमारे क्रिकेट इतिहास का सबसे काला दौर है, और मेरा दिल इसके लिए तड़पता है। अक्षम व्यक्तियों को पद और टीम से हटा दिया जाना चाहिए। 2009 टी20 विश्व कप विजेता पाकिस्तान मौजूदा विश्व कप के सुपर 8 चरण में पहुंचने से चूकने के खतरे में है, क्योंकि उसका नेट रन रेट संयुक्त राज्य अमेरिका से भी नीचे गिर गया है। नतीजतन, नामीबिया से हार सलमान अली आगा की अगुवाई वाली टीम के अभियान का अंत कर देगी।

# राजस्थान के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों का मिलन समारोह एवं चौथी किशनगढ़ ट्रॉफी शूटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

जयपुर, 16 फरवरी। जयपुर नाइट शॉटगन प्रतियोगिता ओएसिस शूटिंग रेंज, जगतपुरा, जयपुर पर राजस्थान राइफल एसोसिएशन द्वारा नाइट शॉटगन शूटिंग प्रतियोगिता (स्कीट, ट्रैप, डबल ट्रैप) का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों के मिलन समारोह में सम्माननीय सदस्य कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड, युवा मामले एवं खेल मंत्री, राजस्थान सरकार; कलीकेश नारायण सिंहदेव, अध्यक्ष, राष्ट्रीय राइफल संघ: पवन कुमार सिंह, महासचिव, राष्ट्रीय राइफल संघ: एवं राजीव भाटिया, सचिव, राष्ट्रीय राइफल संघ बतौर अतिथि उपस्थित हुए।

खेल मंत्री ने राजस्थान के 2025 की मेडल टैली में प्रथम स्थान पर रहने की प्रशंसा करते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें आगे भी इसी तरह प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने



शूटिंग खेल को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों के हित में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शूटिंग खेल में आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए बजट में 240 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। राष्ट्रीय राइफल संघ के अध्यक्ष, महासचिव एवं सचिव ने खिलाड़ियों और राजस्थान राइफल एसोसिएशन को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में अधिक से अधिक मैच ओएसिस शूटिंग रेंज, जगतपुरा, जयपुर पर आयोजित किए जाएंगे, जिससे राजस्थान के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिलेंगे।



### कुल 48 राइडर्स ने लिया भाग

# फादर ऑफ इंडियन ऑफ-रोड मोटरसाइकिल रेसिंग

जयपुर, 16 फरवरी। जॉन सिंह स्पीड फेस्टिवल में दो दिनों तक रोमांचक रेसिंग देखने को मिली, जिसमें कश्मीर से कन्याकुमारी तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि 'हीरो मोटोकॉर्प' ने अपनी फैक्ट्री टीम मैदान में उतारी। तीन रेसिंग श्रेणियों में कुल 48 राइडर्स ने सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा की। 'जयपुर मोटरसाइकिल क्लब' ने 'मोटरेक्स' और 'बिग बैड बाइक्स' के सहयोग से 'फादर ऑफ़ इंडियन ऑफ-रोड मोटरसाइकिल रेसिंग' - जॉन सिंह की जयंती के अवसर पर जयपुर के पास नायला में दो दिवसीय स्पीड फेस्टिवल का आयोजन किया।

## सबा क्लब ने जयपुर क्लब को हराया

जयपुर, 16 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा वन रियलिटी द्वारा प्रायोजित के एल सैनी ए डिवीजन लीग में आज खेले गए मैच में सबा क्लब ने जयपुर को 8 विकेट से हराया। प्रातः के एल सैनी स्टेडियम पर जयपुर क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया लेकिन सबा क्लब की गेंदबाज ऋषभ सांकला के 40 पर 3, मिहित अग्रवाल के 34 पर 3, सुमित भगेरिया के 25 पर 2 व अमृतपाल के 16 पर 2 विकेट के सामने 29.3 ओवर में मात्र 141 रनो पर आउट हो गई। जयपुर क्लब के लिए विवेक सैनी ने 25, मोहम्मद खूबेब ने 19, निरंजन सैनी ने 26 व सैयद सफान ने 19 रन बनाए।

## जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर महाराजा सवाई मानसिंह, एमवीसी कप के लिए आज से होगी टीमों के बीच टक्कर


जयपुर, 16 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी कप (14 गोल्स) के लिए चार टीमों के बीच कल से मुकाबलों की शुरुआत होगी। इन चार टीमों में जयपुर अरावली, जिंदल पोलो टीम, कैरेसिल सुहाना और विमल एरियन अचीवर्स शामिल हैं। इस कप के लिए फाइनल मुकाबला शनिवार, 21 फरवरी को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर दोपहर 3.30 बजे आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट के लिए मुकाबले कुछ इस प्रकार से होंगे। मंगलवार, 17 फरवरी को पीपीसी ग्राउंड पर कैरेसिल सुहाना और विमल एरियन अचीवर्स के बीच दोपहर 12 बजे से मैच खेला जाएगा। इसी प्रकार, राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड (आरपीसी) पर दोपहर 3:30 से जयपुर अरावली और जिंदल पोलो टीम के बीच मुकाबला होगा। वहीं, गुरुवार, 19 फरवरी को टीमों के बीच क्रॉस सेमिफाइनल मुकाबले आयोजित होंगे। उल्लेखनीय है कि बुधवार, 18 फरवरी और शुक्रवार, 20 फरवरी को मेंटेनेंस डे रहेंगे। टीम जयपुर अरावली से खेलने वाले खिलाड़ियों में हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, लांस वॉटसन, प्रताप सिंह कानोता और मैनुअल फर्नांडीज लोरेंटे शामिल होंगे। टीम जिंदल पोलो से नवीन जिंदल, सिद्धांत शर्मा, सिमरन शेरगिल और मैक्स चार्ल्टन खेलेंगे। इसी प्रकार, टीम कैरेसिल सुहाना की ओर से अशोक चांदना, कुलदीप सिंह राठौड़, मैनुअल प्राडो और माटियास वायल खेंलेगे। वहीं, टीम विमल एरियन अचीवर्स में सलीम आजमी, डेनियल ओटामेंडी, अलेजो अरामबुरु और ध्रुवपाल गोदारा शामिल होंगे।

## अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग 9 मार्च से

जयपुर, 16 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा स्व. अनुराग मिश्रा स्मृति 'बी' डिवीजन लीग का आयोजन दिनांक 9 मार्च से किया जाएगा। बी डिवीजन लीग में 20 टीमें भाग लेगी जिन्हें 4 पूल में विभाजित किया जाकर लीग कम नॉक आउट आधार पर मैच आयोजित किए जाएंगे। सभी टीमों को 50-50 ओवर के 4 मैच खेलने को मिलेंगे। प्रत्येक पूल से 2 टीम नॉक आउट में प्रवेश करेगी। बी डिवीजन लीग की टीमों को अपनी प्रविष्टि दिनांक 05 मार्च तक जेडीसीए के ऑफिस के एल सैनी स्टेडियम पर आवश्यक रूप से जमा करनी होगी।

# धर्मवीर सैनी व सिद्धार्थ जोशी की अर्द्धशतकीय पारी से जयपुर डिवीजन फाइनल में

जयपुर, 16 फरवरी। जोधपुर वर्कशॉप ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 131 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें सदासुख धारनिया ने 47 रन व दिनेश सैनी 35 रनों का योगदान दिया। जयपुर डिवीजन की ओर से गेंदबाजी में श्याम जांगिड़, लखन भारती, गौरव मीना, आकाश साहू ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयपुर डिविजन 10.4 ओवर में 132/1 रन बनाकर फाइनल में जगह बना ली। जिसमें धर्मवीर सैनी ने नाबाद 70 रन व सिद्धार्थ जोशी ने 55 रनों ( रिटायर्ड आउट) की पारी खेली। जयपुर डिवीजन ने 9 विकेट से मुकाबला जीता। मैन ऑफ द मैच-धर्मवीर सैनी।



**गजेंद्र सिंह के ऑलराउंडर प्रदर्शन से बीकानेर डिविजन फाइनल में-** दिन का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बीकानेर डिविजन व अजमेर डिवीजन के मध्य खेला गया। जिसमें बीकानेर डिवीजन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 179/8 रन बनाएं। जिसमें विनीत ने नाबाद 37 रन व राहुल सिंह चौहान ने 32 रन व जुबेर अली खान ने 31 रन व गजेंद्र सिंह ने 27 रनों की पारी खेली। अजमेर डिवीजन की ओर से गेंदबाजी में शैलेंद्र सिंह व प्रद्युमन पारीक ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अजमेर डिविजन 15.4 ओवर में 103 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें निखिल डोरू ने नाबाद 31 रन व अफरोज ने 30 रनों का योगदान दिया। बीकानेर डिवीजन की ओर से गेंदबाजी में गजेंद्र सिंह ने 5 विकेट व गौरव खत्री ने तीन विकेट लिए।बीकानेर डिवीजन में 76 रन से मुकाबला जीता।मैन ऑफ द मैच -गजेंद्र सिंह। फाइनल मुकाबला जयपुर डिविजन व बीकानेर डिवीजन के मध्य मंगलवार को रेलवे क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा।

# शिक्षक युवाओं की ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करें- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-26 के उद्घाटन समारोह में संबोधन दिया

जयपुर, 16 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में नवाचार, तकनीक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा दिया जाए, जिससे रोजगार प्राप्ति के साथ ही युवाओं का चरित्र निर्माण भी हो। उन्होंने शिक्षकों से आ ान किया कि वे युवाओं की ऊर्जा एवं क्षमताओं का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करने के लिए अपनी महती भूमिका निभाएं।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस समागम की थीम ''अंतर संस्थागत विकास पर संवाद'' अत्यंत प्रासंगिक है। आईआईटी, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय, शोध संस्थान और निजी शिक्षण संस्थाओं को मिलाकर काम करने से धरातल पर वास्तविक बदलाव लाया जा सकता है।**

शर्मा सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी शिक्षा चाहिए ,जो परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम हो। जहां वेदों के ज्ञान के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता की समझ हो, संस्कृत के श्लोकों के साथ कोडिंग की भाषा हो तथा योग और ध्यान के साथ रोबोटिक्स और नैनो टेक्नोलॉजी हो।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2026 का उद्घाटन किया।*

उन्होंने कहा कि इस समागम की थीम 'अंतर-संस्थागत विकास पर संवाद' अत्यंत प्रासंगिक है। आईआईटी, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय, शोध संस्थान और निजी शिक्षण संस्थाओं के मिलकर काम करने से धरातल पर वास्तविक बदलाव लाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत आज विश्व का सबसे युवा देश है। 65 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह जनसांख्यिकीय हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारी सरकार अब तक 1 लाख से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्तियां दे चुकी है और 1 लाख 54 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इस वर्ष के लिए 1 लाख सरकारी पदों की भर्ती का कैलेंडर जारी किया जा चुका है।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि इस समागम का उद्देश्य है कि संस्थागत सहयोग, नेतृत्व विकास एवं नीति निर्माण के माध्यम से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को गति मिले। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि इस समागम में संस्थागत विकास, फ्युचर रैडी फैकल्टी, भारत आधारित शोध को बढ़ावा, भारतीय भाषाओं का प्रचार-प्रसार, तकनीक आधारित उच्च शिक्षा का भविष्य सहित, विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी।

## फरीदाबाद की स्टील फैक्ट्री में ब्लास्ट से आग लगी

फरीदाबाद, 16 फरवरी। सेक्टर-24 स्थित एक औद्योगिक इकाई (एमजीए इंडस्ट्रीज या समान फैक्ट्री) में सोमवार शाम को भीषण आग लग गई, जिसमें 5 पुलिसकर्मी समेत 40 से ज्यादा लोग झुलस गए हैं। आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया।

घायलों को तुरंत बादशाह खान अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में सीएनसी मशीन से स्टील की प्लेट काटने का काम होता है। शाम करीब 4 बजे प्लेट काटते समय एक चिंगारी केमिकल से भरे ड्रम में चली गई। कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन इससे ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट के बाद आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री में फैल गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आग में 42 लोगों के झुलसने की पुष्टि की गई है जिसमें से 12 लोगों बादशाह खान सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी लोगों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंचीं। आग बुझाने के दौरान तेल से भरे ड्रमों की मौजूदगी से आग और भड़क गई।

- **स्टील की प्लेट काटते समय चिंगारी कैमिकल से भरे ड्रम तक पहुंच गई जिससे पहले धमाका हुआ फिर आग लग गई। 5 पुलिसकर्मी सहित 40 से ज्यादा लोग झुलस गए।**

# भिवाड़ी की कैमिकल एवं पटाखा फैक्ट्री में आग, 7 जिंदा जले

## फैक्ट्री में भारी मात्रा में कैमिकल व पटाखा बनाने वाली सामग्री का भंडारण किया गया था

भिवाड़ी/ खैरथल, 16 फरवरी। भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के खुशखेड़ा स्थित एक केमिकल व पटाखा फैक्ट्री में सोमवार सुबह लगी भीषण आग ने पूरे इलाके को दहला दिया। आगजनी की खबर सुनकर जयपुर से वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा, अलवर से जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला तथा भिवाड़ी पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने पुष्टि की है कि घटना में सात लोगों की मृत्यु हुई है।

- **घायलों को बेहतर इलाज के लिए सफदर जंग अस्पताल दिल्ली भेजा गया है।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना पर गहरा दुःख जताया तथा मृतकों के परिजनों के लिए 3-3 लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।**

घायलों को दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद की गई तलाशी में परिसर के भीतर किसी भी व्यक्ति के फंसे होने की संभावना नहीं बताई गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब साढ़े नौ बजे फैक्ट्री परिसर से अचानक जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाका इतना तेज था कि आसपास की अन्य औद्योगिक इकाइयों में काम कर रहे कर्मचारी भी घबराकर बाहर निकल आए। देखते ही देखते फैक्ट्री से धुएं का घना गुबार उठने लगा और आग तेजी से फैलती चली गई। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में ज्वलनशील केमिकल और पटाखा सामग्री का भंडारण किया गया था, जिससे आग ने कुछ ही मिनटों में भयावह रूप ले लिया।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग सक्रिय हो गया। भिवाड़ी, तिजारा, धारूहेड़ा और रेवाड़ी सहित, कई स्थानों से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया जा सका।

प्रशासन ने औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा मानकों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए आगामी सात दिनों में औद्योगिक इकाइयों की व्यापक जांच करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने बताया है कि इकाइयों में संचालित गतिविधियों, अग्नि सुरक्षा उपायों, वैधानिक अनुमतियों एवं श्रमिक सुरक्षा मानकों की गहन समीक्षा की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

घटनास्थल पर पहुंचे वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इसके पश्चात मंत्री अस्पताल गए और अधिकारियों को घटना से प्रभावित सभी व्यक्तियों को आवश्यक सहायता एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मंत्री शर्मा पुलिस थाने भी गए, जहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि घटना के कारणों की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी सहित, जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक खैरथल मनीष चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिकी क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में आग से हुई दुखान्तिका पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के आश्रितों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है। उन्हें पूरी मदद देने और घायलों के हरसंभव उपचार के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मृतकों के आश्रितों को 3-3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। उन्होंने निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता तत्काल सुनिश्चित की जाए।

## जस्टिस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

साल के कारावास और 25 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया था।

वहीं, सह-आरोपी सैफ अली खान, नीलम, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और दुष्यंत सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया था। राज्य सरकार ने इन कलाकारों को बरी किए जाने के आदेश को राजस्थान हाईकोर्ट में लीव टू अपील के माध्यम से चुनौती दी थी।

सलमान खान के वकीलों ने पूर्व में एक ट्रांसफर पिटीशन दायर की थी, ताकि उनकी सजा के खिलाफ लंबित अपील को राज्य सरकार की अपील के साथ जोड़कर (संलग्न कर) एक साथ सुना जा सके। पूर्व की सुनवाई में जस्टिस मनोज कुमार गर्ग ने निर्देश दिया था कि तकनीकी कारणों से रुकी इस प्रक्रिया को पूरा कर दोनों प्रकरणों को संयुक्त रूप से लिस्ट किया जाए।

# सुनेत्रा पवार एनसीपी ( अजित पवार गुट ) की अध्यक्ष बनेंगी

मुंबई/पुणे, 16 फरवरी। महाराष्ट्र की राजनीति से एक बड़ी खबर निकल कर सामने आई है। बीते कुछ दिनों से चल रही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों धड़ों (शरद पवार गुट और अजित पवार गुट) के विलय की चर्चा पर फैसला टाल दिया गया है। सोमवार को महाराष्ट्र डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार की मौजूदगी में हुई पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में पार्टी के विलय पर कोई चर्चा नहीं हुई। लेकिन इस बैठक में यह फैसला लिया गया कि बारामती विमान हादसे में पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार सरकार के बाद अब पार्टी में भी लीड रोड में नजर आएंगी।

महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम का पद संभालने के बाद अब अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार पार्टी में सर्वोच्च पद संभालेंगी। इस तरह से उनके सामने सरकार के साथ-साथ संगठन को संभालने की दोहरी जिम्मेदारी होगी।

- **इस घोषणा से स्पष्ट है कि एनसीपी के दोनों धड़ों का विलय फिलहाल टल गया है**
- **सुनेत्रा पवार को हाल ही में महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाया गया है।**

दरअसल सोमवार को हुई एनसीपी नेताओं की बैठक में सुनेत्रा पवार को एनसीपी की नई राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर सहमति जताई गई है। बताया गया कि सुनेत्रा पवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के फैसले पर 26 फरवरी को आधिकारिक मुहर लगेगी। आज हुई एनसीपी की अहम बैठक में सुनेत्रा पवार के नाम पर मुहर लगाते हुए उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर फैसला हुआ। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल पटेल ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी विधायकों ने हाथ उठाकर अपना पूर्ण समर्थन दिया।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, 26 फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में उनके नाम पर आधिकारिक रूप से मुहर लगा दी जाएगी। फिलहाल पार्टी के विलय को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। विधायकों को सख़्त हिदायत दी गई है कि विलय के संबंध में बाहर मीडिया में कोई भी बयान न दें।

## इज़रायली टूरिस्ट से गैंगरेप के 3 दोषियों को मौत की सजा

नई दिल्ली, 16 फरवरी। कर्नाटक के कोप्पल जिले के एक सेशन कोर्ट ने सोमवार को तीन लोगों को मौत की सजा सुनाई।

इन लोगों को एक इजराइली नागरिक समेत दो महिलाओं के गैंगरेप और एक पुरुष टूरिस्ट की हत्या का दोषी पाया गया था। इस अपराध ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था और इसकी बहुत निंदा हुई थी।

गंगावती डिस्ट्रिक्ट और सेशंस कोर्ट में मौत की सजा सुनाई गई है। जज ने कहा कि यह जुर्म रेयरेस्ट ऑफ रेयर कैटेगरी में आता है, जिसके लिए ज्यादा से ज्यादा सजा मिलनी चाहिए।

यह घटना हम्पी के पास सनापुरा में तुंगभद्रा लेफ्ट बैंक कैनाल के पास हुई। पुलिस ने बताया कि तीनों दोषियों ने 6 मार्च, 2025 की रात कोदो महिला सर्वाइवर, एक इजराइली टूरिस्ट और एक होमस्टे ऑपरेटर, और तीन अन्य पुरुष टूरिस्ट दोस्तों से पैसे मांगे थे।

## योगी आदित्यनाथ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

होती है। आंखों में जलन होती है और सांस लेने में परेशानी होती है। बुजुर्गों, बीमार लोगों और बच्चों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। स्थिति बहुत खराब है।''

बताया जा रहा है कि भाजपा नेता इस बयान से हैरान रह गए हैं। साथ ही इस बात को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि योगी ने ''तीखी टिप्पणी करके अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की कोशिश की है।

एक विचार यह भी है कि जैसे नरेन्द्र मोदी ने अपने विकास एजेंडे को दिखाने के लिए गुजरात मॉडल पेश किया था, वैसे ही योगी भी कुछ ऐसा ही करने की कोशिश कर रहे हैं। इसे प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराधिकारी बनने की दौड़ में गृह मंत्री अमित शाह पर बढ़त बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि योगी ने गोरखपुर के प्रदूषण स्तर की तुलना नई दिल्ली से की। उन्होंने कहा, ''यहां (गोरखपुर) का वातावरण देखिए। यहां कोई बीमारी नहीं है, क्योंकि प्रदूषण नहीं है। आप पर्यावरण की रक्षा करेंगे तो पर्यावरण आपकी रक्षा करेगा।''

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, रविवार को दिल्ली के आनंद विहार में, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 239 था, जबकि गोरखपुर में यह आंकडा 97 दर्ज किया गया।

जहां योगी की टिप्पणियां सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा में हैं, वहीं आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मुख्यमंत्री के बयान का स्वागत करते हुए कहा कि ''योगी आदित्यनाथ ने प्रदूषण के मुद्दे पर भाजपा को बेनकाब कर दिया है।''

## जेईई मेन्स...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तथा सरकारी वित्तपोषित तकनीकी संस्थान (जीएफटीआई) जैसे प्रमुख तकनीकी संस्थानों में प्रवेश की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं। इसके अलावा, ये अभ्यर्थी जेईई एडवांस्ड के लिए पात्र हो गए हैं, जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में प्रवेश का मार्ग है।

इस वर्ष राजस्थान से सर्वाधिक तीन अभ्यर्थी 100 परसेंटाइल स्कोरर रहे।

## चुनाव आयोग ने प.बंगाल के सात अधिकारियों को सस्पैंड किया

कोलकाता, 16 फरवरी। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में सात आधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही, आयोग ने मुख्य सचिव को उनके खिलाफ तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरु करने का निर्देश दिया है। इन सभी अधिकारियों पर ड्यूटी में लापरवाही और एसआईआर के संबंध में कानूनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप है। रविवार रात को पश्चिम बंगाल की चीफ सेक्रेटरी नंदिन चक्रवर्ती को भेजे गए लैटर में आयोग ने अलग-अलग जिलों के सात असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स को तुरंत सस्पेंड करने का ऑर्डर दिया है। लेटर में कैडर कंट्रोलिंग अथॉरिटी से कहा गया है कि वे बिना किसी देरी के डिसिप्लिनरी कार्रवाई शुरु करें और इस बारे में कमीशन को बताएं। इन सात अधिकारियों में से तीन मुर्शीदाबाद, दो साउथ 24 परगना और एक-एक वेस्ट मेदिनीपुर और जलपाईगुड़ी जिले में पोस्टेड हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने वांगचुक के वीडियो का पूर्ण ट्रांसक्रिप्शन मांगा

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, एआई बहुत विकसित हो गया है तो अनुवाद 98 प्रतिशत सटीक होना चाहिए

नई दिल्ली, 16 फरवरी। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पेश किए गए वीडियोट्रांसक्रिप्ट को लेकर केन्द्र सरकार से सवाल पूछे। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को केन्द्र सरकार से पूछा कि वांगचुक के मामले में जो वीडियो जमा किए गए हैं उनके सही ट्रांसक्रिप्ट (शब्द-दर-शब्द रिकॉर्ड) कहां हैं। कोर्ट ने कहा कि आज के समय में, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बहुत विकसित हो गया है, ट्रांसलेशन में कम से कम 98 प्रतिशत सटीकता होनी चाहिए।

- **वांगचुक के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, जो बातें वांगचुक के हवाले से कही जा रही हैं, वो उन्होंने कभी नहीं कहीं।**
- **एडीशनल सॉलिसिटर जनरल के एम नटराजन ने पल्ला झाड़ते हुए कहा ट्रांसक्रिप्शन का विभाग अलग ह", वे इसके विशेषज्ञ नहीं हैं।**

कोर्ट में जस्टिस अरविंद कुमार और पीबी वराले की बेंच ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से कहा कि वांगचुक के बयान का असली ट्रांसक्रिप्ट सरकार से चाहिए। इस मामले में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट को बताया कि कुछ बातें जो सरकार ने वांगचुक के नाम पर लिखी हैं, वह उन्होंने कभी नहीं कहीं। अब इस मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को होगी। कोर्ट ने कहा कि हम चाहते हैं कि आपके पास वीडियो का असली ट्रांसक्रिप्ट हो। आप जो कह रहे हैं और वांगचुक ने जो कहा है, दोनों अलग हैं। हम यह तय करेंगे। कम से कम जो वांगचुक ने कहा, उसका सही अनुवाद होना चाहिए। इस मामले में सिब्बल ने ट्रांसलेशन पर सवाल उठाते हुए कहा कि वांगचुक अपनी हड़ताल जारी रखते रहे और युवाओं को उकसाने के लिए नेपाल का जिक्र करते रहे। उन्होंने कहा कि यह लाइन कहां से आई? एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कोर्ट को बताया कि ट्रांसक्रिप्ट बनाने का अलग विभाग है और वे इसमें विशेषज्ञ नहीं हैं।

बता दें कि केन्द्र सरकार ने पहले सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि वांगचुक की हिरासत के दौरान 24 बार मेडिकल जांच की गई और वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिरासत का कारण अभी भी मौजूद है, इसलिए उन्हें स्वास्थ्य के आधार पर रिहा नहीं किया जा सकता।

दरअसल, वांगचुक की पत्नी गितांजलि अंगमो ने सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने कहा कि वांगचुक की एनएसए, 1980 के तहत हिरासत अवैध है।

## गुजरात में 33 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, राज्यभर में हड़कम्प

अहमदाबाद, 16 फरवरी। गुजरात के कुल 33 स्कूलों को 16 फरवरी सोमवार की सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया है। यह धमकी भरा मेल वडोदरा के 18 और अहमदाबाद के 15 स्कूलों को भेजा गया है।

इस ईमेल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं, जिसमें गुजरात खालिस्तान बनेगा और हिंदुस्तान के टुकड़े होंगे, जैसी धमकी दी गई हैं। यह धमकी मिलने के बाद सभी स्कूलों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और अभिभावकों में भी चिंता फैल गई। इस पर तुरंत ही पुलिस, फायर ब्रिगेड, बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीमों को मौके पर भेजा गया। एहतियात के तौर पर, स्कूलों को खाली कराकर छात्रों को सुरक्षित घर भेजने की व्यवस्था की गई।

# भारत की सावलकोट हाइड्रो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

क्षमता को मजबूत करेगा। इस परियोजना की प्रगति क्षेत्र में जलविद्युत निर्माण की तेजी से बढ़ती दर के बीच हो रही है, जो अनुमत जल संसाधनों का पूरी तरह से उपयोग करने की नीति में परिवर्तन को दर्शाता है।

तकनीकी दृष्टिकोण से, इस परियोजना को एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा निष्पादित किया जा रहा है और इसमें 5,129 करोड़ रूपए का अनुमानित निवेश है। यह उधमपुर और रामबन जिलों में स्थित है, जो चिनाब नदी पर स्थित बगलिहार परियोजना और सलाल संयंत्र के बीच रणनीतिक रूप से स्थित है।

इंजीनियरिंग योजनाओं के अनुसार, इसमें 192.5 मीटर ऊँचा रोलर कम्पैक्टेड कंक्रीट ग्रेविटी डेम बनाया जाएगा। निर्माण के दौरान नदी को तीन घोड़े की नाल के आकार की सुरंगों से मोड़ा जाएगा, जिनकी लंबाई अलग-अलग होगी। नदी के बाएं किनारे पर एक भूमिगत पावरहाउस में आठ जनरेटिंग यूनिट्स होंगी, प्रत्येक की क्षमता 225 मेगावाट, जो कुल मिलाकर 1,800 मेगावाट होगी। एक अतिरिक्त 56 मेगावाट पर्यावरणीय फ्लो स्टेशन होगा, जो नियमन के तहत जल प्रवाह का उपयोग करेगा, जिससे कुल स्थापित क्षमता 1,856 मेगावाट हो जाएगी।

- **भारत सरकार ने कहा कि सावलकोट परियोजना का निर्माण इंडस वॉटर ट्रीटी के प्रावधानों के तहत ही किया जा रहा है।**
- **सावलकोट परियोजना ''रन ऑफ द रिवर हाइड्रौलेक्टिक स्कीम'' के तहत बन रही है, इसके लिए सिंधु जल समझौते में अनुमति दी गई है।**

बाढ़ प्रबंधन पैरामीटर यह दर्शाते हैं कि निर्माण के दौरान जल परिवहन क्षमता गैर-मूसलधार अवधि में 2,977 घन मीटर प्रति सैकंड और मूसलधार अवधि में 9,292 घन मीटर प्रति सैकंड होगी। डिज़ाइन रन-ऑफ-द-रिवर सिद्धांतों के अनुसार है, यानी जल को संचयित करने की क्षमता सीमित है और बिजली उत्पादन के बाद जल को नदी में वापस भेज दिया जाएगा।

ऐतिहासिक रूप से, सावलकोट कोई नया विचार नहीं है। केन्द्रीय जल आयोग ने इस स्थल की पहचान 1960 के दशक में की थी, और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने 1962 से 1971 के बीच इसका भूविज्ञान मूल्यांकन किया था। नवीनतम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट फरवरी 2018 में प्रस्तुत की गई थी, जो यह स्पष्ट करती है कि यह पहल लंबे समय से योजना के तहत है। जो बदल चुका है, वह भू-राजनीतिक परिवेश है। वर्तमान द्विपक्षीय तनाव और निलंबित संधि ढांचे के बीच, तकनीकी रूप से उचित जलविद्युत परियोजनाएं भी सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो जाती हैं। भारत के लिए, सवालकोट विकासात्मक अधिकारों और ऊर्जा सुरक्षा उद्देश्यों की पुष्टि करता है। पाकिस्तान के लिए, यह डाउनस्ट्रीम जल निर्भरता में महसूस की गई संवेदनशीलता का प्रतीक है।

जैसे-जैसे निर्माण प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, यह परियोजना कूटनीतिक आदान-प्रदान में एक विवादास्पद मुद्दा बनी रहेगी। हालांकि, इसके कानूनी और तकनीकी पहलू यह संकेत करते हैं कि यह भारत की नदी बेसिन प्रबंधन के दृष्टिकोण में एक गहरा और महत्वपूर्ण शिफ्ट है।

# सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ में 7 अप्रैल से सबरीमाला विवाद की सुनवाई होगी

## यह विवाद मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़ा है

नई दिल्ली, 16 फरवरी। उच्चतम न्यायालय की 9 जजों की संविधान पीठ धार्मिक आस्था बनाम मौलिक अधिकार और सबरीमाला मंदिर में महिलाओं को प्रवेश देने के मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई करेगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले के सभी पक्षकारों को 14 मार्च तक लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने कहा कि 9 जजों की संविधान बेंच 22 अप्रैल तक सुनवाई पूरी कर लेगी। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई की टाइमलाइन तय करते हुए कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ता 7 से 9 अप्रैल तक अपनी दलीलें रखेंगे। 14 से 16 अप्रैल तक इस याचिका का विरोध करने वाले पक्ष अपनी दलीलें रखेंगे। उसके बाद 21 फरवरी को याचिकाकर्ताओं की ओर से दोबारा दलीलें रखी जाएंगी। उसके बाद 22 अप्रैल को इस मामले के एमिकस क्यूरी की ओर से दलीलें रखी जाएंगी।

- **पूर्व में 28 सितम्बर 2018 को सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बैंच ने 4:1 के बहुमत से महिलाओं के पक्ष में फैसला किया था, जिस पर पुनर्विचार याचिकाएं दायर की गई थीं।**

सुनवाई के दौरान, सोमवार को केन्द्र सरकार ने कहा कि वो सबरीमाला मंदिर मामले में पुनर्विचार याचिकाओं का समर्थन करेगी। 28 सितंबर, 2018 को उच्चतम न्यायालय ने 4-1 के बहुमत से फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि बायोलॉजिकल और फिजियोलॉजिकल वजहों से महिलाओं के धार्मिक विश्वास की स्वतंत्रता को खत्म नहीं किया जा सकता है। तत्कालीन चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा समेत चार जजों ने कहा था कि ये संविधान की धारा 25 के तहत मिले अधिकारों के विरुद्ध है। जस्टिस इंदु मल्होत्रा ने बाकी चार जजों के फैसले से अलग फैसला सुनाया था। उन्होंने कहा था कि धार्मिक आस्था के मामले में कोर्ट को दखल नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा था कि पूजा में कोर्ट का दखल ठीक नहीं है। मंदिर ही यह तय करे कि पूजा का तरीका क्या होगा। मंदिर के अधिकार का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा था कि धार्मिक प्रथाओं को समानता के अधिकार के आधार पर पूरी तरह से परखा नहीं जा सकता है। यह पूजा करनेवालों पर निर्भर करता है, न कि कोर्ट यह तय करे कि किसी के धर्म की प्रक्रिया क्या होगी। जस्टिस मल्होत्रा ने कहा था कि इस फैसले का असर दूसरे मंदिरों पर भी पड़ेगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908